**एजेंसी देना हैं**

**दैनिक जनसेवा समाचार**

की मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ में सभी जिलों एवं तहसील में एजेंसी देना हैं इच्छुक व्यक्ति शीघ्र संपर्क करे



# दैनिक जनसेवा समाचार

MPHIN/2013/53952

web:www.jansewasamachar.com



**आवश्यकता हैं**

**दैनिक जनसेवा समाचार**

को मेहनती और शिक्षित युवकों की जो आवश्यकता हैं जो विज्ञापन लाने का कार्य कर सके।



वर्ष-21 | अंक-36 | प्रात:कालीन हिन्दी दैनिक | भोपाल, बुधवार 11 फरवरी 2026 | पृष्ठ-8 | मूल्य-1 रुपये


## संक्षिप्त समाचार

### रूस बोला- भारत पर हमसे तेल नहीं खरीदने का दबाव




**अमेरिका एनर्जी सप्लाई पर कंट्रोल चाहता है**

**मॉस्को।** रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने अमेरिका पर आरोप लगाया है कि वह भारत जैसे देशों पर दबाव बना रहा है ताकि वे रूस से सस्ता तेल न खरीदें। लावरोव ने कहा कि अमेरिका चाहता है कि दुनिया की ऊर्जा सप्लाई उसके कंट्रोल में रहे और देश मजबूर होकर महंगी अमेरिकी गैस खरीदें। उन्होंने यह बातें 9 फरवरी को डिप्लोमैटिक वर्कर्स डे के मौके पर कहीं। लावरोव ने कहा कि अमेरिका ने डॉलर को हथियार की तरह इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है। रूस की विदेश में रखी संपत्तियों को फ्रीज कर दिया गया है और रूस के खिलाफ लगातार पाबंदियां लगाई जा रही हैं।उन्होंने कहा कि ट्रम्प सरकार यूक्रेन युद्ध खत्म करने की बात तो करती है, लेकिन जो प्रतिबंध पहले लगाए गए थे, वे अब भी जारी हैं। रूस के मुताबिक, यूक्रेन पर सहमति बनने के बाद भी अमेरिका नए प्रतिबंध लगाता रहा। रूसी विदेश मंत्री ने कहा कि अमेरिका भारत और दूसरे ब्रिक्स देशों पर दबाव डाल रहा है कि वे रूस से दूरी बनाएं। रूस की तेल कंपनियों लुकोइल और रोसनेफ्ट पर रोक लगाई गई है और रूस के व्यापार और निवेश को सीमित करने की कोशिश हो रही है। ये सब गलत और अनुचित तरीके हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया अब तेजी से बदल रही है। पहले अमेरिका पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था और पैसों के सिस्टम पर हावी था ।

### सीएम के विरोध पर नाबालिग को जेल..



**12वीं की परीक्षा छूटी**

**शहडोल।** मध्य प्रदेश के शहडोल जिले में प्रशासनिक लापरवाही का गंभीर मामला सामने आया है। यहां 17 साल 8 महीने 19 दिन उम्र के छात्र को वयस्क मानकर जेल भेज दिया गया। इसके कारण छात्र मंगलवार को 12वीं बोर्ड की अंग्रेजी विषय की परीक्षा नहीं दे सका। मामले की शुरुआत 8 फरवरी को हुई, जब मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव धनपुरी में वाटर पार्क के लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल होने शहडोल आए थे। दोपहर करीब 2 बजे मुख्यमंत्री का काफिला गोपालपुर तिराहे से लालपुर हवाई पट्टी की ओर जा रहा था। इसी दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने काले झंडे दिखाने की कोशिश की कांग्रेस के इस प्रदर्शन की पूर्व सूचना पुलिस के पास नहीं थी। पर्याप्त फोर्स नहीं होने से कुछ देर के लिए सीएम के काफिले के पास अफरा-तफरी की स्थिति बन गई। स्थिति बिगड़ती देख पीछे से आ रहे शहडोल कलेक्टर डॉ. केदार सिंह गाड़ी से उतर आए। कलेक्टर ने लाठी लेकर कांग्रेसियों को खदेड़ा। 40 कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया, 37 को जमानत दी मुख्यमंत्री के निकल जाने के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए करीब 40 कांग्रेस कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया।

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव:** की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक में लिए गए निर्णय

# जनजातीय कार्य और महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं को वर्ष 2030-31 तक की निरंतरता के लिए 7,133 करोड़ 17 लाख रूपये की स्वीकृति

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक मंगलवार को मंत्रालय में हुई। मंत्रि-परिषद द्वारा वर्ष 2026-27 से वर्ष 2030-31 तक जनजातीय कार्य और महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं की निरंतरता के लिए 7,133 करोड़ 17 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। स्वीकृति अनुसार जनजातीय कार्य विभाग की पीवीटीजी आहार अनुदान योजना के लिए 2,350 करोड़ रूपये, एकीकृत छात्रावास योजना के लिए 1,703 करोड़ 15 लाख रूपये, सीएम राइज विद्यालय योजना के लिए 1,416 करोड़ 91 लाख रूपये, आवास सहायता योजना के लिए 1,110 करोड़ रूपये के साथ ही माध्यमिक शिक्षा मण्डल को शुल्क की प्रतिपूर्ति, अनुसूचित जाति जनजाति के अभ?यार्थियों को छात्रवृत्ति, कक्षा-9वीं की छात्रवृत्ति के लिए 522 करोड़ 8 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की गयी है। इसके अतिरिक्त महिला एवं बाल विकास की मुख्यमंत्री कोविड-19 बाल सेवा योजना के लिए 31 करोड़ 3 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की गयी है।




### उपदान का संदाय नियम 2026 का अनुमोदन

मंत्रि-परिषद ने धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अन्तर्गत विद्युत अधोसंरचना विस्तार द्वारा 63 हजार 77 अविद्युतीकृत घरों एवं 650 अविद्युतीकृत शासकीय संस्थानों के विद्युतीकरण के लिए 366 करोड़ 72 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की है। इसमें केन्द्र शासन से अनुदान राशि 220 करोड़ 03 लाख रूपये तथा राज्य शासन का अंश 146 करोड़ 69 लाख रूपये का भार आयेगा। इसके अतिरिक्त (म.प्र. ऊर्जा विकास निगम द्वारा) 8 हजार 521 घरों को ऑफ-ग्रिड से विद्युतीकरण के लिए अनुमानित लागत 97 करोड़ रूपये की स्वीकृति प्रदान की गयी है। योजना में विद्युतीकरण से संबंधित वितरण प्रणाली निर्माण के लिए योजना लागत की शेष राशि (केन्द्र से प्राप्त अनुदान को छोड़कर) राज्य शासन द्वारा राज्य की वितरण कंपनियों को अंश-पूंजी के रूप में उपलब्ध कराई जायेगी। म.प्र. ऊर्जा विकास निगम द्वारा किए जाने वाले ऑफ ग्रिड विद्युतीकरण (सोलर + बैटरी) के लिए योजना के समस्त व्यय का वहन राज्य शासन द्वारा किया जायेगा। अनुमोदन अनुसार भारत सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार वितरण कंपनी स्तर पर निर्धारित सीलिंग कॉस्ट का पालन करते हुए, 2 लाख रुपये प्रति घर तक अनुमानित लागत वाली बसाहटों में राज्य की विद्युत वितरण कंपनियों द्वारा विद्युत अधोसंरचना निर्माण कर ऑन-लाइन प्रणाली से विद्युतीकरण किया जायेगा।

**परिवार पेंशन के लिये पात्र सदस्यों में अविवाहित, विधवा और तलाकशुदा पुत्री भी होंगी शामिल**

मंत्रि-परिषद ने मध्यप्रदेश सिविल सेवा (पेंशन) नियम 2026 तथा मध्यप्रदेश सिविल सेवा (पेंशन का सारांशीकरण) नियम 2026 का अनुमोदन किया गया है। अनुमोदन अनुसार नियम के प्रकाशन के लिए वित्त विभाग को अधिकृत किया गया है। प्रस्तावित नियमों में प्रक्रियाओं एवं अधिकारिताओं को सहज बनाया गया है, जिससे पेंशनर्स को सुविधा होगी। संबंधित प्रकरणों का निराकरण समयसीमा में हो सकेगा। सेवानिवृत्तों को सारांशीकरण कराया जाने में सुविधा होगी तथा पेंशन सारांशीकरण मूल्य की गणना में सुविधा होगी। मध्यप्रदेश सिविल सेवा (पेंशन) नियम, 2026 के नियम-44 के अंतर्गत परिवार पेंशन के लिए पात्र सदस्यों में अविवाहित, विधवा और तलाकशुदा पुत्री को भी सम्मिलित किया गया है।

इस साल विधानसभा चुनाव होने हैं

# असम में फाइनल वोटर लिस्ट पब्लिश, 2.43 लाख नाम हटे

**राज्य में अब 2.49 करोड़ वोटर्स**



**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग (ईसी) ने मंगलवार को असम में हुए स्पेशल रिवीजन (एसआईआर) 2026 के तहत फाइनल वोटर लिस्ट जारी कर दी। ईसी के मुताबिक, ड्राफ्ट वोटर लिस्ट की तुलना में 2.43 लाख से ज्यादा नाम हटाए गए हैं। अब राज्य में कुल 2,49,58,139 वोटर्स रजिस्टर्ड हैं। ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में मतदाताओं की संख्या 2,52,01,624 थी। स्पेशल रिवीजन प्रक्रिया के बाद लिस्ट में 2,43,485 नाम हटाए गए हैं। अब फाइनल लिस्ट में 1,24,82,213 पुरुष, 1,24,75,583 महिलाएं और 343 थर्ड-जेंडर शामिल हैं। स्पेशल रिवीजन की इंटीग्रेटेड ड्राफ्ट वोटर लिस्ट 27 दिसंबर 2025 को पब्लिश हुई थी। इस पर 27 दिसंबर 2025 से 22 जनवरी 2026 तक दावे और आपत्तियां करने का समय था। असम की 126 विधानसभा सीटों पर अगले तीन महीनों में चुनाव होने हैं। असमें 22 नवंबर से 20 दिसंबर 2025 तक पूरे राज्य में घर-घर (एच2एच) वेरिफिकेशन अभियान चलाया गया था।

**11 राज्यों की एसआईआर ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में 3.67 करोड़ नाम कटे**

इससे पहले 11 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन की प्रक्रिया के बाद वहां ड्राफ्ट इलेक्टोरल रोल जारी किए गए हैं। इन राज्यों-ञ्ज से अब तक करीब 3.67 करोड़ लोगों के नाम वोटर लिस्ट से कट चुके हैं। अब तक जिन राज्यों-यूटी की लिस्ट आई है, वे पश्चिम बंगाल, राजस्थान, तमिलनाडु, गुजरात, गोवा, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, केरल, पुडुचेरी, अंडमान-निकोबार द्वीप समूह और लक्षद्वीप हैं। श्वष्ट ने दोहराया है कि सभी नागरिकों को एसआईआर प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी करनी चाहिए, ताकि सटीक और अपडेटेड इलेक्टोरल रोल सुनिश्चित किए जा सकें, जो स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों की बुनियाद हैं।

### योगी बोले- बाबरी ढांचा कयामत के दिन तक नहीं बनेगा



**बाराबंकी।** कयामत की रात कभी नहीं आएगी, इसलिए बाबरी मस्जिद का पुनर्निर्माण कभी संभव नहीं है। जो लोग कयामत के दिन का सपना देख रहे हैं, वे ऐसे ही सड़-गल जाएंगे। ऐसे लोगों से कहना चाहेंगे कि कयामत के दिन के लिए मत जियो। हिंदुस्तान में कायदे से रहना सीखो, यह बात सीएम योगी ने मंगलवार को बाराबंकी में कही। उन्होंने कहा- ये डबल इंजन की सरकार है। हम लोगों ने कहा था ना, रामलला हम आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे। बन गया न मंदिर। कोई संदेह है। राम को भूल जाते हैं, इसलिए भगवान राम भी उनको भूल चुके हैं।

ओम बिरला का लोकसभा में ना जाने का फैसला

# लोकसभा स्पीकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस पेश हुआ



**नई दिल्ली. एजेंसी।** विपक्ष ने मंगलवार को लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस पेश कर दिया। इसमें 118 सांसदों के हस्ताक्षर हैं। न्यूज एजेंसी आईएएनएस ने सूत्रों के हवाले से दावा किया है कि ओम बिरला अब लोकसभा नहीं जाएंगे। अविश्वास प्रस्ताव के गिरने के बाद ही वह स्पीकर की चेयर संभालेंगे। एजेंसी के मुताबिक विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव पर सदन में 9 मार्च को चर्चा हो सकती है। 13 फरवरी को बजट सत्र के वर्तमान सेशन का आखिरी दिन है। इसके बाद 8 मार्च से सदन की कार्यवाही फिर से शुरू होगी। इससे पहले बजट सत्र के 10वें दिन संसद दो बार स्थगित हुई। दोपहर 2 बजे से संसद की कार्यवाही शुरू हो सकी। शशि थरूर ने बजट पर चर्चा की शुरुआत की।

**9 मार्च को प्रस्ताव पर चर्चा होगी**

राहुल का यह बयान पब्लिशिंग कंपनी पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया के उस क्लैरिफिकेशन के बाद आया, जिसमें कहा गया कि नरवणे की किताब अभी तक पब्लिश नहीं हुई है। पब्लिशिंग के सभी राइट्स हमारे पास हैं। पेंगुइन कंपनी ने कहा- अब तक किताब की न तो कोई छपी हुई और न ही डिजिटल कॉपी सामने आई है। हमारी तरफ से किताब का कोई भी हिस्सा कहीं भी सार्वजनिक नहीं किया गया है। कंपनी की सफाई इसलिए आई, क्योंकि बुक की अनअथॉराइज्ड कॉपियों के लीक और ऑनलाइन सर्कुलेशन का दावा है। इस मामले में दिल्ली पुलिस ने एफआईआर भी दर्ज की है। दरअसल, राहुल गांधी पूर्व आर्मी चीफ की किताब लेकर लोकसभा पहुंचे थे। पूरा विपक्ष इस बात पर अड़ा है कि उन्हें सदन में बोलने दिया जाए।

**जनता को मरने पर भी टैक्स देना पड़ रहा हैः संसद**

टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी ने कहा कि देश की जनता को हर चीज में टैक्स देना पड़ा रहा है, जन्म, पढ़ाई, लिखाई, खाने पीने, मरने तक पर टैक्स देना पड़ रहा है। मरने के बाद अगरबत्ती पर भी टैक्स देना पड़ रहा है। यही पूरे बजट का सार है। राज्यसभा में स्वास्थ्य राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि 3 फरवरी तक देश भर के आदिवासी बहुल इलाकों में 6.83 करोड़ से ज़्यादा लोगों की सिकल सेल एनीमिया के लिए स्क्रीनिंग की गई है। इनमें से लगभग 2.38 लाख लोग इस बीमारी से इन्फेक्टेड पाए गए।

**पेंगुइन का दावा- नरवणे की किताब पब्लिश नहीं हुई**

# इसका कोई हिस्सा सार्वजनिक नहीं किया




**नई दिल्ली।** पूर्व आर्मी चीफ जनरल एमएम नरवणे की अनपब्लिश्ड किताब 'फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी पर पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया ने कहा कि किताब अभी तक प्रकाशित नहीं हुई। इसका कोई हिस्सा सार्वजनिक नहीं किया गया। कंपनी ने कहा कि पब्लिशिंग के सभी राइट्स हमारे पास हैं। अब तक किताब की न तो कोई छपी हुई कॉपी आई है और न ही डिजिटल कॉपी सामने आई है। इसके जवाब में राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा- या तो नरवणे झूठ बोल रहे हैं, या पेंगुइन कंपनी। वहीं कंपनी के बयान को पूर्व आर्मी चीफ ने एक्स पर रीपोस्ट किया। उन्होंने लिखा- यह है बुक पर स्थिति। दरअसल, कंपनी की सफाई इसलिए आई क्योंकि किताब की अनअथॉराइज्ड कॉपियों के लीक और ऑनलाइन सर्कुलेशन का दावा सामने आया था। इस मामले में दिल्ली पुलिस ने एफआईआर भी दर्ज की है।

मणिपुर के उखरुल में पांच दिन के लिए इंटरनेट बंद

# पद्रवियों ने 25 घर और चार सरकारी क्वार्टर फूंके,जिले में कर्फ्यू लागू करा

**लितान थाने में जॉइंट कंट्रोल रूम बनाया गया**

**इंफाल।** मणिपुर में नई सरकार बनने के एक हफ्ते के भीतर ही हिंसा भड़क गई। उपद्रवियों ने उखरुल जिले के लितान सरेइखोंग गांव में 25 घर और चार सरकारी क्वार्टर में आग लगा दी। हिंसा के बाद पूरे जिले में कर्फ्यू लागू कर दिया गया। 10 फरवरी की सुबह 11:30 बजे से अगले पांच दिनों के लिए इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई हैं। तांगखुल और कुकी जनजातियों के बीच हिंसक झड़प के बाद इलाके में सिक्योरिटी फोर्स मौजूद हैं।



**कुकी-मैतेई समुदाय के बीच हिंसा**

**लितान में आगजनी के बाद कर्फ्यू**

उखरुल जिले के लितान इलाके के आसपास गांवों में उपद्रवियों ने कई घरों में आग लगा दी। पुलिस ने बताया कि हिंसा के दौरान राइफल से गोलियां भी चलाई गईं। इलाके में दहशत फैलने के बाद कर्फ्यू लागू किया गया। स्थिति फिलहाल तनावपूर्ण है, लेकिन भारी सुरक्षा तैनाती के चलते काफी हद तक कंट्रोल में है। तनाव बढ़ने की आशंका के बीच लोगों ने बिना किसी प्रशासनिक मदद के अपने स्तर पर ही घर छोड़ना शुरू कर दिया है। अधिकारियों ने बताया कि लितान थाना पुलिस ने लोगों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित की और कानून-व्यवस्था बनाए रखी है। हिंसा प्रभावित क्षेत्रों में बीएसएफ, सीआरपीएफ और असम राइफल्स के जवानों को तैनात किया गया है।

**भारतीय मूल शबाना महमूद ब्रिटेन की पहली मुस्लिम प्रधानमंत्री बन सकती हैं**

**लंदन।** अमेरिकी यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से जुड़े विवादों के कारण ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर की कुर्सी खतरे में है। अब उनकी अपनी लेबर पार्टी के एक धड़े ने ही इस्तीफे की मांग कर दी है। हालांकि स्टार्मर अभी पद छोड़ने से इनकार कर रहे हैं। इस बीच, नए प्रधानमंत्री पद की होड़ में गृह मंत्री शबाना महमूद के साथ ही स्वास्थ्य मंत्री वेस्ट स्ट्रीटिंग और पूर्व उपप्रधानमंत्री अंगेला रेनर का नाम सामने आ रहा है। कश्मीरी मूल की शबाना महमूद पीओके के मीरपुर से हैं। वह ब्रिटेन की गृह मंत्री बनने वाली पहली मुस्लिम महिला हैं।

**टी-20 वर्ल्डकप- मैनेजमेंट ने मंजूरी मांगी थी**

# भारतीय खिलाड़ी परिवार के साथ नहीं रहेंगे




**नई दिल्ली।** टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के दौरान भारतीय क्रिकेटर अपने परिवार के साथ नहीं रह सकेंगे। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने टीम मैनेजमेंट की उस मांग को खारिज कर दिया है, जिसमें खिलाड़ियों की पत्नियों और मंगेतरों को टीम होटल में साथ ठहराने की अनुमति मांगी गई थी। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, बीसीसीआई ने स्पष्ट किया है कि टूर्नामेंट के दौरान खिलाड़ियों के परिवार को टीम के साथ ठहरने की इजाजत नहीं है। हालांकि, यदि कोई खिलाड़ी चाहे तो अपने परिवार के लिए होटल में अलग ठहरने की व्यवस्था खुद कर सकता है। इसकी पूरी जिम्मेदारी उसे उठानी होगी। इसके लिए बीसीसीआई की ओर से कोई इंतजाम नहीं किया जाएगा। भारत टी-20 वर्ल्ड कप का सह-मेजबान है। बीसीसीआई का मानना है कि टीम को केवल पाकिस्तान से मुकाबले के लिए श्रीलंका जाना है। ऐसे में खिलाड़यों को परिवार के साथ रहने की जरूरत नहीं है।

**बीसीसीआई बोला- खुद के खर्च पर अलग रह सकते हैं**

बीसीसीआई ने सभी खिलाड़ियों को जारी दिशानिर्देशों का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए हैं। नियमों का उल्लंघन करने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की बात कही गई है। यदि कोई खिलाड़ी किसी कारणवश इन निर्देशों का पालन नहीं कर पाता है, तो उसे चयनसमिति के अध्यक्ष और मुख्य कोच से पूर्व अनुमति लेनी होगी। यदि कोई खिलाड़ी नियम तोड़ता है, तो बोर्ड उसे टूर्नामेंट, सीरीज और यहां तक कि आईपीएल में खेलने से भी रोक सकता है। इसके अलावा खिलाड़ियों की सैलरी और कॉन्ट्रैक्ट खत्म करने जैसी सख्त कार्रवाई भी की जा सकती है।

**भारत-पाक मैच, दिल्ली-मुंबई से कोलंबो फ्लाइट 5 गुना महंगी हुई**

भारत और पाकिस्तान के बीच टी-20 क्रिकेट वर्ल्ड कप 2026 का मैच 15 फरवरी को श्रीलंका के कोलंबो में शाम 7 बजे से खेला जाएगा। अगर आप इस मैच को देखने के लिए 14 और 15 फरवरी को फ्लाइट से कोलंबो जाना चाहते हैं, तो आपको 5 गुना तक किराया चुकाना पड़ेगा। मेकमायट्रिप की वेबसाइट पर मंगलवार (10 फरवरी) को 14 और 15 फरवरी को दिल्ली-मुंबई से कोलंबो फ्लाइट का किराया एक पैसेंजर के लिए रू1.45 लाख तक दिखा रहा है।

पूर्व मंत्री नरोत्तम मिश्रा कार्यक्रम के आयोजक

# डबरा में कलश बांटते वक्त भगदड



**महिला की मौत, बच्ची समेत 8 घायल**

**डबरा।** मध्य प्रदेश के ग्वालियर जिले के डबरा में नवग्रह मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम में कलश यात्रा शुरू होने से पहले भगदड़ मच गई। इसमें 70 वर्षीय महिला रति साहू की मौत हो गई। बच्ची समेत 8 लोग घायल हो गए हैं। इनमें से एक की हालत गंभीर है। ग्वालियर रेफर किया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक भगदड़ तब मची जब कलश यात्रा से पहले कलश बांटे जा रहे थे। इसी दौरान पुलिसकर्मियों ने अचानक स्टेडियम का गेट खोल दिया, जिससे भीड़ बेकाबू हो गई। महिलाएं एक दूसरे पर गिर गईं। वहीं मृतक महिला की बहू ने बताया कि पुलिसकर्मियों की लापरवाही से हादसा हुआ। भीड़ को कंट्रोल नहीं किया गया। इसी वजह से सास रति साहू को भीड़ कुचलते निकल गई। घायल सास को अस्पताल लेकर गए, तो डॉक्टर्स ने लापरवाही बरती। यहां ऑक्सीजन के लिए मेरी सास 30 मिनट तक तड़पती रही। नवग्रह शक्तिपीठ प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के तहत दोपहर 1 बजे कलश यात्रा प्रस्तावित थी। इसके लिए महिलाओं को सुबह 11 बजे स्टेडियम पहुंचने को कहा गया था, लेकिन सुबह 9 बजे से ही महिलाएं बड़ी संख्या में ग्राउंड पर जुटने लगी थीं। चप्पलों और टूटी चूड़ियों में दिखा हादसे का मंजर।

# बार्डर पर जुए के फड़ से तीन जिलों के 11 जुआरी पकड़े गए, नकदी सिर्फ 27 हजार जब्त, लग्जरी गाड़ियों से पहुंचे थे खेलने

## पन्ना-सतना सीमा के जंगल क्षेत्र में हुई कार्रवाई, पुलिस के दावे को लेकर उठे सवाल

**पन्ना।** पन्ना-सतना बॉर्डर क्षेत्र में जुए के फड़ पर की गई पुलिस कार्रवाई को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। सोशल मीडिया पर पुलिस द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में जानकारी दी गई है कि देवेन्द्रनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत जंगल इलाके में दबिश देकर पुलिस ने 11 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दावा किया है कि यह कार्रवाई 9 और 10 फरवरी की दरम्यानी रात को की गई, जब कुछ लोग सीमा क्षेत्र में जुए का फड़ संचालित कर रहे थे।

पुलिस के अनुसार सूचना मिलने पर देवेन्द्रनगर थाना पुलिस ने पन्ना-सतना सीमा के पास ग्राम गिरवारा के जंगल क्षेत्र में दबिश दी, जहां रात्रि के अंधेरे में प्रकाश की व्यवस्था कर ताश के पत्तों से जुआ खेला जा रहा था। मौके से सभी आरोपियों को घेराबंदी कर पकड़ने का दावा किया गया है। पुलिस का यह भी कहना है कि यह फड़ लंबे समय से पन्ना, सतना और दमोह जिलों की सीमा से सटे इलाकों में स्थान बदल-बदलकर संचालित किया जा रहा था।

**जुआ खेलते इनको किया गिरफ्तार**

पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपियों में देवेंद्रनगर




थाना क्षेत्र के ग्राम गिरवारा निवासी 26 वर्षीय नरेन्द्र वर्मा और 27 वर्षीय भंडारी कुशवाहा शामिल हैं। सतना जिले के जसो थाना अंतर्गत खगई निवासी 63 वर्षीय बलवान सिंह बुंदेला, कोलगवां थाना क्षेत्र के आदर्श नगर घुरडांग निवासी 19 वर्षीय पुष्पेन्द्र कुशवाहा, 27 वर्षीय ज्ञानेंद्र सिंह दीक्षित तथा 25 वर्षीय दीपेन्द्र द्विवेदी को भी मौके से पकड़े जाने का दावा किया गया है।

इसके अलावा पन्ना शहर के बेनीसागर मोहल्ला निवासी 40 वर्षीय राजू कुशवाहा और 56 वर्षीय रामकिशोर मिश्रा, सिमरिया थाना क्षेत्र के महोड़ निवासी 44 वर्षीय राकेश सिंह बैस तथा करिया निवासी 38 वर्षीय राजवेन्द्र लोध के साथ-साथ दमोह जिले के गैसाबाद थाना अंतर्गत ग्राम कचनारी निवासी 29 वर्षीय सतेन्द्र राजपूत के नाम भी पुलिस द्वारा जारी सूची में शामिल बताए गए हैं।

**नकदी कम मिलने से कार्रवाई को लेकर संदेह**

पुलिस ने अपने दावे में बताया है कि आरोपियों के पास से कुल 27 हजार रुपये नकद, एक बलेनो कार, एक बोलेरो कार, 12 मोबाइल फोन और जुआ खेलने में प्रयुक्त ताश के पत्तों की गड्डी जब्त की गई है। हालांकि कार्रवाई के बाद यह सवाल भी उठने लगे हैं कि जब आरोपी लग्जरी वाहनों से जुआ खेलने पहुंचे थे, तो मौके से इतनी कम नकदी की बरामदगी कैसे हुई। इधर क्षेत्र में यह जानचर्चा भी है कि जुए के फड़ पर मौजूद नकदी की मात्रा पुलिस द्वारा बताई गई राशि से कहीं अधिक थी। कहा जा रहा है कि फड़ पर मौजूद रकम जब्त बताई गई नकदी से लगभग तीन गुना तक हो सकती थी। शेष राशि कहां गई और उसे जब्त क्यों नहीं किया गया, इसे लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। इन्हीं चर्चाओं के चलते पुलिस की कार्रवाई पर सवाल और संदेह भी व्यक्त किए जा रहे हैं।

फिलहाल पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध देवेन्द्रनगर थाना में जुआ एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत वैधानिक कार्रवाई किए जाने का दावा किया है।

# पन्ना जिले में फाइलेरिया उन्मूलन हेतु सामूहिक दवा सेवन अभियान का शुभारंभ

## शासकीय महाविद्यालय अजयगढ़ से शुरू हुआ एमडीए कार्यक्रम

**पन्ना।** फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी के उन्मूलन के उद्देश्य से पन्ना जिले में सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम (एमडीए) का शुभारंभ किया गया। सोशल मीडिया पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में दी गई जानकारी के अनुसार इस अभियान की शुरुआत शासकीय महाविद्यालय अजयगढ़ में आयोजित कार्यक्रम के दौरान की गई, जिसमें जनप्रतिनिधियों, स्वास्थ्य अधिकारियों एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम में राज्य कार्यक्रम अधिकारी वीबीडीसीपी भोपाल डॉ. हिमांशु जायसवाल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी पन्ना डॉ. आर.पी. तिवारी, जिला मलेरिया अधिकारी अरुणेन्द्र प्रताप सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष अजयगढ़ श्रीमती सीता सरोज गुप्ता, पूर्व मंडल अध्यक्ष शैलेन्द्र श्रीवास्तव, आरआरएस कार्यकर्ता बीरेंद्र जैन, वार्ड क्रमांक चार के पार्षद नारायणदास रजक सहित स्वास्थ्य विभाग का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

**राज्य कार्यक्रम अधिकारी ने बताए अभियान के उद्देश्य**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्य कार्यक्रम अधिकारी डॉ. हिमांशु जायसवाल ने बताया कि प्रदेश के आठ जिलों के बारह विकासखंडों में फाइलेरिया उन्मूलन के लिए सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पन्ना जिले के अजयगढ़ एवं पवई विकासखंड इस अभियान में शामिल हैं। डॉ. जायसवाल ने जानकारी दी कि फाइलेरिया रोग के लक्षण प्रकट होने में आठ से दस वर्ष तक का समय लग सकता है, लेकिन इस अवधि में संक्रमित व्यक्ति के शरीर में रोग के कीटाणु मौजूद रहते हैं और संक्रमण फैलने की आशंका बनी रहती है। इसी कारण स्वस्थ दिखाई देने वाले व्यक्तियों के लिए भी दवा का सेवन आवश्यक है।

उन्होंने बताया कि फाइलेरिया रोग से हाथीपांव और हाइड्रोसील जैसी गंभीर समस्याएं उत्पन्न होती हैं, जिनसे



बचाव का सबसे प्रभावी उपाय सामूहिक दवा सेवन है।

**नगर पालिका अध्यक्ष ने स्वयं दवा सेवन कर किया शुभारंभ**

कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष अजयगढ़ श्रीमती सीता सरोज गुप्ता ने स्वयं फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन कर एमडीए कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे किसी भी प्रकार की भ्रांति में न पड़ें और फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन अवश्य करें, ताकि इस बीमारी को जड़ से समाप्त किया जा सके।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी पन्ना डॉ. आर.पी. तिवारी ने अपने संबोधन में बताया कि फाइलेरिया रोग एक बार हो जाने पर इसका कोई स्थायी इलाज नहीं है, इसलिए इससे बचाव ही सबसे महत्वपूर्ण उपाय है। उन्होंने कहा कि एमडीए कार्यक्रम के अंतर्गत वर्ष में एक बार सभी पात्र व्यक्तियों को फाइलेरिया रोधी दवा खिलाई जाती है और यह दवा सुरक्षित है।

**महाविद्यालय के छात्रों से सहभागिता की अपील**

शासकीय महाविद्यालय अजयगढ़ के प्राचार्य प्रो. अरविंद कुंजुर ने छात्र-छात्राओं से अपील की कि वे स्वयं दवा का सेवन करें और अपने परिवार व समाज के अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें, ताकि अभियान को सफल बनाया जा सके।

**चार लाख से अधिक लक्षित आबादी को दवा सेवन का लक्ष्य**

जिला मलेरिया अधिकारी अरुणेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि अजयगढ़ एवं पवई विकासखंडों में कुल चार लाख बत्तीस हजार सात सौ सत्तहत्तर लक्षित आबादी को फाइलेरिया रोधी दवा खिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसमें दो वर्ष से कम आयु के बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को छोड़कर शेष सभी पात्र व्यक्ति शामिल हैं।

उन्होंने जानकारी दी कि 10 से 13 फरवरी 2026 तक स्कूलों, कॉलेजों और आंगनबाड़ी केंद्रों में बूथ लगाकर दवा का सेवन कराया जाएगा। इसके पश्चात 14 से 20 फरवरी 2026 तक स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर-घर जाकर नि:शुल्क फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन कराएंगे। अभियान के दौरान छूटे हुए व्यक्तियों के लिए 21 से 25 फरवरी 2026 तक मॉप-अप राउंड चलाया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग ने आमजन से अपील की है कि वे स्वास्थ्य कर्मियों का सहयोग करें, दवा का सेवन अवश्य करें और पन्ना जिले को फाइलेरिया मुक्त बनाने में सहभागी बनें।

# आपराधिक तत्व , जुआ सट्टा, शराब के बढ़ते कदम

## पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी संत नगर की सडको पर निकले।



**भोपला।** संत हिरदाराम नगर में लगातार अपराधिक कार्यों में बढ़ोतरी आई है जहां एक और शराब और सट्टे का कारोबार फलफूल रहा है वहीं अपराधी तत्व भी बढ रहे है संत नगर की झुग्गी बस्ती में ऐसे असामाजि तत्व लगातार बढ़ रहे हैं जो आने वाले समय में काफी घातक हो सकते हैं । इसी के साथ संत नगर में अंधेरे वाली जगह पर शराबी अपना अड्डा जमाए हुए हैं जगह-जगह शराबी पीने लगते हैं कुछ दिन पहले ही एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें दिखाया गया कि किस तरह से सैकड़ो की तादाद में रोजाना हाई स्कूल ग्राउंड पर शराब की बोतले रहती हैं जहां खुले में शराब पी जाती है । इसी के साथ ही सट्टे का कारोबार भी पहले से ही संत नगर में रहा है जो फल फूल रहा है । इन्हीं सबके चलते पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी संत नगर की सडको पर निकले ओर निरीक्षण किया, वरिष्ठ अधिकारियो के साथ बैरागढ पुलिस व ट्रैफिक पुलिस भी मौजूद रहे । अंदरूनी मार्गो पर फैली अव्यवस्थाओ व ट्रैफिक सही रहे अपराध ना हो इसके लिए एसपी,डीएसपी,एडिशनल एसपी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे । अरे वीडियो का कहना है कि जितना मुस्तैद पुलिस चालान की कार्रवाई करने में लगी रहती है उतना मस्टर्ड अगर अपराध रोकने में लगे ।

# कलेक्टर ने योजनाओं पर की समीक्षा

**मण्डला ( नि.प्र. )**

कलेक्टर की अध्यक्षता में योजना भवन में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने प्रदेश सरकार की प्राथमिकता वाले संकल्प से समाधान अभियान सहित सीएम हेल्पलाइन और विभिन्न विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि नगरीय निकायों और जनपदों में आयोजित शिविरों के माध्यम से पात्र हितग्राहियों को चिन्हित कर उन्हें शासन की योजनाओं का लाभ दिलाएं। आवेदनों के निराकरण की स्थिति प्रतिदिन ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज की जाए। यदि किसी आवेदन का निराकरण संभव न हो तो उसका स्पष्ट कारण पोर्टल पर उल्लेखित करें। सीएम हेल्पलाइन



की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि जनपद और ग्राम पंचायतवार लक्ष्य निर्धारित कर संतुष्टिपूर्ण निराकरण सुनिश्चित करें। आगामी एक सप्ताह के भीतर लंबित प्रकरणों का शत-प्रतिशत समाधान करने के निर्देश दिए गए कलेक्टर ने श्रम विभाग को निर्देशित किया कि जिले से होने वाले पलायन पर नजर रखें और विशेष अभियान चलाकर मजदूरों का संबल योजना के अंतर्गत शत-प्रतिशत पंजीयन सुनिश्चित करें पीएम आवास योजना की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि अगले 3 सप्ताह के भीतर जिले के सभी स्वीकृत और अधूरे आवासों को पूर्ण कराया जाए कलेक्टर ने नगरीय प्रशासन को शहर के अग्निशमन वाहनों की तत्काल मरम्मत कराने तथा जिला आपूर्ति अधिकारी को जिले के पटाखा गोदामों की सघन जांच करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि लंबित प्रकरणों और समय सीमा के पत्रों का जवाब 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करना अनिवार्य है। बैठक में सीएम मॉनिट, आयुष्मान भारत स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत आवंटित भूमि के प्रकरण, मध्यान्हभोजन एवं सांझा चूल्हा का संचालन, वनग्राम पोर्टल एवं वनग्राम को राजस्व ग्राम में परिवर्तन, अवमानना के प्रकरण, अंतर्विभागीय बिन्दु, मनरेगा लेबर बजट एवं कार्यपूर्णता, ड्रॉप मोर क्रोप योजना, प्रगति खेती के अंतर्गत बीआरसी की स्थापना सहित अन्य बिन्दुओं की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

# शकुन को कुष्ठ रोग से मिली मुक्ति

**मण्डला ( नि.प्र. )**



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डीजे मोहंती ने बताया कि कार्यालय जिला कुष्ठ अधिकारी से श्रीमती शकुन कतिया पति स्व. माहेनलाल कतिया उम्र 40 वर्ष निवासी स्वामी सीताराम वार्ड 22 नवंबर 2016 में पंजीकृत की गई थी और एक साल एमडीटी बहु औषधी उपचार लेने पश्चात् कुष्ठ रोग से मुक्त हो गई और पूर्णत: स्वस्थ होकर सामान्य जीवन यापन कर रही है जब मरीज पंजीकृत की गई थी उस समय उसका जीवन का सहारा देहाड़ी मजदूरी थी पति का स्वर्गवास हो जाने के कारण घर में कमाने वाला कोई न था वह अपने जीवन में खुश थी परन्तु अचानक शरीर में परीवर्तन आना प्रारम्भ हुआ और बीमारी के कारण काम में जाना बन्द हो गया दिनचर्या असहनीय हो गई बड़े-बड़े दाग पूरे शरीर में उभर आये जिनमें सुन्नपन था ठण्डा-गर्म का अहसास नहीं होता था अचानक हमारे कार्यकर्ता ने इन्हें पहचाना और एमडीटी की 12 माह तक नियमित पूरी खुराक खिलाई जल तेल उपचार और व्यायाम नियमित करवाये गये मरीज का सहयोग आशानुकूल सराहनीय था परिणाम आज शकुन बाई पूर्णत: स्वस्थ हैं और पहले की भांति काम कर अपना सामान्य जीवन जी रही है जिला चिकित्सालय में भी कार्यालय जिला कुष्ठ अधिकारी में उपस्थित होकर शंका का समाधान करवाया जा सकता है इसका इलाज व जॉच सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में मुफ्त होता है।

## वन अधिकार समिति की बैठक

**मण्डला ( नि.प्र. )** कलेक्ट्रेट के गोलमेज कक्ष में वनाधिकार समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि वनाधिकार से जुड़े प्रकरणों का समय पर परीक्षण करते हुए नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि नैनपुर के अतिरिक्त अन्य संबंधित खण्ड स्तरीय समितियां प्रकरणों को समय पर जिला टीम को उपलब्ध कराएं। नैनपुर से प्राप्त 12 प्रकरणों की प्रकरणवार जानकारी लेते हुए उन्होंने कहा कि समिति द्वारा मान्य किए गए प्रकरणों में उपवन मंडलाधिकारी की टीम सहित प्रकरणों को जिला स्तरीय समिति के समक्ष प्रस्तुत करें।

## सेवानिवृत्त प्राचार्य प्रेम नारायण बारेश्वा ने कांग्रेस की सदस्यता ली

**नैनपुर।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय नेता एंव मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं पूर्व सांसद नकुलनाथ के निज निवास छिंदवाड़ा में ई. एफ. ए. स्कूल सिवनी से सेवानिवृत हुए प्राचार्य प्रेम नारायण बारेश्वा ने कांग्रेस की सदस्यता लिया । इस अवसर पर पूर्व ब्लाक अध्यक्ष सरजू प्रसाद तिवारी, पूर्व जिला संगठन सचिव प्रमोद झरिया, पूर्व जिला संगठन मंत्री एंव पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष धर्मेश तिवारी, जनपद सदस्य बीरबल सिंह परते सहित अन्य की उपस्थिति रही। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा निरन्तर सक्रियता के साथ संगठन एवं जनता के बीच कार्य करें, कांग्रेस के लक्ष्यों के लिए भरसक प्रयत्न करें। जनता को कांग्रेस की नीतियों और कार्यों को जानकारी दे, युवाओं को जागृत करें और उन्हें जोड़ें। इसी दौरान युवा नेता, पूर्व सांसद नकुल नाथ ने भी कहा कि कांग्रेस पार्टी में शामिल होने एवं कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने पर कांग्रेस पार्टी में आपका स्वागत है हम आपको मिलकर कांग्रेस पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को जन जन तक पहुंचाना होगा।



# परिसीमन में नैनपुर विधानसभा का पुनर्जागरण जरूरी

## सर्वांगीण विकास परिषद नैनपुर की अहम बैठक, सर्वदलीय शंखनाद का निर्णय

**मण्डला ( नि.प्र. )**

वर्तमान सत्र में प्रस्तावित विधानसभा एवं लोकसभा परिसीमन को लेकर पूरे प्रदेश में राजनीतिक हलचल तेज है। सूत्रों के अनुसार मंडला जिले में दो नई विधानसभा सीटें बढ़ने की प्रबल संभावना है। इसी महत्वपूर्ण विषय को लेकर नैनपुर जिला बनाओ संघर्ष समिति एवं नैनपुर सर्वांगीण विकास परिषद की एक अहम बैठक आयोजित की गई । जिसमें नैनपुर को पुन: विधानसभा दर्जा दिलाने की ठोस रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि परिसीमन आयोग के समक्ष नैनपुर विधानसभा के पुनर्गठन हेतु ठोस तथ्य, ऐतिहासिक संदर्भ और जनभावनाओं को मजबूती से रखा जाएगा। इसके साथ ही शीघ्र नैनपुर नगर में सर्वदलीय एवं सर्वसामाजिक बैठक आयोजित कर नैनपुर विधानसभा पुनर्जीवन का शंखनाद किया जाएगा। गौरतलब है कि पिछले परिसीमन में नैनपुर विधानसभा को समाप्त कर दिया गया था । जिसमें लगभग 80 प्रतिशत क्षेत्र को मंडला विधानसभा में सम्मिलित कर दिया गया। नैनपुर विधानसभा के अंतिम विधायक देवसिंह सैयाम (भाजपा) रहे। जबकि मंडला विधानसभा के पहले विधायक भी वही बने। उस समय जबलपुर के तरंग भवन में परिसीमन प्रक्रिया के दौरान नैनपुर विधानसभा को बचाने के लिए किसी भी राजनीतिक दल द्वारा कोई ठोस प्रयास नहीं किया गया । जिसका खामियाजा आज नैनपुर क्षेत्र अपने अवरोधित विकास के रूप में भुगत रहा है। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि नैनपुर विधानसभा के विलुप्त होने से क्षेत्र का संतुलित विकास बाधित हुआ । प्रशासनिक उपेक्षा बढ़ी और जनता की आवाज कमजोर पड़ती गई। ऐसे में अब जब पुन: परिसीमन होने जा रहा है, तो जनता की मांग के आधार पर नैनपुर विधानसभा का पुनर्जीवन बेहद जरूरी है। जिससे क्षेत्र का समग्र और तेज़ विकास सुनिश्चित हो सके। 14 फरवरी को नैनपुर सर्वांगीण विकास परिषद द्वारा सर्वदलीय बैठक की तिथि घोषित कर दी गई है। इस ऐतिहासिक बैठक में समस्त राजनीतिक दलों, सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों को आमंत्रित किया गया है। ताकि एकजुट होकर नैनपुर के हक़ की आवाज बुलंद की जा सके। माना जा रहा है कि नैनपुर की पहचान, विकास और भविष्य के लिए यह लड़ाई निर्णायक मोड़ पर है।

# साहित्यकार वल्लभ यमुनेश्वरी सम्मानित




**मण्डला ( नि.प्र. )**

संस्कृति एवं साहित्य शोध समिति, बालाघाट, मध्यप्रदेश का चतुर्थ वार्षिक साहित्यकार अधिवेशन, स्पंदन का आयोजन 8 फरवरी 2026 को सांदीपनि विद्यालय बालाघाट के सभाकक्ष में आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में नैनपुर नगर के साहित्यकार वल्लभ यमुनेश्वरी को हिन्दी साहित्यरत्न मानद उपाधि अलंकरण से सम्मानित किया गया। विदित हो नैनपुर नगर के साहित्यकार दंपति वल्लभ यमुनेश्वरी एवं श्रीमती सुनीता मेश्राम च्वांगेश्वरीज्अनेक वर्षो से अनवरत साहित्य सृजन कर रहे हैं। नैनपुर नगर के साहित्यकारों ने इनके सम्मान पर हर्ष व्यक्त किया है।

## एक लाख रूपए का अवैध शराब जप्त

**मण्डला ( नि.प्र. )**

कलेक्टर के निर्देशन में एवं जिला आबकारी अधिकारी रामजी पांडेय के मार्गदर्शन में शहर के समीप स्थित ग्राम खड़देवरी के किनारे नर्मदा नदी के कछार क्षेत्र में दबिश की कार्रवाई की गई जिसमें मदिरा का निर्माण अवैध रुप से करने वाले अड्डों पर लगभग 95 डब्बे महुआ लाहन के मिले। नदी के पास रेत में डिब्बे दबाकर रखे हुए पाए गए थे। प्रत्येक डिब्बा में लगभग 10 किलो महुआ लाहन भरा था इस प्रकार कुल 950 किलो महुआ लाहन बरामद किया गया आबकारी बल द्वारा महुआ लाहन के डब्बों को घटनास्थल पर नष्ट किया गया अड्डों से लगभग 75 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब जप्त की गई दबिश की कार्यवाही के दौरान आबकारी विभाग की टीम को देख आरोपी भाग गए मदिरा का निर्माण करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया जप्त मदिरा एवं नष्ट महुआ लाहन की अनुमानित कीमत 1 लाख 6 हजार 250 रूपए है।

## पुलिस ने लगाई चौपाल

**मण्डला ( नि.प्र. )**

पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार एवं पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के मार्गदर्शन में जिले के विभिन्न थाना एवं चौकी क्षेत्रों में माइक्रो बीट पुलिस चौपाल आयोजित कर ग्रामीण नागरिकों को हेलमेट की अनिवार्यता, यातायात नियमों के पालन नशा मुक्ति साइबर अपराध से बचाव तथा महिलाओं एवं बच्चों के विरुद्ध होने वाले अपराधों की रोकथाम के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया अभियान के अंतर्गत थाना निवास बबलिया, थाना कोतवाली आमानाला, थाना घुघरी डोंगरमंडला, थाना बीजाडांडी भौंडी, थाना मवई करेली एवं चौकी अंजनिया, चौकी पिंडरई बीजेगांव, चौकी टाटरी भरवेली, चौकी चाबी झंडाटोला क्षेत्रों में पुलिस अधिकारियों द्वारा चौपाल लगाकर ग्रामीणों को जानकारी दी गई।

## हम फाउंडेशन की बैठक संपन्न

**मण्डला ( नि.प्र. )**

विगत दिवस के कारीकौन तिराहा महाराजपुर में विवेकानंद शाखा हम फाउंडेशन की मासिक बैठक का आयोजन अपरान्ह 3 बजे से पुहुपसिंह भारत अध्यक्ष विवेकानंद शाखा की अध्यक्षता में तथा एचपी झरिया जिलाध्यक्ष हम फाउंडेशन तथा बीके राय प्रदेश संरक्षक हम फाउंडेशन के विशिष्ट अतिथि में संपन्न हुई। बैठक में पारित प्रस्ताव में 28 जनवरी को ग्राम मलारा में आयोजित नि:शुल्क चिकित्सा शिविर के आयोजन पर उपस्थित सभी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया गया। कोषाध्यक्ष एसके पटेल ने आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया विवेकानंद शाखा के एक प्रस्ताव के अनुसार प्रतिमाह अंशदान दिए जाने का प्रस्ताव आया जिसे सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

## छिवलाटोला में बुजुर्ग ने लगाई फांसी

**मण्डला ( नि.प्र. )**

जिले के घुघरी थाना अंतर्गत एक 60 वर्षीय बुजुर्ग ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली पूरा मामला घुघरी थाना क्षेत्र के ग्राम छिवलाटोला का बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार बुजुर्ग ने अपने ही घर के आंगन में स्थित आम के पेड़ पर फांसी लगाकर जान दे दी। परिजनों ने जब बुजुर्ग को आंगन में फंदे पर लटका देखा तो गांव में हड़कंप मच गया। तत्काल इसकी सूचना घुघरी थाना पुलिस को दी गई बताया जा रहा है कि मृतक बुजुर्ग लंबे समय से पेट दर्द की गंभीर बीमारी से परेशान था। बीमारी के चलते वह मानसिक रूप से भी काफी तनाव में बताया जा रहा है। हालांकि आत्महत्या के पीछे के वास्तविक कारणों की पुष्टि पुलिस जांच के बाद ही हो सकेगी सूचना मिलते ही घुघरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची।

# शिवरात्रि पर निकलेगी भोले की बारात, अचलेश्वर पर तीन दिन होगा तुला दान

**नगर संवाददाता, शिवपुरी**

महाशिवरात्रि सर्वार्थ सिद्धि, अमृत योग एवं श्रवण नक्षत्र के संयोग में 15 फरवरी रविवार को मनाई जाएगी। इस दिन गुप्तेश्वर महादेव मंदिर से भगवान भोलेनाथ की बारात निकाली जाएगी। वहीं श्री अचलेश्वर महादेव मंदिर पर तीन दिन तक तुलादान किया जाएगा। मंदिर भी तीन दिन तक लगातार भक्तों के लिए खुले रहेंगे।

गुप्तेश्वर महादेव मंदिर के पुजारी अशोक विस्थरिया ने बताया कि इस दिन सुबह 11 बजे मंदिर से भगवान भोलेनाथ की बारात निकाली जाएगी, जो विभिन्न मार्गों से होती हुई श्री अचलेश्वर महादेव मंदिर पहुंचेगी। भगवान शिव के रथ को भक्तों द्वारा खींचा जाएगा। शाम 5 बजे के उपरांत बारात लौटकर गुप्तेश्वर मंदिर पर आएगी। भगवान की बारात में भूत-प्रेत और झांकियां मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहेंगी। उन्होंने बताया कि मंदिर तीन दिन तक भक्तों के लिए खुला रहेगा।

**गेहूं, चावल और शक्कर का होगा दान:** श्री अचलेश्वर महादेव सार्वजनिक न्यास के व्यवस्थापक राजेश पाराशर ने बताया कि महाशिवरात्रि के अवसर पर मंदिर में 14 से 16 फरवरी तक गेहूं, चावल, शक्कर, सभी तरह की दालें, घी, तेल, सब्जियां एवं अन्य सामानों का तुला दान कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह तुलादान उदयपुर और राजस्थान की तर्ज पर किया जा रहा है।

### चार प्रहर पूजा का समय

ज्योतिषाचार्य हुकुमचंद जैन ने बताया कि शिवरात्रि पर चार प्रहर की पूजा की जाएगी। प्रथम प्रहर पूजा 15 फरवरी शाम 06:11 से रात्रि 09:23 बजे तक होगी। द्वितीय प्रहर पूजन का समय रात्रि 09:23 से रात्रि 12:35 बजे तक रहेगा। तृतीय प्रहर पूजन रात्रि 12:35 से 03:47 बजे तक रहेगा। चतुर्थ प्रहर पूजन का समय रात्रि 03:47 से सुबह 06:59 बजे तक रहेगा। निशिता काल का पूजन रात्रि 12:09 बजे से 01:01 बजे तक कुल 51 मिनट का समय रहेगा।

## टोपी बाजार में अस्थाई अतिक्रमण हटाया

**नगर संवाददाता, शिवपुरी**

नगर निगम के मदाखलत अमले द्वारा सुगम यातायात के लिए शहर के विभिन्न स्थानों से अस्थाई अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। मदाखलत अधिकारी रवि कोरी ने बताया कि नोडल अधिकारी केशव सिंह चौहान के निर्देशन में दक्षिण विधानसभा अंतर्गत महाराज बाड़ा स्थित सुभाष मार्केट, नजरबाग मार्केट एवं टोपी बाजार में दुकानों के बाहर रखे सामान को अंदर कराया जाकर काउंटर टेबल स्टैंड आदि सामान जब्त किया गया। इसके साथ ही दुकानदारों को सख्त हिदायत दी गई कि निर्धारित सीमा के बाहर सामान रखकर किसी प्रकार का अतिक्रमण न करें। कार्रवाई में मदाखलत निरीक्षक विशाल जाटव सहित दक्षिण विधानसभा अमला उपस्थित रहा।




## 30 पेंशनर्स गौरव रत्न अवार्ड से सम्मानित

**ग्वालियर।** शासकीय सेवानिवृत्त पेंशनर्स एसोसिएशन का प्रांतीय अधिवेशन एवं शपथ ग्रहण समारोह सोमवार को मध्य प्रदेश चेम्बर ऑफ कॉमर्स में आयोजित किया गया। इस मौके पर 80 वर्ष से अधिक 30 पेंशनरों को पेंशनर गौरव रत्न अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक मोहन सिंह राठौड़ थे। उन्होंने विधायक निधि से कार्यालय की व्यवस्था के लिए 50 हजार रुपए देने की घोषणा की। अध्यक्षता श्याम बिहारी भार्गव ने की। कार्यक्रम में वीरेंद्र शर्मा को प्रांत अध्यक्ष चुना गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश राजौरिया, अशोक पटसारिया, आरके मिश्रा, अशोक भार्गव, डॉ. प्रताप शंकर भार्गव, बीएम त्रिवेदी, आनंद स्वरूप मिश्रा आदि उपस्थित रहे। संचालन अरविंद शुक्ला ने किया।



## ग्राहकों को एमएसएमई की जानकारी दी

**ग्वालियर।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा आउटरीच कैंप का आयोजन गत दिवस ग्वालियर एवं मुरैना में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बैंक और ग्राहकों के बीच संबंधों को सुदृढ़ करना था। कार्यक्रम के दौरान ग्राहकों को बैंक की विभिन्न एमएसएमई (सूक्ष्म लघु एवं उद्यम) योजनाओं की जानकारी दी गई। अध्यक्षता क्षेत्रीय प्रमुख धर्मेन्द्र कुमार ने की। इस अवसर पर केंद्रीय कार्यालय मुंबई के उपमहाप्रबंधक रवि वैद्य, चेम्बर ऑफ कॉमर्स के मानसेवी सचिव दीपक अग्रवाल, ग्राहक मुन्नालाल गुप्ता आदि उपस्थित रहे।



## विस्तृत कर लो हृदय को, तो बन जाए स्वर्ग

**ग्वालियर।** ब्रजकमल साहित्य द्वारा अनुपम नगर में काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी के मुख्य अतिथि नयन किशोर श्रीवास्तव एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदीप पुष्पेंद उपस्थित थे। अध्यक्षता अनिल राही ने की। इस मौके पर नयनकिशोर श्रीवास्तव ने आओ गिल्ली डंडा खेलें, माचिस की फिर बन जाएं रेलें। अनंगपाल सिंह अनंग ने विस्तृत कर लो हृदय को, तो बन जाए स्वर्ग, दिल के ऊपर लो बना, एक और अपवर्ग। रामलखन शर्मा ने चुकाई देशभक्तों ने हमेशा आन की कीमत, लगाई पर नहीं अपनी कभी भी जान की कीमत। दिनेश बिकल ने साथ लेकर सबको चलना, मुमकिन है आसान नहीं, जो मिले उस जैसा ढलना, मुमकिन है आसान नहीं। अनिल राही ने सौ बरस से जलता आया, दीप अखण्ड महान, शांतिकुंज से जग में फैला मानवता का ज्ञान। इसी क्रम में आरती अक्षत, कमलेश कमल, रेखा दीक्षित, आदित्य अंशुधर एवं डॉ. आलोक पुरोहित ने काव्य पाठ किया। संचालन जगमोहन श्रीवास्तव ने किया।

## सोनल अध्यक्ष और संगीता सचिव बनी

**ग्वालियर।** अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद ग्वालियर शाखा की नई कार्यकारिणी का चुनाव शुक्रवार को तेरापंथी धर्मशाला में हुआ। जिसमें अध्यक्ष सोनल जैन, सचिव संगीता पांड्या, सह सचिव प्रीति गोधा तथा कोषाध्यक्ष ममता को चुना गया। निर्वाचन अधिकारी माधवी शाह, मनोरमा पांड्या, अरुणा कासलीवाल तथा वीना गंगवाल रहीं।

## सीएमएचओ कार्यालय से गेट व खिड़की चोरी

**ग्वालियर।** शहर के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) कार्यालय में रविवार और सोमवार की दरमियानी रात चोरी की घटना सामने आई है। अज्ञात चोर कार्यालय परिसर में घुसकर वहां पास में पड़ा टीन का गेट एवं खिड़की चोरी कर ले गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद सीएमएचओ द्वारा थाटीपुर थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई है, जिसके आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। चोरी की घटना के सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर एक मैसेज तेजी से वायरल होने लगा, जिसमें दावा किया गया कि सीएमएचओ कार्यालय से अंधत्व निवारण समिति से संबंधित महत्वपूर्ण फाइलें चोरी हो गई हैं। वायरल मैसेज से स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप की स्थिति बन गई। हालांकि अंधत्व निवारण समिति के नोडल अधिकारी डॉ. गजराज सिंह गुर्जर ने इन दावों को सिरे से खारिज करते हुए स्पष्ट किया कि कार्यालय से समिति से जुड़ी कोई भी फाइल चोरी नहीं हुई है।

## डीडी नगर गेट नंबर 2 तक चलाया सफाई अभियान

**ग्वालियर।** नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के तहत शहर में वायु सुधार के लिए जन जागरूकता कार्य के अंतर्गत मेगा ड्राइव फॉर माइक्रो डस्ट क्लीनिंग अभियान अंतर्गत गुर्जर चौराहा से डीडी नगर गेट नम्बर 2 तक अभियान चलकर रोड की सफाई की गई। इस दौरान दीपाली पांडे, क्षेत्रीय अधिकारी राजेश सिंह भदौरिया, मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वैभव श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

# मित्रता कृष्ण और सुदामा जैसी हो: आचार्य दिनेश



**नगर संवाददाता, शिवपुरी**

वर्तमान में सच्चे मित्र मिलना दुर्लभ है। जग में मित्रता हो तो भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा जैसी होना चाहिए। सुदामा के चरणों का कांटा भगवान ने अपने मुख से निकाला। वर्तमान युग में ऐसा कौन है जो मित्र के दुःख को बांटने के लिए अपने सुख छोड़ दे। संसार वाले तो मित्रता की आड़ में कांटे चुभाते हैं, लेकिन कांटे निकालने का कार्य भगवान गोविन्द करता है।

यह विचार गिरगांव स्थित लोढ़ी माता मंदिर में पटेल परिवार की ओर से आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के अंतिम दिन धर्म सभा को संबोधित करते हुए आचार्य दिनेश शास्त्री महाराज ने व्यक्त किए। कथा में विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर उपस्थित रहे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि अपने छोटे से जीवन में प्राणी को परमात्मा से रिश्ता जरूर बनाना चाहिए, क्योंकि परमात्मा से ही बना रिश्ता प्राणी को मोक्ष की तरफ ले जाएगा। भागवत कथा की आरती में पूर्व मंत्री रुस्तम सिंह, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य अशोक जैन, अशोक जादौन, महेश उमरैया, चौधरी धर्मवीर सिंह, चौधरी भीकम सिंह, विवेक शर्मा, अमरीश शर्मा एवं पंकज पाठक उपस्थित रहे।

**गायत्री चेतना केंद्र पर महारुद्राभिषेक 15 को :** अखिल विश्व गायत्री परिवार गायत्री चेतना केंद्र पर महाशिवरात्रि के अवसर पर 15 फरवरी को महारुद्राभिषेक का आयोजन किया जाएगा। चेतना केंद्र के व्यवस्थापक संजय शर्मा ने बताया कि जो परिजन जोड़े से कार्यक्रम में शामिल होना चाहते हैं वह कार्यालय में अपना पंजीयन करा सकते हैं।

**भगवान की कृपा से मिट जाते हैं संकट:**

चकलेश्वर धाम में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के अंतिम दिन सोमवार को आचार्य रवि तिवारी ने कहा कि भगवान की कृपा से बड़े से बड़े संकट मिट जाते हैं। आरती में संत गोपाल शरण महाराज, कथा संयोजक केशव पांडे, श्याम श्रीवास्तव, अनिल शंकर नंद गिरि आदि शामिल हुए।

## परमार्थ में विश्वास का महत्व अधिकः ओंकार बुवा



परमार्थ में विश्वास का महत्व अधिक है। जन्म से मृत्यु तक मनुष्य सुख के लिए जीता है। परंतु सुख के साथ दु:ख सदैव लगा रहता है, क्योंकि सुख और दुख एक दूसरे के पूरक हैं। यह विचार धर्मसभा को संबोधित करते हुए मुंबई से आए कीर्तनकार ओंकार बुवा ने सोमवार को दाल बाजार स्थित आबा महाराज मंदिर में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि मनुष्य के लिए जो अनुकूल है वह सुख और जो प्रतिकूल है वह दुख। उन्होंने कहा कि संत संगति से आनंद प्राप्त होता है। परंतु देहबुद्धि के कारण हम आनंद से दूर रहते हैं। इसकी प्राप्ति के लिए श्रद्धा और विश्वास की आवश्यकता होती है जो हमें सद्गुरु कृपा से प्राप्त होती है।

# भारतीय ज्ञान परंपरा के प्रमुख स्रोत हैं महाकवि भवभूति के नाटक



**ग्वालियर।** कालिदास संस्कृत अकादमी, उज्जैन, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर तथा महाकवि भवभूति शोध एवं शिक्षा समिति, ग्वालियर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित प्रतिष्ठित अखिल भारतीय महाकवि भवभूति समारोह के अंतर्गत राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का उद्घाटन सोमवार को प्रातः 11 बजे जीवाजी विश्वविद्यालय में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में जीवाजी विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. राजकुमार आचार्य मुख्य अतिथि,केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के संयुक्त निदेशक (प्रकाशन) प्रो. सुज्ञान कुमार माहान्ति सारस्वत अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अध्यक्षता भारतीय यात्रा एवं प्रबंधन संस्थान, ग्वालियर के निदेशक प्रो. आलोक शर्मा ने की। कुलसचिव डॉ. राजीव मिश्रा ने संस्कृत के जनमानस पर सकारात्मक प्रभाव की चर्चा की। सारस्वत अतिथि प्रो. सुज्ञान कुमार माहान्ति ने भवभूति के जीवन और कृतित्व के उजले पक्षों को रेखांकित करते हुए कहा कि वे सत्यपालन में कठोर और भावाभिव्यक्ति में अत्यंत कोमल हैं। मुख्य अतिथि प्रो. राजकुमार आचार्य ने कहा कि महाकवि भवभूति केवल कवि नहीं, बल्कि आदर्श विचारों के मूर्त रूप हैं। उन्होंने घोषणा की कि विश्वविद्यालय परिसर में शीघ्र ही महाकवि भवभूति की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रो. आलोक शर्मा ने कहा कि भवभूति के नाटक यात्रा-अवसरों पर मंचित होते रहे हैं और यह समारोह संस्कृत से जनसंपर्क तथा उसमें निहित ज्ञान के प्रति जिज्ञासा जगाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

# 14 वर्ष की देरी न्याय के उद्देश्य को पूरा नहीं करती, प्राथमिकी निरस्त

**नगर संवाददाता, शिवपुरी**

बहोड़ापुर थाना क्षेत्र में 14 वर्ष पूर्व नकली स्टांप शुल्क और नोट बनाने के बहुचर्चित मामले में एक आरोपी के खिलाफ इतनी लंबी जांच प्रक्रिया को उच्च न्यायालय ने उचित नहीं मानते हुए इसे न्याय के उद्देश्य से परे बताते हुए प्राथमिकी निरस्त करने के आदेश दिए हैं।

8 सितंबर वर्ष 2011 को बहोड़ापुर थाना पुलिस ने आनंद नगर में एक फ्लैट में छापामार कार्रवाई करते हुए नकली नोट और स्टांप छापने के आरोपी परसराम नरवरिया और सुनील श्रीवास्तव को गिरफ्तार किया था। साथ ही इन दोनों आरोपी ने बयान दिया था कि वह नकली स्टांप ईदगाह कंपू निवासी आरिफ खान को देते हैं जो इन्हें बेचने का काम करता है। इस आधार पर पुलिस ने आरिफ को भी आरोपी बनाया था। 11 नवंबर 2025 को जिला न्यायालय ने परसराम नरवरिया को पांच वर्ष की सजा सुनाई जबकि सुनील श्रीवास्तव को फरार घोषित किया। वहीं दूसरी ओर बहोड़ापुर थाना पुलिस ने घोर लापरवाही का परिचय देते हुए आरिफ के खिलाफ विवेचना जारी रखते हुए उसे मुक्त नहीं किया। तब आरिफ ने पुलिस अनुसंधान की 14 वर्ष की देरी को लेकर उच्च न्यायालय की ग्वालियर खंडपीठ में मिसलेनियस अपराध याचिका दायर की। जिसमें संविधान के अनुच्छेद 21 और 14 का हवाला देते हुए जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार का और समानता की गारंटी का उल्लघंन बताया। जिससे मानसिक पीड़ा, सामाजिक कलंक और अभियोजन की निरंतरता से खतरा उत्पन्न हुआ। विवेचना में 14 वर्ष की देरी स्पष्ट रूप से मनमानी और दमनकारी है यह किसी वैध कानूनी उद्देश्य की पूर्ति नहीं करती। इसमें विधिक प्रक्रिया का घोर उल्लंघन दिखाई देता है। इस तरह न्यायालय ने सीआरपीसी की धारा 482 की शक्तियों का प्रयोग करते हुए बहोड़ापुर थाना में आरिफ खान के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी अपराध क्रमांक 383/2011 को निरस्त करने के आदेश दिए हैं। साथ ही सभी लंबित कार्रवाई रद्द कर दी है।




## गणेश बाग मंदिर में किया शिला पूजन

**ग्वालियर।** रामाजी का पुरा, बहोड़ापुर स्थित गणेश बाग मंदिर में रविवार को शिला पूजन यज्ञ किया गया। मंदिर को दिव्य एवं भव्य बनाने के लिए किए जा रहे शिला पूजन यज्ञ में नागरिक सहकारी बैंक ग्वालियर के महाप्रबंधक दीपक हीरानी, डायरेक्टर संजीव गोयल, प्रदीप गोयल, विवेक भार्गव, लोचन सूरी, अजय बांदिल, नीरज जी, बैंक अध्यक्ष अतुल अधोलिया, गणेश बाग मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष एवं अधिवक्ता मानसिंह जादौन, जागेश्वर सिंह भदौरिया, पप्पू वर्मा, राजू गोस्वामी, मध्य भारत शिक्षा समिति अध्यक्ष राजेंद्र बांदिल, रामपाल भदौरिया, रामचंद्र यादव, डॉ. हेमन्त गर्ग आदि शामिल रहे।

## आईटीएम में 12 फरवरी से इबारत-18 का दो दिवसीय आयोजन

**ग्वालियर।** आईटीएम विश्वविद्यालय में उर्दू कविता का वार्षिक प्रतिष्ठित आयोजन इबारत-18 12 एवं 13 फरवरी को आयोजित किया जाएगा। उर्दू के महान कवि मीर तकी मीर को समर्पित इस दो दिवसीय समारोह में देश-विदेश के ख्यातनाम रचनाकार शिरकत करेंगे। कार्यक्रम का आयोजन आईटीएम के तुरारी परिसर स्थित उस्ताद अलाउद्दीन खान सभागार एवं सिथौली परिसर के नाद मुक्ताकाश में किया जाएगा। समारोह के प्रथम दिवस 12 फरवरी को इश्क, इंसानियत और मीर विषय पर विद्वत विमर्श होगा। इस अवसर पर पद्मश्री से अलंकृत शीन काफ निजाम पर मुझे गुफ्तगू अवाम से है विषय पर तथा प्रो. शाफे किदवाई मीर की प्रासंगिकता पर अपने विचार रखेंगे। द्वितीय दिवस 13 फरवरी को मुशायरे का आयोजन होगा, जिसमें स्वामी ओमा द अक्क इश्क बिन ये अदब नहीं आता का विवेचन करेंगे। इसके बाद प्रोफेसर वसीम बरेलवी (बरेली), खुशबीर सिंह (जालंधर), डॉ. नुसरत मेहदी (भोपाल) एवं पूजा भाटिया (मुंबई) अपनी रचनाओं का पाठ करेंगी।

# बजट से नारी शक्ति व विकसित भारत के संकल्प को मिलेगी मजबूती: परांजपे

**नगर संवाददाता, शिवपुरी**



भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी परांजपे ने कहा कि वित्त वर्ष 2026-27 के लिए प्रस्तुत केंद्रीय बजट नारी शक्ति को सशक्त बनाने, आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के संकल्प को मजबूती प्रदान करने वाला है। वे महिला संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत बजट में सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है, विशेष रूप से महिलाओं के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और स्वरोजगार से जुड़ी अनेक महत्वपूर्ण योजनाओं की घोषणा की गई है। श्रीमती परांजपे ने बताया कि इस बजट में विदेश में पढ़ाई करने वाली छात्राओं की छात्रवृत्ति राशि डेढ़ गुना बढ़ाई गई है। साथ ही महिलाओं को स्वयं का व्यवसाय शुरू करने के लिए बिना गारंटी 15 लाख रुपए तक का ऋण देने का प्रावधान किया गया है, जिससे महिलाएं नौकरी मांगने वाली नहीं बल्कि नौकरी देने वाली बन सकें। उन्होंने कहा कि सरकार लखपति दीदी योजना के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने का कार्य कर रही है। प्रत्येक जिले में बालिकाओं के लिए छात्रावास निर्माण से उच्च शिक्षा को भी बढ़ावा मिलेगा। कार्यक्रम में मंत्री नारायण सिंह कुशवाहा ने कहा कि यह बजट शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार को प्राथमिकता देने वाला है। उन्होंने अपनी विधानसभा में महिलाओं को सशक्त करने हेतु बिजली की चक्की सहित अन्य सामग्री वितरण की जानकारी दी। भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश राजोरिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए 'लोकल फॉर वोकल' को बढ़ावा दिया जा रहा है। इस अवसर पर महिला सीए मोना सिंघल ने बजट की बारीकियों से महिलाओं को अवगत कराया। मंच पर भिण्ड जिला पंचायत अध्यक्ष कामना सिंह भदौरिया, पूर्व जिलाध्यक्ष अभय चौधरी एवं कमल माखीजानी, पूर्व महापौर समीक्षा गुप्ता, खुशबू गुप्ता, सुमन शर्मा उपस्थित रहीं। स्वागत भाषण महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष नीलिमा शिंदे ने दिया। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री करुणा सक्सैना ने किया एवं आभार डॉ. अंजलि रायजादा ने व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ. रीता मिश्रा एवं डॉ. अनुपमा मित्तल ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

## बेकरी से क्रीम व मैदा, होटल से दही और आटे के नमूने जांच के लिए भेजे

**नगर संवाददाता, शिवपुरी**

शहरवासियों को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिलाधीश रुचिका चौहान के निर्देशानुसार जिला खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा लगातार निरीक्षण एवं सैंपलिंग की जा रही है। इसी क्रम में सोमवार को विभागीय टीम ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर नमूने एकत्र किए। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने कृष्णा कॉलोनी, सिकंदर कम्पू स्थित राठौर बेकरी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बेकरी में साफ-सफाई, खाद्य सामग्री के भंडारण एवं निर्माण प्रक्रिया का अवलोकन किया गया। टीम ने क्रीमरोल निर्माण में उपयोग किए जा रहे मैदा, क्रीम तथा तैयार क्रीमरोल के नमूने लिए। इसके पश्चात टीम ने डी.डी. नगर स्थित श्री गंगा पैलेस होटल पहुंचकर होटल की किचन का निरीक्षण किया। यहां से दही एवं आटे के नमूने एकत्र कर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए हैं। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि सभी नमूनों की जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी बृजेश कुमार शिरोमणि एवं लोकेन्द्र सिंह उपस्थित रहे।

**बार बार करें एनाउसमेंट, वर-वधू पक्ष के 4-4 लोग स्वागत द्वार पर रहें**

# मैरिज गार्डन में बढ़ती चोरी की घटनाओं पर लगाम लगाने संचालकों के साथ हुई पुलिस की बैठक

**नगर संवाददाता, शिवपुरी**

शहर के मैरिज गार्डनों में बढ़ती चोरी की घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस प्रशासन ने संचालकों के साथ बैठक आयोजित की। बैठक में संचालकों को सुझाव दिए गए कि वह बार बार एनाउसमेंट कराएं कि महिलाएं अपने बैग गहने नकदी सामान का ध्यान रखें। साथ ही बांउसरों को भी गार्डन में कार्यक्रम के दौरान तैनात किया जाए। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनु बेनीवाल सहित पचास से ज्यादा संचालक मौजूद थे।

प्रायः मैरिज गार्डनों में चोरी की घटनायें लगातार घटित हो रही है जो चिन्ताजनक है। चोरी करने वालों में नावालिग बच्चे शामिल रहते हैं पुलिस प्रशासन ने चोरी की बढ़ती घटनाओं को कैसे रोका जाए पुलिस नियंत्रण कक्ष में संचालकों के साथ मंथन किया। इस दौरान निर्देश दिए गए कि विवाह समारोह के समय बार-बार अनाउंसमेंट कराया जावे कि महिलायें अपने गहने, बैग व नगदी आदि सामान का ध्यान रखें। साथ ही यातायात व्यवस्था में कोई व्यवधान नहीं आए वह सड़क पर गाड़ी खड़ी न होने दें। चिन्हित पार्किंग में ही वाहनों को खड़ा कराएं। बैठक में यातायात डीएसपी अजीत चौहान सहित अन्य अधिकारी शामिल रहे।



### ये निर्देश भी दिए

- विवाह में वर व वधू पक्ष के लोग जो अवांछित आगंतुक हैं उन पर नजर रखें। उन पर संदेह होने पर संबंधित थाने की पुलिस को तथा डायल-112 को अविलंब सूचना दें।
- प्रत्येक गार्डन विवाह में शामिल संख्या के आधार पर वॉलेन्टियर/गार्ड रखना सुनिश्चित करें।
- वॉलंटियर व गार्ड, गार्डन के अंदर के अलावा बाहर आमरोड पर मार्ग में यातायात व्यवस्था अवरूद्ध न हो इस हेतु सुनिश्चित रहेंगे।
- सभी वॉलेन्टियर व गार्ड, गार्डन की निर्धारित वेशभूषा/गणवेश में होना चाहिए।
- संबंधित मैरिज गार्डन यातायात थाना तथा स्थानीय पुलिस थाना को विवाह दिनांक व समय तथा वॉलन्टियर आदि की विस्तृत जानकारी संख्यात्मक 03 दिवस पूर्व ही देंगे।
- प्रत्येक मैरिज गार्डन 15 दिवस से 1 माह तक की सीसीटीव्ही रिकॉर्डिंग व्यवस्था रखेंगे।
- प्रत्येक मैरिज गार्डन में लगभग 35 प्रतिशत पार्किंग एरिया रखेंगे।
- प्रत्येक मैरिज गार्डन में शस्त्र प्रदर्शन एवं फायरिंग पूर्णतः प्रतिबंधित हो।




## 100 बच्चों ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन

**ग्वालियर, न.सं.।** महिला शक्ति मंच द्वारा दिव्यांग प्रतिभा एवं ब्राइडल मेकअप शो का आयोजन ग्वालियर व्यापार मेले में किया गया। जिसमें 100 से अधिक बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वहीं महिला शक्ति मंच एवं जान्हवी डांस अकादमी की तरफ से महिला सुरक्षा विषय पर नृत्य किया गया। कार्यक्रम में भारत की वीरांगनाओं और उनकी प्रतिभा को नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत किया। इस मौके पर अतिथि के रूप में महिला थाना प्रभारी रश्मि भदौरिया, गिरजा गर्ग, आशीष राठौर, संस्था की संस्थापक तारा शाह, प्रीति शर्मा, ममता, पिंकी, सविता, संगीता रहीं। इस मौके पर प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

## सुविचार

**वाणी चाँदी है, मौन सोना है, वाणी पार्थिव है पर मौन दिव्य।**



## संपादकीय

# हंगामे की राजनीति और नेतृत्व का संकट....

संसद का बजट सत्र लोकतंत्र का वह अवसर होता है, जब सरकार और विपक्ष देश की दिशा, नीतियों और प्राथमिकताओं पर गंभीर संवाद करते हैं। लेकिन हाल के घटनाक्रम ने यह साबित कर दिया कि भारतीय राजनीति में संवाद की जगह टकराव ने ले ली है। सदन के भीतर जो कुछ हुआ, उसने न केवल संसदीय मर्यादाओं को ठेस पहुंचाई, बल्कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की छवि को भी धूमिल किया।

राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव जैसी गंभीर प्रक्रिया हंगामे की भेंट चढ़ गई। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी बोल नहीं पाए और जवाबी हंगामे के कारण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी लोकसभा में अपना उत्तर नहीं दे सके। सांसदों का निलंबन, आसन के प्रति अमर्यादित आचरण और घंटों की कार्यवाही का नष्ट होना इस बात का प्रमाण है कि राजनीतिक कटुता किस हद तक संस्थाओं को बंधक बना सकती है। यह केवल किसी एक दल की विफलता नहीं, बल्कि सामूहिक राजनीतिक अपरिपक्वता का परिणाम है।

इस पूरे प्रकरण में नेता प्रतिपक्ष की भूमिका विशेष रूप से विचारणीय है। राहुल गांधी केवल कांग्रेस के नेता नहीं हैं, वे एक संवैधानिक पद पर आसीन हैं। यह पद उनसे अपेक्षा करता है कि वे आक्रामकता से अधिक गंभीरता, उत्तेजना से अधिक विवेक और टकराव से अधिक संवाद का मार्ग चुनें। पूर्व सेनाध्यक्ष की अप्रकाशित पुस्तक का हवाला देकर सरकार को घेरने का प्रयास राजनीतिक दृष्टि से भले सुर्खियां बटोरने वाला रहा हो, लेकिन संसदीय परंपराओं और व्यावहारिक राजनीति के लिहाज से यह कदम विवाद को जन्म देने वाला ही था। जब यह स्पष्ट हो गया कि इस संदर्भ पर सदन में चर्चा संभव नहीं है, तब उसी मुद्दे पर अड़े रहना राजनीतिक जिद का उदाहरण बन गया।

यह पहली बार नहीं है जब राहुल गांधी की रणनीति पर सवाल उठे हों। बीते वर्षों में वे बार-बार ऐसे अवसरों पर चूकते नजर आए हैं, जहां उनसे परिपक्व विपक्षी नेतृत्व की अपेक्षा थी। विपक्ष का कार्य केवल सरकार को घेरना नहीं, बल्कि विकल्प प्रस्तुत करना और राष्ट्रीय विमर्श को दिशा देना भी होता है। शोर, नारे और अवरोध से सरकार असहज हो सकती है, लेकिन जनता आश्वस्त नहीं होती। जनता को एक ऐसा नेता चाहिए, जो सत्ता से सवाल भी करे और समाधान की भाषा भी बोले।

अब यह सवाल और गहरा होता जा रहा है कि क्या राहुल गांधी अभी उस राजनीतिक परिपक्वता तक पहुंच पाए हैं, जिसकी अपेक्षा एक नेता प्रतिपक्ष से की जाती है? यदि नहीं, तो उन्हें ईमानदारी से आत्ममंथन करना चाहिए। या तो वे सक्रिय राजनीति से कुछ समय का विराम लेकर खुद को वैचारिक, सांगठनिक और संसदीय तौर पर नए सिरे से तैयार करें, या फिर राजनीति की उसी ÷नर्सरी÷ में दोबारा प्रवेश लें, जहां नेतृत्व का अर्थ धैर्य, अध्ययन और संवाद से समझाया जाता है। राजनीति केवल विरासत से नहीं चलती, वह सतत सीख और अनुशासन की मांग करती है।

# लाल आतंक से मुक्ति की ओर बढ़ रहा देश

**रोहित माहेश्वरी**

> अकेले साल 2025 में, 317 नक्सलियों शीर्ष नेतृत्व सहित को मार गिराया गया, 800 से अधिक को गिरफ्तार किया गया और लगभग 2,000 ने आत्मसमर्पण किया, जिससे नक्सलियों को अब तक की सबसे बड़ी क्षति मिली और मार्च 2026 तक नक्सल-मुक्त भारत की ओर तेज़ी से प्रगति हुई। छत्तीसगढ़ में सबसे ज्यादा बस्तर संभाग नक्सल प्रभावित है। इसमें सात जिले शामिल हैं। ये जिले महाराष्ट्र, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और ओडिशा के साथ सीमा साझा करते हैं, और लंबे समय से इसे माओवादियों का सबसे मजबूत गढ़ माने जाते रहे हैं। पिछले कुछ सालों में इस क्षेत्र में नक्सल विरोधी अभियान तेज हुए हैं, जिससे नक्सलवाद पर तगड़ा प्रहार हुआ है।

जिस तरीके से पूरे देश में नक्सली के खिलाफ अभियान चलाया गया है, उससे एक बात है कि केंद्र की मोदी सरकार पूर्ण दृढ़ संकल्प और शपथ के जिस पथ को लेकर चल रही थी, उसमें एक मजबूत रणनीति जीत अब दिखने लगी है। केंद्र सरकार ने इस साल 31 मार्च तक लाल आतंक को खत्म करने की समय सीमा तय कर रखी है। जो पूरी होती दिखने लगी है। देश का 90 प्रतिशत क्षेत्र पहले ही नक्सलवाद से मुक्त हो चुका है।

1967 में बंगाल के नक्सलबाड़ी से शुरू हुई नक्सलवाद की समस्या ने दशकों तक लाखों निर्दोष लोगों और सुरक्षाकर्मियों की जान ली और कई क्षेत्रों को विकास से वंचित रखा। 2014 के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मजबूत नेतृत्व में केंद्र सरकार ने नक्सलवाद के खिलाफ एक ठोस और प्रभावी रणनीति अपनाई। पिछले 11 वर्षों में, केंद्र सरकार की समन्वित, बहुआयामी रणनीति, जिसमें सुनियोजित सुरक्षा अभियान, अभूतपूर्व अवसंरचना विकास, वित्तीय दबाव, तीव्र विकास और एक आकर्षक आत्मसमर्पण नीति शामिल है, ने वामपंथी उग्रवाद को 2014 में 126 जिलों से घटाकर 2025 में मात्र 11 जिलों तक सीमित कर दिया है, जिनमें से केवल तीन ही सबसे अधिक प्रभावित बचे हैं, जो लाल गलियारे के लगभग खात्मे का संकेत है। अकेले साल 2025 में, 317 नक्सलियों शीर्ष नेतृत्व सहित को मार गिराया गया, 800 से अधिक को गिरफ्तार किया गया और लगभग 2,000 ने आत्मसमर्पण किया, जिससे नक्सलियों को अब तक की सबसे बड़ी क्षति मिली और मार्च 2026 तक नक्सल-मुक्त भारत की ओर तेज़ी से प्रगति हुई। छत्तीसगढ़ में सबसे ज्यादा बस्तर संभाग नक्सल प्रभावित है। इसमें सात जिले शामिल हैं। ये जिले महाराष्ट्र, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और ओडिशा के साथ सीमा साझा करते हैं, और लंबे समय से इसे माओवादियों का सबसे मजबूत गढ़ माने जाते रहे हैं। पिछले कुछ सालों में इस क्षेत्र में नक्सल विरोधी अभियान तेज हुए हैं, जिससे नक्सलवाद पर तगड़ा प्रहार हुआ है। छत्तीसगढ़ में साल 2024 से अब तक सीपीआई माओवादी के महासचिव नंबाला केशवा राव उर्फ बसवराजू जैसे टॉप नक्सल लीडर सहित 500 से अधिक नक्सलियों को फोर्स ने एनकाउंटर में मार गिराया है। इस साल अब तक छत्तीसगढ़ में अलग-अलग मुठभेड़ में 23 माओवादी मारे जा चुके हैं। तीन जनवरी को, बस्तर क्षेत्र में दो मुठभेड़ में कुल 14 माओवादी मारे गए थे। नक्सलियों की आत्मसमर्पण को लेकर के जिस तरह से संख्या बढ़ी है, उससे एक बात साफ है कि नक्सलियों के भीतर इस बात का भय बैठ गया है, कि 31 मार्च तक आत्मसमर्पण नहीं किया गया तो सरकार किसी तरह के समझौते के मूड में अब नहीं है। इसका परिणाम भी दिखा है। छत्तीसगढ़ में नेतृत्व की जिम्मेदारी संभाल रहे माओवादी कमांडर जो यहां रहे वे सभी मारे गए हैं। हिड़मा से लेकर जिन लोगों को भी छत्तीसगढ़ में कमान दी गई थी, या तो वह राज्य छोड़कर चले गए या फिर न्यूट्रलाइज हुए हैं। बचे हुए कैडर के पास अब इतनी क्षमता नहीं बची है, कि वो नक्सल अभियान को आगे लेकर चल सकें। छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के लिए नेशनल पार्क का 2799 वर्ग किलोमीटर का इलाका सबसे सुरक्षित इलाका माना जाता था। छत्तीसगढ़ महाराष्ट्र और तेलंगाना का बॉर्डर इलाका घने जंगलों और पहाड़ों से घिरा है। माओवादी इसे अपने कॉरिडोर के रूप में उपयोग करते थे, यह भी कहा जा सकता है, कि यह इलाका नक्सलियों का सबसे अभेद दुर्ग वाला इलाका रहा है। कभी नक्सलियों के अभेद किले के रूप में जाने जाने वाला नेशनल पार्क पहले एनकाउंटर जोन बनता जा रहा है। अब सुरक्षाबलों के कैंप बन जाने के बाद यहां से लाल आतंक के पैर उखड़ने लगे हैं। साल 2025 के बाद जिस नक्सल अभियान को चलाया गया उसमें यह बात तय की गई, कि मानसून के मौसम में भी इस अभियान को नहीं रोका जाएगा। नक्सलवाद को खत्म करने को लेकर चलाए जा रहे अभियान में हेलीकॉप्टर मिल जाने के बाद सुरक्षाबलों को बहुत सहूलियत मिल गई। मानसून के मौसम में हेलीकॉप्टर के आ जाने के बाद मॉनिटरिंग भी तेज हो गई। नेशनल पार्क इलाके में छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और तेलंगाना के बॉर्डर पर फोर्स तैनात होने साथ ही सुरक्षा बलों द्वारा कैंप खोल दिए जाने के बाद फोर्स की गतिविधियां तेज हो गई। छत्तीसगढ़ में हुए नक्सली एनकाउंटर और उसमें जिस तरीके के नक्सली मारे गए, उसके बाद छत्तीसगढ़ में नक्सल अभियान को चलाने वाले बड़े नक्सली बचे ही नहीं हैं। जो भी नक्सली छत्तीसगढ़ में नक्सली संगठन को दिशा देते थे, उसके लिए रणनीति बनाते थे, उन तमाम नक्सलियों को या तो न्यूट्रलाइज किया गया या फिर कई ऐसे हैं जिन्होंने आत्मसमर्पण कर दिया। नक्सली संगठन के बचे कैडर को और संगठन को दिशा देने वाले लोगों की जगह ही नहीं बची है। अब पूरा नक्सली संगठन ही नेतृत्व विहीन हो चुका है। यह एक बड़ी वजह है कि 60 दिनों के भीतर इसे पूरे तौर पर खत्म कर दिया जाएगा। केंद्र सरकार ने एनआईए में एक समर्पित विभाग बनाकर नक्सलियों के वित्तपोषण पर प्रभावी ढंग से लगाम लगा दी है। इस विभाग ने 40 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त की है, जबकि राज्यों ने भी 40 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त की है और प्रवर्तन निदेशालय ने 12 करोड़ रुपये कुर्क किए हैं। इस एक साथ की गई कार्रवाई से शहरी नक्सलियों को गंभीर नैतिक और मनोवैज्ञानिक क्षति पहुंची है और उनके सूचना युद्ध नेटवर्क पर नियंत्रण और भी कड़ा हो गया है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि देश के नक्सल मुक्त करने को लेकर बनी रणनीति में राज्यों के बीच समन्वय एक एक बहुत मजबूत आधार बना।

## अनार से अच्छी सेहत...



अनार से अच्छी सेहत पाने के लिए रोज सुबह खाली पेट एक ताज़ा अनार या उसका 20-50 मिली ताजा रस पीना सबसे अच्छा है। यह आयरन, एंटीऑक्सीडेंट और फाइबर से भरपूर है, जो खून बढ़ाने, पाचन सुधारने, हृदय रोग कम करने और त्वचा को चमकदार बनाने में मदद करता है। रोजाना अनार खाने के कई फायदे हैं जो पुरानी बीमारियों की संभावना को कम करने में मदद करेंगे। कैंसर, और बहुत दिल के रोग. इसके अलावा, आप सहनशक्ति में वृद्धि, तेजी से मांसपेशियों की रिकवरी, गुर्दे की पथरी की रोकथाम और यहां तक कि बेहतर पाचन तंत्र के निर्माण की भी उम्मीद कर सकते हैं!

यद्यपि अनार छोटे होते हैं, फिर भी उनमें गंभीर रूप से स्वस्थ गुण होते हैं। भोजन में इनका तीखा रस या कुरकुरे बीज शामिल करने से आपके शरीर को नुकसान से बचाया जाता है, बीमारी का खतरा कम होता है, और वजन घटाने के लिए अनार के कई लाभ मिलते हैं।

### अनार से सेहत बनाने के प्रमुख तरीके और फायदे

**सुबह खाली पेट खाएं**- सुबह के समय अनार खाना पाचन को दुरुस्त रखता है और शरीर को अधिकतम पोषक तत्व देता है।

**अनार का जूस**- घर पर निकाला हुआ ताजा जूस (20-50 मिली) एनीमिया (खून की कमी) और पीलिया जैसी बीमारियों में बहुत फायदेमंद है।

**सलाद और स्मूदी**- दही, ओटमील या मिक्स फ्रूट सलाद में अनार के दाने मिलाकर खाने से पोषण बढ़ता है।

**दिल और ब्लड प्रेशर**- नियमित सेवन से खराब कोलेस्ट्रॉल कम होता है और सिस्टोलिक रक्तचाप नियंत्रित रहता है।

**त्वचा के लिए**- इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स त्वचा को ग्लोइंग और हेल्दी बनाते हैं।

### सावधानी

कब्ज की स्थिति में अनार के सेवन से बचने की सलाह दी जाती है।

अधिक मात्रा में जूस का सेवन न करें, मध्यम मात्रा ही लाभदायक है।

# भगवा बनाम भगवा और संत बनाम संत का कब होगा अंत

**ऋतुपर्ण दवे**

यह सच है कि दिल्ली की सत्ता का रास्ता ज्यादातर उत्तरप्रदेश से ही होकर निकलता है। यह भी सच है कि भले ही देश में नरेन्द्र मोदी को लेकर कोई विकल्प न हो लेकिन उनके उत्तराधिकारी के रूप में अघोषित रूप से योगी आदित्यनाथ का नाम सबसे पहले आता है। वहींअक्सर सियासत में कहे-अनकहे ऐसे दांव-पेंच चले जाते हैं या हो जाते हैं जिससे आसान राहें भी मुश्किलें बढ़ाती नजर आने लगती हैं। फिलाहाल उत्तरप्रदेश में चुनावी सरगर्मी तो नहीं है लेकिन राजनीतिक सरगर्मी ने पहले पौष की कड़कड़ती ठण्ड और अब माघ की जाती ठण्ड में भी जबरदस्त और इतनी कि लू सरीखे सियासी तपन का अहसास जरूर करा दिया।

दरअसल, उत्तराखंड के ज्योतिर्मठ के प्रमुख स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का 28 जनवरी को माघ मेला में स्नान किए बिनालौटना भले ही एक धार्मिक मामला हो। लेकिन वास्तव में सियासी ज्यादा रहा। नए वर्ष की शुरुआत में हीउत्तरप्रदेश में भगवा बनाम भगवा का मुद्दा जबरदस्त राजनीतिक और धार्मिक विमर्श का अहम मुद्दा रहा। लेकिन इसका यह आशय नहीं कि अब सब कुछ ठीक हो गया है। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के स्नान और पालकी सहित जाने की जिद और प्रशासन के नहीं जाने देने से उत्पन्न विवाद इतना बड़ा तूल पकड़ेगा, इसका जनमानस को जरूर अंदाजा नहीं रहा। हाँ, सियासतदारों को जरूर बैठे, बिठाए बड़ा मौका मिल गया।

वास्तव में अविमुक्तेश्वरानंद अक्सर अपने बयानों को लेकर सुर्खियों में रहते हैं। वो किसी को भी नहीं छोड़ते ऐसी स्थिति में उनसे इस टकराहट को असाधारण माना जा रहा है। यदि वास्तव में प्रयागराज मेला प्रशासन चाहता तो इसे टाल सकता था लेकिन कहते हैं न कि राजनीति में लिए गए छोटे से छोटे फैसलों के दूरगामी परिणाममतलब भरे होते हैं। हुआ भी वही। अब लोग भले ही यह कहें कि सरकार ने गलत किया या स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने। लेकिन सच तो यह है कि इसे प्रशासन की चूक या भूल भी कहना बेमानी होगा।

एक ओर रूठे हुए स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद धरने पर बैठ गए तो दूसरी ओर मुख्यमंत्री योगी ने शंकराचार्य विवाद के दौरान ही सीधे नाम न लेकर, सनातन धर्म की आड़ में राष्ट्रविरोधी या सनातन विरोधी एजेंडा चलाने वालों को कालनेमि कह दिया। जाहिर है इशारा अविमुक्तेश्वरानंद पर था। बाद में प्रयागराज में जो घटा, उसे देश ने देखा। बात असली और नकली शंकराचार्य तक जा पहुंची तो भला अविमुक्तेश्वरानंद कैसे चुप रहते? उन्होंने भी सीधे-सीधे आदित्यनाथ से टकराने की रणनीति अपना ली। इस बीच प्रशासन ने शंकराचार्य को नोटिस पकड़ा दिया कि 18 जनवरी को त्रिवेणी संगम में जबरदस्ती घुसने के प्रयास से भगदड़ मच सकती थी। इतना ही नहीं यह तक पूछ लिया कि क्यों न उन्हें भविष्य के मेलों में भाग लेने से रोक दिया जाए ?तल्खी और तब बढ़ी जब अगले नोटिस में मेला अधिकारियों ने 2022 के सुप्रीम कोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए शंकराचार्य की उपाधि पर ही सवाल उठा, विवाद को गहरा दिया। ऐसा देश ने पहली बार देखा। शह-मात के इस खेल में स्वामी अविमुक्तेश्वरनद ने अपने जवाब में उल्टा पूछ लिया कि ना प्रशासन, ना उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री, और ना ही देश के राष्ट्रपति तय करेंगे कि कौन शंकराचार्य हो ?हालांकि शंकराचार्य पर आरोप लगे कि वो कांग्रेसी विचारधारा के हैं। लेकिन उन्होंने राहुल गांधी को भी नहीं छोड़ा। मामले ने तब और तूल पकड़ा जब समाजवादी पार्टी ने उनका समर्थन किया और कई बड़े नेताओं ने मुलाकात की। निश्चित रूप से वक्त के साथ शंकराचार्य विवाद राजनीतिक रूप ले चुका था। जिसमें कई मोड़ आए। एक ओर जहां पूर्व केंद्रीय मंत्री उमा भारती ने भी विश्वास व्यक्त किया कि स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद जी महाराज और उत्तरप्रदेश सरकार के बीच कोई सकारात्मक समाधान निकलेगा वहीं प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने उनसे स्नान करने की अपील की और कहा कि मैं ज्योतिष्पीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के चरणों में प्रणाम करता हूं, उनसे प्रार्थना है कि वह स्नान कर इस विषय का समापन करें। लेकिन यह हो न सका।

बस यहीं से जो मामला भगवा बनाम भगवा था उसे पार्टी लाइन की ओर भी समझा जाने लगा। उत्तरप्रदेश में भाजपा की गुटबाजी जगजाहिर है। यह तब और समझ में आई जब बीते महीने 30 जनवरी को महोबा विधायक में भाजपा विधायक बृजभूषण राजपूत और योगी कैबिनेट के मंत्री स्वतंत्र देव सिंह आपस में तकरार हो गई। मंत्री एक कार्यक्रम से लौट रहे थे कि दोपहर करीब साढ़े तीन बजे विधायक ने 100 ग्राम प्रधानों के साथ मिलकर उनका रास्ता रोक लिया और100 गांवों में पानी न पहुंचने और पाइपलाइन के लिए खोदी गई सड़कों की मरम्मत न होने पर नाराजगी जताई।

## ज्ञानवाणी

# छोटी सी चाल, बड़ा सा पुण्य

सुबह की हल्की धूप में सड़क किनारे एक बूढ़ी माँ, अपनी पुरानी सी डलिया में संतरे सजाए बैठी रहती थी। चेहरे पर झुर्रियाँ थीं, पर आँखों में अजीब सा सुकून।

उसी राह से रोज़ एक युवा अपनी पत्नी के साथ गुज़रता। वह अक्सर उसी बूढ़ी माँ से संतरे खरीदता।

हर बार वही दृश्य दोहराया जाता-

युवा एक संतरा उठाता, उसकी एक फाँक तोड़कर चखता और माथा सिकोड़ते हुए कहता,

अरे माँ, ये तो कुछ कम मीठा लग रहा है!

बूढ़ी माँ भी संतरा चखती, मुस्कुराकर जवाब देती-

ना बाबू मीठा तो है।

युवा हल्की सी गर्दन झटकता, वही संतरा छोड़ देता और बाकी संतरे लेकर आगे बढ़ जाता।

यह सिलसिला रोज़ का था।

एक दिन पत्नी से रहा नहीं गया। उसने पूछा-

तुम रोज़ यही नौटंकी क्यों करते हो? संतरे तो सच में मीठे होते हैं!

युवा ने मुस्कुराते हुए कहा-

वो माँ संतरे बहुत मीठे बेचती है लेकिन खुद कभी नहीं खाती।

मेरे पास उसे सीधे खिलाने का हक़ नहीं,

तो मैं बहाने से उसे संतरा खिला देता हूँ।

कुछ दिन बाद पास में सब्ज़ी बेचने वाली औरत ने बूढ़ी माँ से कहा-

वो लड़का तो अजीब है, हर बार चखता हैज

पर मैंने देखा है, तुम हर बार उसकी चख-चख में पलड़े में ज़्यादा संतरे डाल देती हो।

बूढ़ी माँ की आँखें भर आईं।

वह बोली-

वो संतरे नहीं चखता बेटीज वो मेरा अकेलापन चखता है।

वो समझता है मैं उसकी चाल नहीं समझती,

पर मैं उसकी नीयत पढ़ लेती हूँ।

इसीलिए पलड़े पर संतरे अपने आप बढ़ जाते हैं।÷

फिर आसमान की ओर देखते हुए बोली-

मेरी हैसियत से ज़्यादा मेरी थाली में परोसने वाले

तू लाख मुश्किलें भी दे दे मालिक,

मुझे तुझ पर भरोसा है।

और सच ही तो है-

छीनकर खाने वालों का पेट कभी नहीं भरता,

और बाँटकर खाने वाला कभी भूखा नहीं मरता।

### शिक्षा

सच्ची सेवा दिखावे से नहीं, नीयत से होती है।जो मिला है, वही पर्याप्त मानना सीखो।

जिसका मन संतुष्ट है, उसके पास सब कुछ है।

जो बाँटना सीख गया,

वो जीवन की सबसे बड़ी कमाई पा गया।

## आज की महत्वपूर्ण घटनाएं

1567 एक विस्फोट के बाद, कर्क ओ फील्ड, एडिनबर्ग में घर को नष्ट कर दिया, जहां वह रह रहा था, स्कॉटलैंड के राजा कॉन्सर्ट के हेनरी स्टुअर्ट, लॉर्ड डर्नले का गला हुआ शरीर पास के बाग में पाया गया था।

1616 ब्रिटेन के राजदूत सर थॉमस रो मुगल शासक जहांगीर के दरबार अजमेर में आये।

1712 हुइलीचे विद्रोह चिलए द्वीपसमूह में आरम्भ हुआ।

1763 ब्रिटेन, फ्रांस और स्पेन ने सात साल के युद्ध को समाप्त करने के लिए पेरिस की संधि पर हस्ताक्षर किए, फ्रेंचकोलोनियल साम्राज्य के आकार को काफी कम कर दिया, जबकि एक ही समय में यूरोप के बाहर ब्रिटिश प्रभुत्व के पूर्व काल की शुरुआत को चिह्नित किया।

1774 एंड्रयू बेकर डाइविंग सूट प्रदर्शन में हिस्सा लिया।

1798 फ्रांसीसी जनरल लुइस-एलेक्जेंडर बेर्थियर ने पोपेटी को बिजली से हटा दिया।

1823 विश्व की पहली कार्निवल परेड कोलोन, प्रशिया में हुई थी।

1825 इमोन बोलिवर ने पेरू के तानाशाह ने अपना खिताब छोड़ दिया और एल लिबेटाडोर का वैकल्पिक शीर्षक लिया।

1840 सक्से-कोबर्ग-गोथा के राजकुमार अल्बर्ट ने चैपल रॉयल में यूनाइटेड किंगडम की महारानी विक्टोरिया से विवाह किया, जो राजकुमार-संघ बन गए।

1840 यूनाइटेड किंगडम की रानी विक्टोरिया ने चचेरे भाई प्रिंस अल्बर्ट से सक्स-कोबर्ग और गोथ से शादी की।

1841 संघ के अधिनियम (ब्रिटिश उत्तरी अमेरिका अधिनियम, 1840) की कनाडा में घोषणा की गयी।

1846 अंग्रेजों ने सोबरांव की लड़ाई में सिखों को पराजित किया।

1862 अमेरिकी सिविल वॉर-ए यूनियन नौसैनिक फ्लोटिला ने उत्तरी केरोलिना में पास्कुटैंक नदी पर एलिजाबेथ सिटी की लड़ाई में कन्फेडरेट मच्छर बेड़े के थोक को नष्ट कर दिया।

1868 ब्रिटिश युद्ध कार्यालय ने आर्मी पोस्ट ऑफिस कोर गठन को मंजूरी दी।

1879 अमेरिका के कैलिफोर्निया थियेटर में पहली बार रोशनी के लिए बिजली का इस्तेमाल किया गया।

## राशिफल



मेष राशि: आज का दिन आपके लिए खर्च भरा रहने वाला है। व्यवसाय कर रहे लोगों को मन मुताबिक लाभ न मिलने से उनका मन थोड़ा परेशान रहेगा। आपको परिवार में किसी सदस्य की कोई बात बुरी लग सकती है। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा हो सकता है। नौकरी में कार्यरत लोगों के खिलाफ उनके अधिकारी आज कोई षड्यंत्र रच सकते हैं।



वृष राशि: आज का दिन आपके लिए समस्याओं भरा रहने वाला है। यदि आपने शीघ्रता व भावुकता में कोई निर्णय लिया, तो बाद में आपको उसके लिए पछतावा होगा। जीवनसाथी का सहयोग आपको भरपूर मात्रा में मिलता दिख रहा है। आपके कुछ विशेष कर दिखाने की इच्छा आज प्रबल रहेगी। लेनदेन से संबंधित मामलों में आपको सावधानी बरतनी होगी।आपको किसी सहयोगी से सावधान रहने की आवश्यकता है।



मिथुन राशि : आज का दिन आपके लिए भाग दौड़ भरा रहने वाला है। आपको नौकरी में कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आपका प्रमोशन भी हो सकता है। आज अकस्मात धन लाभ मिलने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। बिजनेस में आपको किसी नए निवेश को करना अच्छा रहेगा। आप माता-पिता की सलाह से यदि किसी काम को करेंगे, तो वह आपके लिए अच्छा रहेगा।



कर्क राशि: आज का दिन आपके लिए कुछ खास रहने वाला है। आपको रुपए पैसे के लेनदेन में सावधानी बरतनी होगी। आज आप किसी से धन उधार ना लें, नहीं तो आपको उसे उतार पाना मुश्किल होगा। आप अपने घर का नवीनीकरण कराने पर भी पूरा ध्यान देंगे। आपका मन आज इधर-उधर के कामों में लग सकता है। आपके परिवार के किसी सदस्य को कार्यक्षेत्र में किसी सम्मान की प्राप्ति हो सकती है।



सिंह राशि: आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायी रहने वाला है। बिजनेस में आ रही समस्याओं के कारण आप परेशान रहेंगे, जिसके साथ कारण आपके स्वभाव में भी चिड़चिड़ापन बना रहेगा। आपको धन का निवेश करने से बचना होगा, नहीं तो आपका वह धन फंस सकता है।



कन्या राशि: आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहने वाला है। आपकी अध्यात्म के प्रति रुचि बढ़ेगी और प्रतिस्पर्धा का भाव आपके मन में बना रहेगा। मित्रों के साथ आप कुछ आनंदित समय व्यतीत करेंगे। आपको उम्मीद से ज्यादा लाभ मिलने से आपकी प्रसन्नता का ठिकाना नहीं रहेगा। संतान की किसी गलती को लेकर आपको पछतावा हो सकता है। आप अपने घर को रिनोवेट करने पर भी पूरा ध्यान देंगे।





तुला राशि: आज आपको लेनदेन के मामले में सावधान रहना होगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। आज के दिन आप किसी को बिना मांगे सलाह देने से बचें नहीं तो आपको समस्या हो सकती है। आपको वाहनों के प्रयोग में सावधानी बरतनी होगी, नहीं तो किसी दुर्घटना के होने का भय सता रहा है। परिवार में किसी सदस्य के विवाह में यदि कोई बाधा रही थी, तो वह आज दूर होती दिख रही है।



वृश्चिक राशि: आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। विद्यार्थी यदि किसी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए सोच विचार कर रहे थे, तो आज दिन अच्छा रहेगा। आपको अपने स्वास्थ्य में चल रही समस्याओं को नजर अंदाज नहीं करना है, नहीं तो बाद में वह बढ़ सकती है। किसी नए घर, मकान, दुकान को खरीदने का सपना पूरा होगा।जीवनसाथी के लिए आप किसी छोटे-मोटे काम की शुरुआत कर सकते हैं।



धनु राशि: धनु राशि के जातकों के लिए आज दिन प्रसन्नता दिलाने वाला रहेगा। प्रेम जीवन जी रहे लोग साथी के साथ कुछ यादगार लम्हे व्यतीत करेंगे। नौकरी में कार्यरत लोगों को किसी नए पद की प्राप्ति हो सकती है। आप इधर-उधर के कामों पर ध्यान देने के बजाय अपने काम पर फोकस बनाए रखें। आपके परिवार के सदस्य आपकी प्रगति देखकर आज प्रसन्न रहेंगे।



मकर राशि: आज का दिन आपके लिए व्यस्तता भरा रहने वाला है। किसी नए व्यवसाय की शुरुआत करना चाहते हैं, तो उसके लिए आज दिन अच्छा रहेगा। गृहस्थ जीवन में चल रही समस्याओं से आपको छुटकारा मिलेगा। आप अपने घरेलू कामों को पूरा करने में व्यस्त रहेंगे। आप अपनी शान शौकत की वस्तुओं की खरीदारी में अच्छा खासा धन व्यय करेंगे।



कुंभ राशि: आज का दिन आपके लिए चुनौतीपूर्ण रहने वाला है।

## संक्षिप्त समाचार

### विद्यार्थियों और कर्मचारियों के लिए जागरूकता व्याख्यान आज

सागर ( नि.प्र. ) कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देशानुसार भारत सरकार, इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के निर्देशन में Internet Safer Day 2026 के अवसर पर विद्यार्थियों एवं अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए जागरूकता व्याख्यान 10 फरवरी 2026 को प्रातः 11 बजे से महाविद्यालय आईटीआई सागर के सभागार में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर डीआईओ एनआईसी सागर द्वारा विद्यार्थियों और कर्मचारियों को सुरक्षित एवं जिम्मेदार इंटरनेट उपयोग, साइबर हाइजीन और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के विवेकपूर्ण उपयोग के संबंध में जागरूक किया जाएगा। कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों से कहा है कि वे इस कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें और विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा के महत्व के प्रति जागरूक करें।

### निगमायुक्त ने सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की समीक्षा बैठक ली

सागर ( नि.प्र. ) निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की समीक्षा बैठक की। बैठक में निगम के विभिन्न विभागों की लंबित एवं प्रचलित शिकायतों की बिंदुवार समीक्षा की गई। निगमायुक्त ने सभी विभाग प्रमुखों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत का निराकरण निर्धारित समय सीमा में अनिवार्य रूप से किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतों का निराकरण केवल औपचारिकता न होकर वास्तविक समाधान पर आधारित होना चाहिए इसलिए संबंधित अधिकारी स्वयं स्थल पर पहुंचकर शिकायतकर्ता से चर्चा कर समस्या का समाधान सुनिश्चित करें और शिकायतकर्ता की संतुष्टि के पश्चात ही शिकायत को बंद करने की प्रक्रिया पूर्ण करें। उन्होंने यह भी कहा कि नागरिकों की शिकायतों का निराकरण करना नगर निगम की प्राथमिक जिम्मेदारी है। बैठक में लोककर्म विभाग, भवन एवं भूमि, प्रकाश विभाग, राजस्व, बाजार, स्वास्थ्य, जन्म-मृत्यु पंजीयन, स्थापना, योजना शाखा, जलप्रदाय तथा सीवर प्रोजेक्ट सहित अन्य विभागों की शिकायतों की विस्तार से समीक्षा की गई। निगमायुक्त ने विभागवार लंबित प्रकरणों की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। श्री खत्री ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन शासन की एक महत्वपूर्ण जनसेवा व्यवस्था है, जिसके माध्यम से नागरिक अपनी समस्याएं सीधे दर्ज कराते हैं। इसलिए सभी अधिकारी शिकायतों को गंभीरता से लें और प्राथमिकता के आधार पर उनका निराकरण करें। बैठक में नगर निगम के सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### ननि द्वारा आयोजित आयुष्मान कार्ड शिविर में 75 हितग्राही लाभान्वित

सागर ( नि.प्र. ) नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री के निर्देशानुसार नगर निगम के सफाई मित्रों एवं उनके परिवारजनों को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का लाभ दिलाने हेतु सोमवार को नगर निगम कार्यालय परिसर में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य सफाई कार्य से जुड़े कर्मियों और उनके परिवारों को निःशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ना रहा। शिविर के दौरान पात्र हितग्राहियों का पंजीयन, दस्तावेजों का सत्यापन तथाआयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया पूर्ण की गई। इस विशेष पहल के अंतर्गत कुल 75 व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए, जिससे वे अब योजना के तहत सूचीबद्ध अस्पतालों में पाँच लाख रुपये तक के निःशुल्क उपचार की सुविधा प्राप्त कर सकेंगे। एन.यू.एल.एम शाखा के सिटी मैनेजर विक्रम जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि निगमायुक्त के मार्गदर्शन में यह शिविर विशेष रूप से सफाई मित्रों के परिवारों को स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। उन्होंने कहा कि सफाई मित्र नगर की स्वच्छता व्यवस्था की रीढ़ हैं, ऐसे में उनका स्वास्थ्य संरक्षण सुनिश्चित करना नगर निगम की प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि शिविर में आए हितग्राहियों ने इस पहल की सराहना की तथा भविष्य में भी ऐसे शिविर नियमित रूप से आयोजित किए जाने की आवश्यकता जताई। नगर निगम द्वारा भी आश्वस्त किया गया है कि शेष पात्र सफाई मित्रों और उनके परिवारजनों को योजना से जोड़ने हेतु आगामी समय में इसी प्रकार के शिविरों का आयोजन निरंतर किया जाएगा।

### सभी परीक्षा केन्द्रों पर कलेक्टर प्रतिनिधि रहेंगे मौजूद

सागर ( नि.प्र. ) माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल की कक्षा 12वीं की परीक्षा का महाकुंभ मंगलवार से शुरू हो रहा है, जिसमें सागर जिले में 142 परीक्षा केंद्रों पर 55000 से अधिक परीक्षार्थी शामिल होंगे। जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद जैन ने बताया कि कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देश पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। उन्होंने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर कलेक्टर प्रतिनिधि, केंद्राध्यक्ष, सहायक केंद्राध्यक्ष एवं पर्यवेक्षक की नियुक्ति की जा चुकी है एवं सभी विकास खंडों में उड़न दस्तों का गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि संपूर्ण परीक्षा के लिए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक केवी को नोडल अधिकारी बनाया गया है। उन्होंने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर कलेक्टर प्रतिनिधि की उपस्थिति में संबंधित पुलिस थाना से खुले अभिरक्षा में प्रश्न पत्रों का आहरण किया जाएगा एवं परीक्षा केंद्र तक ले जाया जाएगा। उन्होंने बताया कि माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल के निर्देशों एवं आरक्षण का पालन करते हुए संपूर्ण परीक्षा संपन्न कराई जाएगी। कक्षा 12वीं के प्रथम प्रश्न पत्र में 58880 परीक्षार्थी 142 परीक्षा केंद्रों पर अपनी परीक्षा देंगे।

### विश्वविद्यालय की गर्ल्स एनसीसी कैडेट्स ने हासिल की उत्कृष्ट उपलब्धियां

सागर ( नि.प्र. ) डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर की एनसीसी कैडेट्स एसयूओ प्रथा सिंह, सार्जेंट विधि चौबे एवं कैडेट सारा पांडे ने राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विश्वविद्यालय एवं मध्यप्रदेश का नाम गौरवान्वित किया है। एमपी एवं सीजी डायरेक्टोरेट, सागर ग्रुप हैडक्वार्टर तथा 7 एमपी गर्ल्स बटालियन द्वारा तीनों कैडेट्स को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एनसीसी एएनओ लेफ्टिनेंट डॉ. सुमन पटेल के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में कैडेट्स ने यह उपलब्धियाँ अर्जित कीं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.वाई. एस. ठाकुर, कुलसचिव डॉ. एस. पी. उपाध्याय सहित विश्वविद्यालय परिवार ने कैडेट्स एवं एएनओ को बधाई दी। एसयूओ प्रथा सिंह (यूएमएटीएच) ने ऑल इंडिया बैकिंग चैंपियनशिप में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। उन्हें एडीजी स्तर से 25,000 एवं मुख्यमंत्री द्वारा 75,000 की प्रोत्साहन राशि प्राप्त हुई है। साथ ही नौसेना प्रमुख, राज्यपाल, मुख्यमंत्री एवं रक्षा मंत्री द्वारा 'एट होम' सम्मान भी प्रदान किया गया। प्रथा सिंह को AIBC पदक, डीजी एप्रिसिएशन मेडलियन, राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री पदक से सम्मानित किया गया। फ्लैग एरिया में रक्षा सचिव को ब्रीफिंग देकर उन्होंने नेतृत्व क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वहीं, सार्जेंट विधि चौबे एवं कैडेट सारा पांडे ने रिपब्लिक डे कैंप के सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सहभागिता कर विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय मंच पर गौरवान्वित किया।

### लीकेज सुधार कार्य के कारण 10 फरवरी को राजघाट से पेयजल की सप्लाई बंद रहेगी

सागर ( नि.प्र. ) इतवारी,मोतीनगर और करीला पानी की टंकी भरने वाली 500 एम एम पी एस सी पाइपलाइन में लीकेज हो जाने के कारण सुधार



कार्य किया जा रहा है इसलिए मंगलवार 10 फरवरी को राजघाट से होने वाली पेयजल की सप्लाई बंद रहेगी। जिन स्थानों पर पेयजल सप्लाई 10 तारीख को की जाना है वहां पर पेयजल सप्लाई 11 तारीख को एवं 11 तारीख की पेयजल सप्लाई 12 फरवरी को की जावेगी। निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने जलप्रदाय शाखा के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि लीकेज सुधार कार्य को समय-सीमा में पूर्ण करें तथा पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करें जिससे नागरिकों को कोई असुविधा न हो।

# कपड़ा व्यापारी के सुसाइड के बाद मिली डायरी, थाने पहुंचकर परिजनों ने पुलिस को सौंपे सबूत

## सूदखोरों ने मृतक से तीस प्रतिशत दर पर ब्याज वसूला

( नि.प्र. )

सागर। सागर के कोतवाली थाना क्षेत्र में कपड़ा व्यापारी के सुसाइड मामले में नया मोड़ आया है। मृतक के परिजन ने सोमवार को कोतवाली थाने पहुंचकर मामले से जुड़े साक्ष्य पुलिस को सौंपे हैं। उन्होंने मृतक व्यापारी की एक डायरी और अन्य दस्तावेज पुलिस को दिए हैं। जिसमें करीब 1 करोड़ रुपए का हिसाब-किताब लिखा है। इसके साथ ही उन्होंने कुछ लोगों के नाम भी पुलिस को बताए हैं। जिनसे मृतक का पैसों का लेनदेन चल रहा था।

अधिक ब्याज लेने पर मृतक मानसिक रूप से परेशान था। कोतवाली पुलिस ने परिजन द्वारा पेश किए गए साक्ष्यों और डायरी को अपनी जांच में शामिल किया है। दरअसल, बाहुबली कॉलोनी निवासी विकास जैन उर्फ मोगली ने 5 फरवरी को जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली थी। मामले में परिजन ने सूदखोरों पर आरोप लगाते हुए माता मढ़िया तिराहे पर चक्काजाम किया था। उन्होंने पैसों के लेनदेन में विकास को प्रताड़ित करने और इसी कारण से आत्महत्या करने का आरोप लगाया था। कोतवाली पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

मृतक के भाई सुधीर जैन ने बताया कि मृतक विकास जैन की डायरी और मामले से जुड़े साक्ष्य कोतवाली थाने पहुंचकर पुलिस को सौंपे हैं। भाई की डायरी में करीब 1 करोड़ रुपए का हिसाब-किताब लिखा है। वह कपड़ा व्यापार के साथ प्रापर्टी का भी काम करता है। जिसको लेकर कर्जा लिया होगा। मुझे उसके संबंध में ज्यादा जानकारी नहीं है। लेकिन डायरी और



सुसाइड नोट में कुछ बातें मृतक विकास लिखकर गया है। उससे 30 प्रतिशत तक का ब्याज वसूला जा रहा था। उसने अपनी डायरी में लिखा है कि गोपालगंज क्षेत्र में रहने वाले एक व्यक्ति को 6 लाख रुपए के बदले 13 लाख रुपए चुका दिए हैं। अभी भी 11 लाख रुपए की मांग की जा रही है। कोर्ट का नोटिस भेज दिया गया। वह बहुत टेंशन में रहता था। इन्हीं प्रताड़नाओं के कारण विकास ने आत्महत्या की थी। भाई सुधीर जैन ने पुलिस से मामले में निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। मृतक के भाई सुधीर जैन के अनुसार वीरू साहू, गंगा केशरवानी, राहुल खरे और महेन्द्र राय के नाम प्रमुख हैं जिन्होंने अधिक ब्याज लेकर मेरे भाई को प्रताड़ित किया। मृतक की डायरी में कुछ अन्य लोगों के नामों का भी उल्लेख है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। वीरू साहू पर दस से अधिक पुराने आपराधिक मामले भी दर्ज रहे हैं।

### परीक्षार्थियों को जूते-मोजे पहनकर आने की अनुमति

सागर ( नि.प्र. ) मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल यानि एमपी बोर्ड की वार्षिक परीक्षा 10 फरवरी से शुरु हो रही है। मंगलवार को कक्षा 12वीं के अंग्रेजी विषय का पेपर रहेगा। 10वीं और 12वीं दोनों ही कक्षाओं में जिले के करीब 62 हजार विद्यार्थी शामिल होंगे। इतनी बड़ी परीक्षा को नकलमुक्त, निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए मंडल ने इस बार कई महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। इसके तहत परीक्षा केंद्रों पर मोबाइल या किसी भी प्रकार की अनुचित सामग्री मिलने पर न सिर्फ परीक्षा निरस्त की जाएगी, बल्कि नकल प्रकरण दर्ज कर एफआईआर तक की कार्रवाई होगी। परीक्षा सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक चलेगी।

**परीक्षा केंद्र के लिए रवाना होने से पहले विद्यार्थी इन बातों का विशेष ध्यान रखें-** नियमित छात्रों को स्कूल यूनिफॉर्म में आना अनिवार्य है। प्राइवेट छात्र शालीन सिविल ड्रेस पहन सकते हैं। ठंड को देखते हुए माशिमं ने जूते-मोजे पहनकर आने की अनुमति दी है, लेकिन प्रवेश द्वार पर इनकी सघन तलाशी ली जा सकती है। प्रवेश पत्र , पारदर्शी कम्पास बॉक्स, नीले/काले बॉल पॉइंट पेन और पानी की पारदर्शी बोतल साथ रखें। डिजिटल घड़ी, मोबाइल, कैलकुलेटर या किसी भी प्रकार का इलेक्ट्रॉनिक गैजेट केंद्र के अंदर ले जाना प्रतिबंधित है। परीक्षार्थी को सुबह बजे परीक्षा केंद्र पहुंचना आवश्यक होगा। 8. 45 के बाद किसी परीक्षार्थी को प्रवेश नहीं मिलेगा। 8.50 बजे उन्हें आंसर-शीट एवं 8:55 बजे प्रश्न- पत्र वितरित किए जाएंगे।

**परीक्षा से दो घंटे पहले निकाले जाएंगे प्रश्नपत्र-** सभी परीक्षा केंद्रों की सामग्री पहले ही संबंधित थानों के स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखवा दी गई है। परीक्षा वाले दिन कलेक्टर प्रतिनिधि की मौजूदगी में ही प्रश्नपत्रों का बाक्स खोला जाएगा। परीक्षा से 2 घंटे पहले सुबह 7 बजे स्ट्रांग रूम से प्रश्नपत्र निकाले जाएंगे और कड़ी सुरक्षा में परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाए जाएंगे। सुबह 8.30 बजे से पहले सामग्री का केंद्र तक पहुंचना अनिवार्य किया गया है।

**149 केंद्रों पर होगी बोर्ड परीक्षा-** जिले में 149 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें 04 अति संवेदनशील केंद्र शामिल हैं। इन केंद्रों पर मोबाइल लगाए गए हैं. जबकि बोर्ड परीक्षा की निगरानी के लिए चार फ्लाइंग स्क्वाड सक्रिय रहेंगे। इनमें से दो स्क्वॉड विकासखंड स्तर पर और दो जिला स्तर पर काम करेंगे।

### जिला यादव महासभा ने पुलिस अधीक्षक के नाम अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा



( नि.प्र. )

सागर। सोमवार को यादव जिला यादव महासभा द्वारा पुलिस अधीक्षक के नाम अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर थाना प्रभारी सुमेर सिंह जगेत और दोषी पुलिस कर्मचारियों को बर्खास्त कर उनके खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज करने की मांग की गयी विगत दिनो बांदरी निवासी राजा यादव मुन्शीलाल यादव और रामजी यादव का दूध व्यवसाय को लेकर आपस में विवाद हो गया था जिसकी रिपोर्ट दोनो पक्षो द्वारा थाने में दर्ज करवायी गई थी बांदरी थाना प्रभारी और दोषी पुलिस कर्मचारियों द्वारा इन तीनों व्यक्तियों के साथ बेरहमी से मारपीट की गई, जिससे उनको शरीर में गंभीर चोटें आई हैं और पुलिस द्वारा मानव अधिकारों का उल्लंघन करते हुये उनसे पुलिस हमारी बाप है जैसे नारे लगवाये गये। सोमवार को यादव समाज के पदाधिकारियों के साथ समाज के सैकड़ों लोगों ने पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन देकर थान प्रभारी और दोषी पुलिस कर्मचारियों को बर्खास्त कर उन के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज करने की मांग की गयी। पुलिस अधीक्षक द्वारा आज पीड़ितों को इलाज के लिये जिला चिकित्सालय में भर्ती करवाया गया है ज्ञामन देने वालों में यादव महासभा के जिलाध्यक्ष शिवशंकर यादव नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष बब्बू यादव सरपंच प्रमोद यादव जनपद सदस्य संजय मोन्टू यादव जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि चंदन यादव बांदरी यादव समाज के अध्यक्ष बंटी यादव पूर्व जिलापंचायत सदस्य पप्पू यादव आजाद यादव रोशन पहलवान गोपीलाल यादव सुंदरलाल यादव अन्जय यादव शिवप्रसाद यादव संजीव यादव शेरसिंह यादव डां तरुण यादव नीरज यादव युवा यादव महासभा के अध्यक्ष वासु यादव रुपनारायण तोता यादव मुकेश यादव अमित यादव अभिषेक यादव लीलाधर यादव राजेन्द्र पगारा जितेन्द्र यादव राकेश यादव जीवन यादव हेमन्त यादव रज्जन यादव सहित यादव समाज के सैकड़ो लोग उपस्तिथ थे।

### शादी का झांसा देकर नाबालिग से दुष्कर्म, मामला दर्ज

सागर ( नि.प्र. ) नाबालिग को शादी का झांसा देकर अपने साथ अपने रिश्तेदार के यहां ले गया। जहां आरोपी ने नाबालिग के साथ उसकी मर्जी के खिलाफ उसके साथ गलत काम किया। जिसकी शिकायत नाबालिग ने परिजनों के साथ आकर कोतवाली थाना में की। पीड़ित की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने मामले में दुष्कर्म की धाराओं का इजाफा कर, आरोप को गिरफ्तार कर लिया है। 17 वर्षीय लड़की कही चली गई है। परिवार की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर नाबालिग की खोज शुरू की। इसी दौरान उसी दिन शाम को नाबालिग अपने घर पहुंच गई और अपने साथ हुई पूरी घटना परिजनों को बताई। जिसके बाद परिजनों के साथ थाना में आकर नाबालिग ने अपने बयान दर्ज करवाए। जिसमें उसने बताया कि आरोपी अर्पित पिता रामनरेश विश्वकर्मा निवासी बहेरिया गदगद से उसकी मुलाकात एक शादी समारोह में हुई थी और वह रिश्ते में भी लगता था। जिससे हमारी बात होने लगी और उसने मुझसे शादी करने की बात कही। 6 फरवरी को उसकी बातों में आकर मैं उसके साथ चली गई। वह मुझे मकरोनिया थाना क्षेत्र में किसी के यहां ले गया। जहां उसने मेरे साथ मेरी मर्जी के खिलाफ गलत काम किया। नाबालिग के बयान के आधार पर पुलिस ने मामले में दुष्कर्म की धाराओं का इजाफा कर आरोपी की तलाश शुरू की।

## एनसीसी कैडेटों का सागर में हुआ स्वागत




( नि.प्र. )

सागर। दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस परेड में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर लौटे 7 वीं बटालियन एनसीसी के सभी कैडेटों का सागर आगमन पर बटालियन परिसर में भव्य स्वागत किया गया। इस उपलब्धि से सागर ग्रुप, मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ एनसीसी निदेशालय का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित हुआ। इस स्वागत समारोह में बटालियन के समस्त अधिकारी, डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय परिवार, विभिन्न महाविद्यालयों के प्राचार्यगण, एनसीसी कैडेटों के परिवारजन एवं बड़ी संख्या में एनसीसी कैडेट उपस्थित रहे। डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय की ओर से कुलपति प्रो. (डॉ.) यशवंत सिंह ठाकुर एवं कुलसचिव डॉ. एस. पी. उपाध्याय एवं विश्वविद्यालय परिवार ने बधाईयां प्रेषित की हैं। कार्यक्रम में डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय से डॉ. सुमन पटेल, गर्ल्स डिग्री कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आनंद तिवारी, खरे सर, डॉ. अंशु सोनी, बी.टी. इंस्टिट्यूट ऑफ एक्सीलेंस के प्राचार्य डॉ. राजू टंडन, डॉ. संचिता जैन, किरण तिवारी, नित्या श्रीवास्तव सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

इस अवसर पर 7 वीं बटालियन की कैडेट SUO प्रथा सिंह उनाथ को ऑल इंडिया बेस्ट कैडेट सेकेंड रैंक प्राप्त करने पर विशेष सम्मान दिया गया। उनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि ने सागर, ग्रुप हेडक्वार्टर, मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ एनसीसी निदेशालय को राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया।

**सांस्कृतिक दल से RDC में सहभागिताः-** 7वीं बटालियन की कैडेट सारा पांडेय एवं कैडेट विधि चौबे ने सांस्कृतिक दल के माध्यम से गणतंत्र दिवस परेड, दिल्ली में सहभागिता कर अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुति से बटालियन एवं विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया।

**प्राप्त सम्मान एवं पदकः**

ऑल इंडिया बेस्ट कैडेट (AIBC) **द्वितीय पदक-** डीजी एप्रिसिएशन मेडेलियन राज्यपाल द्वारा प्रदान किया गया पदक।

**मुख्यमंत्री द्वारा प्रदान किया गया पदक प्रोत्साहन राशिः**

एडीजी (ADG) द्वारा 25,000

मुख्यमंत्री द्वारा 75,000

डीजी (DG) से राशि अभी प्राप्त नहीं हुई है (पुष्टि शेष)

विशेष उपलब्धियांः SUO प्रथा सिंह उनाथ के निवास पर नौसेना प्रमुख, राज्यपाल, मुख्यमंत्री एवं रक्षा मंत्री द्वारा गृह भ्रमण कर सम्मान किया गया। इसके साथ ही फ्लैग एरिया में रक्षा सचिव को ब्रीफिंग देने का गौरव भी उन्हें प्राप्त हुआ। अंत में सभी कैडेटों के अनुशासन, समर्पण एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

## 31 यूनिट हुआ रक्तदान,37 लोगों ने कराया रक्त परीक्षण

( नि.प्र. )



सागर। वैश्य महासम्मेलन युवा इकाई द्वारा जिला चिकित्सालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में पुरुष, युवाओं के अलावा महिलाओं ने भी भाग लिया। इस रक्तदान शिविर में कुल 31 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ एवं 37 व्यक्तियों ने अपना रक्त परीक्षण भी कराया। आयोजन की शुरूवात संगठन की महिला नगर प्रभारी रोहणी साहू एवं उनकी बेटी शुभी साहु ने एक साथ रक्तदान कर समाज के लिये उत्कृष्ट उदाहरण पेश किया। रोहणी साहू ने कहा कि हाल ही में एक हादसे में रक्त की कमी के कारण हुई मृत्यु से विचलित होकर उन्हें इस रक्तदान की प्रेरणा मिली। रक्तदान के शिविर में मुख्य अतिथि वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश महामंत्री निकेश गुप्ता ने कहां की रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं होता, क्योंकि इसमें हम शरीर के ही एक तत्व का दान किसी के प्राणों की रक्षा के लिए करते हैं। इसे करने के बाद हमें परमानंद की प्राप्ति होती है, हम अपने आप को ईश्वर के और ज्यादा करीब महसूस कर पाते हैं। विशिष्ट अतिथि के रूप में युवा प्रदेश महामंत्री सचिन जैन स्पोर्ट्स, युवा संभागीय अध्यक्ष नितिन जैन, संभागीय अध्यक्ष गिरजेश सोनी, महिला संभागीय अध्यक्ष विनीता केसरवानी, जिला अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, जिला प्रमुख गजेंद्र गुप्ता शामिल हुए। युवा जिला अध्यक्ष विकास केसरवानी ने बताया कि रक्त का उपयोग थैलेसीमिया की बीमारी से लड़ रहे बच्चों के प्राणों की रक्षा के लिए किया जाएगा। सचिन जैन एवं मनीष अग्रवाल ने कहा कि रक्तदान सर्वोच्च दान है इसे करके एक तरफ हम लोगों के प्राणों की रक्षा करते हैं दूसरी तरफ हम स्वयं भी स्वस्थ रहते हैं, दूसरों को शिक्षा देने के पहले हमें स्वयं भी उसका अनुसरण कर अपने आचरण में लाना चाहिए। रक्तदान के दौरान महिलाओं एवं बच्चों ने सेल्फी भी निकाली। शिविर के समापन के अवसर पर युवा जिला प्रभारी धर्मेंद्र गुप्ता ने सभी रक्त वीरों एवं अतिथियों का आभार किया। रक्तदान करने वालों में मुख्य रूप से संध्या केसरवानी, दीपिका जैन, नीरज गुप्ता, मनीष अग्रवाल,अनमोल अग्रवाल, दीपेश अग्रवाल, डॉ नितिन जैन, नमन सोनी, यशवर्धन गुप्ता ने भाग लिया

### धमकाने का आरोपी गिरफ्तार

सागर ( नि.प्र. ) गोपालगंज थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र में आने वाली गुलाब कालोनी में घर में घुसकर जान से माने की धमकी देने के आरोपी लोकेश उर्फ मुन्नालाल अहिरवार निवासी अहमद का बगीचा को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों को न्यायालय में पेश किया। पुलिस ने बताया कि फरियादी कृष्ण कुमार दुबे निवासी गुलाब कॉलोनी ने थाना में आकर रिपोर्ट दर्ज करवाई। जिसमें उसने बताया कि 17 जनवरी की रात करीब 10 से सवा दस बजे के बीच मेरे घर के सामने आरोपियों द्वारा विवाद करते हुए घर में घुसकर गाली-गलौज की गई तथा जान से मारने की धमकी देते हुए चाकू से हमला करने का प्रयास किया गया। फरियादी की रिपोर्ट पर तत्काल थाना में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। विवेचना के दौरान एक आरोपी फरार हो गया था।

### भाजपा 11 फरवरी को 'समर्पण दिवस' के रूप में मनाएगी पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि

सागर ( नि.प्र. ) भारतीय जनता पार्टी 11 फरवरी को एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि को 'समर्पण दिवस' के रूप में मनाएगी। पार्टी ने निर्णय लिया है कि इस अवसर पर जिले के सभी बूथों पर विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

इस आयोजन की तैयारियों को लेकर सागर संभागीय भाजपा कार्यालय में जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी की अध्यक्षता में एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में समर्पण दिवस पर बूथ स्तर पर होने वाले कार्यक्रमों की विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई और प्रभावी क्रियान्वयन हेतु रणनीति बनाई गई। साथ ही, कार्यक्रमों के सफल नियोजन के लिए कार्यकर्ताओं को अलग-अलग दायित्व सौंपे गए। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का त्याग और समर्पण हम सभी कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि हमें उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाना है। श्री तिवारी ने सभी कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे अपने-अपने बूथों पर समर्पण दिवस के कार्यक्रमों को पूरी भव्यता और निष्ठा के साथ आयोजित करें। सिमर्पण दिवस कार्यक्रम हेतु जिला स्तरीय टोली का गठन किया गया है, जिसमें जिला कोषाध्यक्ष निकेश गुप्ता को संयोजक एवं जिला उपाध्यक्ष जगन्नाथ गुरैया को सह-संयोजक बनाया गया है। बैठक का संचालन आईटी विभाग संयोजक बालकिशन सोनी ने किया एवं आभार निकेश गुप्ता ने माना। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष जगन्नाथ गुरैया, जिला कार्यालय मंत्री देवेंद्र कटारे, मंडल अध्यक्ष नीरज यादव, प्रदेश सह-संयोजक प्रासुक जैन, मनीष चौबे, अंशुल हर्ष, मनोज रैकवार, नितिन सोनी, सोनल सोनी और युवराज तोमर सहित अपेक्षित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।उक्त जानकारी जिला सह मीडिया प्रभारी आलोक केसरवानी ने दी।

## महाराष्ट्र कर्नाटक क्षेत्र के प्रसिद्ध दत्तात्रेय स्वामी समर्थ पंथ के संत आबा साहेब गंगा आरती में हुए शामिल

( नि.प्र. )



सागर। गंगा आरती का सांस्कृतिक आध्यात्मिक आयोजन सागर के ऐतिहासिक लाखा बंजारा झील की स्वच्छता का प्रेरक बनने के साथ साथ सागर का मान देश प्रदेश में बढ़ाने में सहयोगी बना है। दूर दूर से आगनतुक गंगा आरती में शामिल हो धर्मलाभ ले रहे हैं। महाराष्ट्र कर्नाटक क्षेत्र के प्रसिद्ध दत्तात्रेय स्वामी समर्थ पंथ के संत आबा साहेब गंगा आरती में शामिल हुए। संत श्री आबा साहेब ने कहा की सागर में गंगा आरती ऐसी लगी जैसे साक्षात् गंगा किनारे खड़े हों, सभी का खूब खूब कल्याण हो। प्रत्येक सोमवार को झील किनारे महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों और युवाओं सहित बड़ी संख्या में नागरिकगण गंगा आरती में शामिल होकर धर्म लाभ ले रहे हैं। सागर शहर की ऐतिहासिक पहचान लाखा बंजारा झील को स्वच्छ, सुंदर बनाने के उद्देश्य से नगर निगम आयुक्त एवं स्मार्ट सिटी सह कार्यकारी निदेशक राजकुमार खत्री के मार्गदर्शन में झील के किनारे चकराघाट पर प्रत्येक सोमवार को नियमित रूप से गंगा आरती का आयोजन किया जा रहा है। निगमायुक्त द्वारा प्रारम्भ कराई गई गंगा आरती का नवाचार बड़ी संख्या में नागरिकों को श्रद्धा के साथ स्वच्छता के प्रति जागरूक बना रहा है । स्वच्छता के साथ भक्ति प्रेरणा से प्रेरित होकर प्रति सोमवार आयोजित होने वाली इस गंगा आरती में शहर के विभिन्न वार्डो से बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन श्रद्धा, उत्साह और हर्षोल्लास के साथ सहभागिता कर रहे हैं। गंगा आरती में नागरिक बन सकते हैं मुख्य यजमान लाखा बंजारा झील पर आयोजित गंगा आरती में समय-समय पर शहर के सम्माननीय नागरिक मुख्य यजमान बनकर सहभागिता कर रहे हैं। प्रत्येक सोमवार जो भी श्रद्धालु यजमान बनना चाहते हैं, वे आरती से 30 मिनट पूर्व संपर्क कर सकते हैं।

### नोडल स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता



( नि.प्र. )

सागर। भाग्योदय तीर्थ फार्मेसी महाविद्यालय, सागर में प्राजीव गाँधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय से संबंद्ध अंर्तमहाविद्यालयीन नोडल स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता 2026 का आयोजन किया गया। जिसमें आई.जी.सी. बहेरिया, वैदिक महाविद्यालय पथरिया जाट, एडिना महाविद्यालय लेहदरा नाका, बीटीआईआरटी सिरोंजा, भाग्योदय तीर्थ फार्मेसी महाविद्यालय सागर के विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया जिसमें महिला वर्ग से छात्रा अंशिका अहिरवार प्रथम स्थान पर (एडिना) एवं पुरूष वर्ग में पुष्पेन्द्र सोनकर प्रथम स्थान पर (बीटीआईआरटी), द्वितीय स्थान पर सृजन कुमार सोनी एवं तृतीय स्थान पर छात्र संजय कोष्ठी (एडिना) रहे। प्रतियोगियों की सफलता पर भाग्योदय तीर्थ धर्मार्थ न्यास के निदेशक सुगम कोठारी, प्राचार्य डॉ. आशुतोष पाल जैन, नोडल प्रतिनिधी विनय शुक्ला, डॉ. अमित कुमार जैन,रीतेश कुमार जाटव, बी.एल. साहू, पिंकू पांडे एवं समस्त भाग्योदय तीर्थ परिवार ने बधाई दी।



# आग का दरिया है यह झील

**यह आग की झील है। इसका पानी इस्तेमाल करना तो दूर, यहां खड़े होने के बारे में भी सोच नहीं सकते? अगर आपने छलांग लगाई तो जलकर खाक हो जाएंगे।**

दोस्तों, तुमने बहुत-सी अनोखी और प्राकृतिक सौंदर्य से सराबोर नदियों के बारे में सुना होगा। हो सकता है देखा भी हो। बहुत-सी नदियों के नीले साफ पानी में आपने अपने परिवार और दोस्तों के साथ मौज-मस्ती भी की होगी। करें भी क्यों न नदियों का ठंडा नीला पानी सभी को लुभाता है। इसके ठंडे पानी में घुटनों तक खड़े होकर दूर आसमान को निहारने का लुत्फ अलग ही होता है। पहाड़ी इलाकों में तो नदियों का पानी इस कदर साफ होता है कि लोग हर काम के लिए इन्हीं के जल पर निर्भर होते हैं। यहां तक कि उन्हें इस पानी को पीने में कोई गुरेज नहीं होता। लेकिन क्या आप एक ऐसी नदी के बारे में जानते हैं, जहां का पानी इस्तेमाल करना तो दूर, आप वहां खड़े होने के बारे में भी सोच नहीं सकते? अगर आपने ऐसा करने की हिमाकत की तो आप जलकर खाक हो जाएंगे।

जी हां, अमूमन सागर और झीलों को ठंडक देने के लिए जाना जाता है लेकिन तंजानिया में स्थित नेटरोन झील ठंडे पानी की बजाय अपने तापमान को लेकर पूरे विश्व में मशहूर है। केन्या बॉर्डर से लगती इस झील का तापमान 60 डिग्री सेल्सियस से अधिक रहता है और इसके पानी में सोडा और नमक की मात्रा भी काफी अधिक है। इसीलिए इसे जंगली जानवरों और पक्षियों के लिए उपयुक्त नहीं माना जाता। बहुत अधिक गर्म होने के कारण यहां पर एक बार छलांग लगाने वाला जीव सख्त पत्थर में परिवर्तित हो जाता है। यहां तक कि अब भी इस झील और इसके आसपास ऐसे जीवों के पत्थरनुमा शरीर देखे जा सकते हैं। अपनी अद्वितीय जैव विविधता के कारण तंजानिया ने 4 जुलाई, 2001 को इस झील को रामसर लिस्ट में शामिल किया, जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी खासा महत्व रखती है।

## 10 फुट से भी कम गहराई

इस झील का जल स्तर काफी कम है। यह लगभग तीन मीटर अर्थात 9.8 फुट से भी कम गहरी है। झील के आसपास का क्षेत्र सूखा है हालांकि यहां अनियमित मौसमी वर्षा भी होती है। अमूमन झील का रंग उच्च वाष्पीकरण दरों द्वारा निर्धारित होता है। जब गर्मी के मौसम में झील का पानी भाप बन जाता है और झील पूरी तरह सूख जाती है, तब झील में केवल नमक ही शेष बचता है। ऐसे में, नमक से प्रेम करने वाले सूक्ष्मजीव वहां पनपने लगते हैं। यह सूक्ष्म जीव भी पौधों की भांति प्रकाश संश्लेषण द्वारा अपना भोजन स्वयं बनाने में सक्षम होते हैं। इन सूक्ष्मजीवों की प्रकाश संश्लेषण प्रक्रिया के कारण झील का रंग लाल और कहीं-कहीं नारंगी भी होता है तथा सतह पर क्षार नमक और सूक्ष्मजीवों के कारण इसका रंग गुलाबी और लाल पाया जाता है। साथ ही नमक, दलदल और ताजा पानी झील के आसपास विभिन्न किस्म के पौधों को उगने के लिए समर्थन करते हैं।

## अब आया नया खतरा

अब तक जहां सिर्फ इसका तापमान ही जंगली जानवरों और पक्षियों के लिए खतरे का कारण था, वहीं अब झील पर भी एक नया खतरा मंडरा रहा है। यह नया खतरा उसके किनारे पर सोडा राख संयंत्र का प्रस्तावित विकास है। इस संयंत्र द्वारा झील से पानी पंप करके सोडियम कार्बोनेट निकाला जाएगा, जिससे निर्यात करने के लिए वाशिंग पाउडर बनाया जाएगा। संयंत्र के साथ 1,000 से अधिक कार्यकर्ताओं और एक कोयला आधारित पावर स्टेशन के लिए संयंत्र परिसर में ऊर्जा प्रदान करने के लिए आधार भी बनेगा। साथ ही यह भी संभावना जताई जा रही है कि निकासी की क्षमता बढ़ाने के लिए डेवलपर्स वहां एक हाइब्रिड ब्रान शिम्प अर्थात संकर नमकीन शिम्प की शुरुआत करेंगे। इस संयंत्र से झील को कितना नुकसान होता है, यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा।



# मूर्खता से जन्मा अक्ल का पुतला

**काफी पुरानी बात है। एक सहृदय बालक था। उसकी आयु लगभग 10 वर्ष थी। उस बालक को इंसानों के साथ-साथ पशु-पक्षियों और जानवरों से भी प्यार था। उसके पास कुत्ते थे। बालक कुत्तों का ध्यान रखता था और अक्सर उनके साथ खेलता भी था।**

बालक का मित्र कुत्तों को कम बिल्लियों को अधिक पसंद करता था। एक बार दोनों में कुत्ते और बिल्ली पर बात हुई। मित्र की बिल्ली पर दी गई दलीलों से प्रभावित होकर बालक ने एक बिल्ली को पालने का निश्चय किया और मित्र से कहा, ''तू मुझे एक अच्छी-सी बिल्ली लाकर दे।''

अगले दिन मित्र ने उसे एक बिल्ली लाकर दे दी। बालक बिल्ली को ठीक से पालने लगा। लगभग छह महीने बाद बिल्ली ने दो स्वस्थ और सुंदर बच्चों को जन्म दिया। बिल्ली के बच्चे उस बालक को बड़े अच्छे लगे। वह उनके साथ भी खेलने लगा। एक रात बरसात पड़ने लगी। बच्चे और बिल्ली भीगने लगे तो बिल्ली घर के दरवाजे पर पंजे मारते हुए मिमियाने लगे। बालक ने उठकर दरवाजा खोला तो बच्चे और बिल्ली अंदर आ गए।

बालक ने कपड़े से उनके शरीर पोंछे और कपड़ों में लपेटकर बिठाया। रात को किसी समय बिल्ली दरवाजे के पास खड़े होकर बाहर जाने की कोशिश में फिर मिमियाने लगी। बालक ने दरवाजा खोला तो वे तीनों बाहर चले गए। बालक दरवाजा बंद कर अपने बिस्तर में घुस गया। कुछ ही क्षणों बाद दरवाजे पर बिल्ली की दस्तक सुनाई पड़ी तो बालक ने दरवाजा खोला। तीनों अंदर आए और पहले के स्थान पर बैठ गए। बालक भी दरवाजा बंद कर अपने बिस्तर में सो गया। रात में बिल्ली के मिमियाने से फिर उसकी आंख खुली। देखा, वह बाहर जाना चाहती थी। उसने फिर दरवाजा खोला। तीनों प्राणी बाहर चले गए। कुछ देर बाद वे पुनः लौटे। इस बार-बार की आवाजाही से बालक तंग हो गया। सुबह उसने एक बढ़ई को बुलाया और उसे बताया कि इस दरवाजे की लकड़ी के नीचे की ओर दो छोटे-बड़े छेद बना दो ताकि बड़े छेद से बिल्ली और छोटे छेद से बच्चे आ-जा सकें। बढ़ई को बालक की बात सुनकर हंसी आ गई। उसने कहा, ''बाबू, दो छेद का इसके लिए क्या काम? जिस छेद से बिल्ली आए-जाएगी वही बच्चों के लिए भी काम आ जाएगा।''

बालक ने किंचित आश्चर्य से पूछा, ''ऐसा कैसे संभव है। बिल्ली के लिए बड़ा छेद चाहिए और बच्चों के लिए छोटा। ऐसे में एक छेद दोनों के काम कैसे आएगा?''

बढ़ई बालक की अल्प बुद्धि पर फिर हंसा। उसने कहा, ''रुको, बिल्ली के लिए एक छेद बनाने दो। फिर खुद ही देख लेना।''

बढ़ई ने अपने थैले से आरी और दूसरे औजार निकाले और काम शुरू कर दिया। कुछ ही मिनट में उसने ऐसा एक गोल छेद बना दिया जिससे बिल्ली आसानी से आ-जा सके। बिल्ली वहीं पास ही बच्चों के साथ घूम रही थी। बढ़ई ने बालक से कहा, ''अब बिल्ली को पकड़ो और इस छेद से अंदर पहुंचा दो।''

बालक ने बिल्ली को पकड़ कर दरवाजे तक पहुंचाया तो बच्चे भी पीछे-पीछे वहां तक आ गए। जैसे ही बिल्ली छेद से भीतर गई, बच्चे खुद-ब-खुद उस छेद से होकर अंदर चले गए। बालक को थोड़ी हैरत हुई। वह सोचने लगा कि वह कितना मूर्ख है। जरा-सी बात उसके दिमाग में क्यों नहीं आई। बढ़ई चुपचाप उसे सोचते हुए देखकर मुस्कुरा रहा था।

यह दस-ग्यारह वर्षीय बालक बड़ा होकर अक्ल का पुतला साबित हुआ। इसे हम वैज्ञानिक और गणितज्ञ आइजक न्यूटन के नाम से जानते हैं। इनकी विलक्षण प्रतिभा के कारण ही इन्हें 'सर' की उपाधि प्रदान की गई।

# गजब है ये दुनिया

**दुनिया में जीव-जंतुओं की करीब 78 लाख प्रजातियां हैं, जिनमें से बहुतों के बारे में तो कुछ खास जानकारी हमारे पास नहीं हैं। लेकिन जिनके बारे में हमें पता है, उनमें से हर जीव की अपनी एक खासियत होती है। आओ, आज तुम्हें कुछ जीवों के बारे में मजेदार बातें बताते हैं**





- दुनिया का सबसे बड़ा जीव ब्लू व्हेल है। इसकी लंबाई करीब 100 फुट और वजन कम से कम 125 टन होता है। यानी इसका वजन करीब चार बड़े डायनासोर या 23 हाथी या 230 गायों या 1800 आदमियों के बराबर होता है।
- तुमने अंग्रेजी की यह कहावत सुनी होगी- 'इट्स रेनिंग कैट्स एंड डॉग्स'। वैसे कुत्तों और बिल्लियों की बारिश तो अब तक कहीं देखी नहीं गई है, लेकिन दुनिया के कई हिस्सों में मछलियों, मेंढकों, मृत पक्षियों, सांपों, घोंघों (स्नेल), झींगुरों, कीडमें और जेली फिश की बारिश के मामले जरूर देखने को मिले हैं।
- कई प्राणी अपने शरीर से प्रकाश पैदा करते हैं। इसे 'बायोलुमिनेसेंस' कहते हैं। ब्राजील में पाए जाने वाले 'रेलरोड वर्म' के सिर पर रेड लाइट होती है और नीचे की ओर ग्रीन लाइटें होती हैं।
- दुनिया का सबसे तेज उड़ने वाला पक्षी 'पेरग्रिन फॉल्कन' है। यह 168 मील (270 किलोमीटर) प्रति घंटा से लेकर 217 मील (349 किलोमीटर) प्रति घंटा तक की गति से उड़ सकता है।
- घड़ियाल (एलिगेटर) के बारे में एक मजेदार बात यह है कि अगर अंडा देने की जगह का तापमान (टेम्परेचर) 90 से 93 डिग्री है तो अंडे से नर (मेल) बच्चा निकलेगा और अगर तापमान 82 से 86 डिग्री होगा तो अंडे से मादा (फीमेल) बच्चा निकलेगा।
- मेरियन कछुए (150 साल), फिन व्हेल (113 साल) और गहरे समुद्र में पाई जाने वाली क्लैम यानी डीप-सी क्लैम (100 साल) सबसे ज्यादा वर्षों तक जीवित रहने वाले जीव हैं।
- गाय खड़े-खड़े भी सो सकती है।
- कुछ मेंढक अपनी आंखों को अपने गले में खींच लेते हैं और उसकी मदद से खाने को अंदर धकेल लेते हैं।
- एक वयस्क अफ्रीकन हाथी एक दिन में 600 पाउंड भोजन खाता है, जो उसके शरीर के वजन का चार प्रतिशत होता है।
- दुनिया की सबसे छोटी मछलियां फिलीपींस की पिग्मी गोबी और लूजन गोबी हैं। पूरी तरह बढ़ जाने के बाद भी इनकी लंबाई केवल एक से डेढ़ सेंटीमीटर ही होती है।
- आदमी के बाद औजारों का सबसे ज्यादा इस्तेमाल चिम्पांजी करते हैं।
- मैंड्रिल लंगूर की नाक लाल, गाल नीले और दाढ़ी नारंगी होती है।
- हमिंगबर्ड अपने पंखों को एक सेकेंड में 50 से 70 बार तक फड़फड़ा सकती है।
- जब ऑक्टोपस को गुस्सा आता है तो ब्लैक इंक जैसी बौछारें छोड़ता है।
- पूरी दुनिया में 100 अरब (बिलियन) पक्षी हैं, जिनमें से 6 अरब अकेले अमेरिका में पाए जाते हैं।
- ऑस्ट्रेलिया के तटों (कोस्ट) के पास रहने वाली स्टोनफिश दुनिया की सबसे जहरीली मछली है।
- ज्यादातर अफ्रीका में पाया जाने वाला काली गर्दन वाला कोबरा सांप अपना जहर अपने शिकार की आंखों में उगलता है, जिससे उसका शिकार अंधा हो जाता है।
- सप्तर्षि पक्षी (डिपर बर्ड) अपना घोंसला झरनों के पीछे बनाता है, ताकि वह सुरक्षित रह सके।
- नीलकंठ (ब्ल्यू जे) पक्षी अक्सर यह भूल जाता है कि जाड़े के मौसम के लिए अपना खाना कहां छुपा रखा है।
- कुछ बत्तखें (डक) और कलहंस (गूस) एक दिन में 330 मील यानी करीब 530 किलोमीटर तक उड़ सकते हैं।
- लंग फिश पानी के बाहर भी चार साल तक जिंदा रह सकती है।
- सालामैंडर नाक से नहीं, अपनी त्वचा (स्किन) से सांस लेते हैं।
- कुछ मछलियों की आंखों का आकार उनके पेट के बराबर होता है।
- एक ओकापी (इसे जंगली जिराफ या जेब्रा जिराफ के नाम से भी जाना जाता है) की जीभ 17 इंच तक लंबी हो सकती है।
- एक उल्लू की आंखें उसके दिमाग से बड़ी होती हैं।
- जिराफ की जीभ काली होती है।
- बिल्ली के दोनों कानों में 32-32 नसें होती हैं।
- मधुमक्खियों के बाल उनकी आंखों पर होते हैं।



# जिम्बाब्वे ने ओमान को आठ विकेट से हराया




कोलंबो (वार्ता)।

ब्लेसिंग मुजारबानी, रिचर्ड अंगारावा और ब्रैड एवंस (तीन-तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद ब्रायन बेनेट (नाबाद 48) और ब्रेंडन टेलर ( रिटायर हर्ट 31) की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत जिम्बाब्वे ने सोमवार को टी-20 विश्वकप के आठवें मुकाबले में ओमान को 39 गेंदे शेष रहते आठ विकेट से हरा दिया। 104 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी जिम्बाब्वे को चौथे ओवर में सुफियान महमूद ने तड़िवनाशे मारुमानी (21) और डिओन मेयर्स (शून्य) को आउट कर दो झटके दिये। चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने आये ब्रेंडन टेलर ने ब्रायन बेनेट के साथ पारी को संभाला और रन बटोरे। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 68 रनों की साझेदारी हुई। ब्रेंडन टेलर 31 के स्कोर पर रिटायर हर्ट हुए। जिम्बाब्वे ने 13.3 ओवर में दो विकेट पर 106 रन बना कर मुकाबला आठ विकेट से जीत लिया। ब्रायन बेनेट ने 36 गेंदों में नाबाद 48 रन बनाये। कप्तान सिकंदर रजा पांच रन बनाकर नाबाद रहे। जिम्बाब्वे ने इस तरह अपनी पहली जीत दर्ज की। ओमान के लिए सुफियान महमूद ने दो विकेट लिये।

इससे पहले आज यहां जिम्बाब्वे ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी ओमान की शुरुआत खराब रही और उसने अपने शीर्ष पांच बल्लेबाज 27 के स्कोर तक गंवा दिये। इसके बाद सुफियान महमूद और विनायक शुक्ला की जोड़ी ने पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच छठे विकेट के लिए 42 रनों की साझेदारी हुई। 15वें ओवर में रिचर्ड अंगारावा ने विनायक शुक्ला 21 गेंदों में (28) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसी ओवर में अंगारावा ने जितेन रामानंदी (एक) को भी आउट कर पवेलियन भेज दिया। 17वें ओवर में ब्रैड एवंस ने सुफियान महमूद (25) को अपना शिकार बना लिया। नदीम खान ने 18 गेंदों में 20 रन बनाये। जिम्बाब्वे के गेंदबाजी आक्रमण के आगे ओमान की पूरी टीम 19.5 ओवर में 103 रन पर सिमट गई। जिम्बाब्वे के लिए ब्लेसिंग मुजारबानी, रिचर्ड अंगारावा और ब्रैड एवंस ने तीन-तीन विकेट लिये। सिकंदर रजा ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

## स्कॉटलैंड ने इटली को 73 रनों से हराया

**कोलकाता (वार्ता)।** जॉर्ज मंसी (84) और ब्रैंडन मक्मलेन (नाबाद 41) की शानदार पारियों के बाद माइकल लीस्क (नाबाद 22 रन और चार विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत स्कॉटलैंड ने सोमवार को टी-20 विश्वकप में इटली को 73 रनों से हराकर टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज की। 208 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इटली की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पहले ही ओवर में जस्टिन मोस्का (शून्य) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद एंथनी मोस्का और जे जे स्मट्स की जोड़ी ने दूसरे विकेट के लिए 31 रन जोड़े। चौथे ओवर में ब्रैडली करी ने जे जे स्मट्स 11 गेंदों में 22 रन को आउटकर पवेलियन भेज दिया। एंथनी मोस्का (13) रन बनाकर आउट हुये। संकट के समय हैरी मनेंटी और बेंजमिन मनेंटी की जोड़ी ने पारी को संभाला। 13वें ओवर में माइकल लीस्क ने हैरी मनेंटी 25 गेंदों में 37 रन को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। अगले ही ओवर में ऑलिवर डेविडसन ने बेंजमिन मनेंटी को आउट कर पवेलियन भेज दिया। बेंजमिन मनेंटी ने 31 गेंदों में पांच चौके और एक छक्का लगाते हुए 52 रन बनाये। इसके




बाद स्कॉटलैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे इटली के बल्लेबाज नहीं टिक सके और उनकी पूरी टीम 16.4 ओवर में 134 रन पर सिमट गई। स्कॉटलैंड के लिए माइकल लीस्क ने चार विकेट लिये। मार्क वॉट को दो विकेट मिले। ब्रैडली करी, ब्रैड व्हील और ऑलिवर डेविडसन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां टॉस जीतकर इटली ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी स्कॉटलैंड की जॉर्ज मंसी और माइकल जोंस की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 126 रन जोड़े।



# भारत-पाक वर्ल्ड कप मैच पर आखिरी फैसला शहबाज शरीफ लेंगे

इस्लामाबाद (वार्ता)।

जियो न्यूज ने सोमवार को बताया कि प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ इस बात पर आखिरी फैसला लेंगे कि पाकिस्तान पुरुष टी20 विश्व कप 2026 में भारत के मैच का बॉयकॉट जारी रखेगा या नहीं। रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के चेयरमैन मोहसिन नकवी आज दिन में बाद में प्रधानमंत्री शहबाज से मिलकर उन्हें इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) के डेलीगेशन के साथ अपनी हालिया बातचीत के बारे में जानकारी देंगे। पाकिस्तान ने बंगलादेश के साथ एकजुटता दिखाते हुए अपने कट्टर विरोधी भारत के साथ नहीं खेलने के अपने फैसले की घोषणा की है, जिसे सुरक्षा चिंताओं के कारण टीम को भारत भेजने से इनकार करने के बाद टूर्नामेंट से हटा दिया गया था। एक दिन पहले,पीसीबी,आईसीसी और बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के बीच पांच घंटे से ज़्यादा समय तक बातचीत चली, जिसमें नकवी, बीसीबी प्रेसिडेंट अमीनुल इस्लाम बुलबुल और आईसीसी के डिप्टी चेयरमैन इमरान ख्वाजा शामिल हुए थे। जियो न्यूज़ के मुताबिक, मीटिंग के दौरान आईसीसी ने बंगलादेश की मांगों पर पॉज़िटिव जवाब दिया और बीसीबी की शिकायतों को दूर करने के लिए एक फ़ॉर्मूला तैयार किया गया।

आईसीसी और बीसीबी के बीच प्रपोज़ल का लेन-देन हुआ, जबकि पीसीबी ने बातचीत के दौरान कोऑर्डिनेट करने में अहम भूमिका निभाई। आईसीसी के डिप्टी चीफ़ ख्वाजा प्रपोज़ल को फ़ाइनल मंज़ूरी देने के लिए काउंसिल के हेडक्वार्टर लौट आए हैं, जबकि बुलबुल ढाका में अधिकारियों को जानकारी देने के लिए बांग्लादेश वापस चले गए हैं। एक बार प्रपोज़्ड फ़ॉर्मूला फ़ाइनल हो जाने के बाद, आईसीसी और बीसीबी के अधिकारी सोमवार को बाद में फिर से मिलेंगे ताकि अगला कदम तय किया जा सके।

बंगलादेश और भारतीय क्रिकेट बोर्ड के बीच तनाव तब बढ़ गया जब बांग्लादेश के तेज़ गेंदबाज मुस्तफ़िज़ुर रहमान को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के निर्देशों के बाद इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से हटा दिया गया, जिससे ढाका में कड़ी प्रतिक्रिया हुई। इसके बाद, बीसीबी ने आईसीसी से बांग्लादेश के मैच भारत से बाहर कराने की रिक्वेस्ट की, लेकिन रिक्वेस्ट खारिज कर दी गई। बाद में आईसीसी ने टूर्नामेंट में बांग्लादेश की जगह स्कॉटलैंड को शामिल किया, यह कहते हुए कि 7 फरवरी को वर्ल्ड कप शुरू होने के इतने करीब शेड्यूल में बदलाव करना प्रैक्टिकल नहीं है।




**मोदीनगर (वार्ता)।** आईडब्ल्यूएलएफ नेशनल यूथ, जूनियर और सीनियर वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप के छठे दिन यादव फार्म हाउस में पुरुषों की 71 किग्रा कैटेगरी में ताकत और सटीकता का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला। रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड (आरएसपीबी) को रिप्रेजेंट करते हुए, एन अजीत ने पुरुषों की 71किग्रा सीनियर कैटेगरी में नेशनल स्नैच रिकॉर्ड तोड़कर भीड़ को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस कामयाबी ने भारत के प्रमुख लिफ्टरों में से एक के रूप में उनकी स्थिति को मजबूत किया है क्योंकि देश ग्लासगो 2026 कॉमनवेल्थ गेम्स की ओर देख रहा है। सीनियर सेक्शन: आरएसपीबी की जोड़ी आगे रही सीनियर पुरुषों के 71 किग्रा डिवीजन में, रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड ने गोल्ड और सिल्वर जीतकर अपना दबदबा दिखाया। एन अजित (रेलवे) ने 320 किग्रा के शानदार टोटल के साथ टॉप स्पॉट हासिल किया, जिसमें 145 किग्रा स्नैच और कैटेगरी में सबसे अच्छा 175 किग्रा क्लीन एंड जर्क शामिल था। टी माधवन (रेलवे ) ने कुल 317 किग्रा के साथ करीबी मुकाबला किया, क्लीन एंड जर्क में अजित के 175 किग्रा के बराबर, लेकिन स्नैच में 142 किग्रा के साथ थोड़ा पीछे रह गए। महाराष्ट्र के यश खंडागले ने कुल 300 किग्रा उठाकर ब्रॉन्ज़ मेडल जीता।

# शूट-ऑफ में मनु से फिसला स्वर्ण

## 25 मीटर पिस्टल में ईशा को कांस्य

नयी दिल्ली (वार्ता)।

एशियन राइफल/पिस्टल चैंपियनशिप 2026 में 25 मीटर महिला पिस्टल के रोमांचक फाइनल में भारत की मनु भाकर स्वर्ण पदक से बेहद करीब रहकर चूक गईं। डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में खेले गए इस फाइनल में वियतनाम की थुई त्रांग गुयेन ने दो शूट-ऑफ के बाद स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वहीं, ईशा सिंह ने इस चैंपियनशिप में अपना दूसरा व्यक्तिगत पदक जीतते हुए कांस्य हासिल किया। जूनियर वर्ग में नाम्या कपूर ने एक और बेहद रोमांचक शूट-ऑफ में स्वर्ण पदक जीता, जबकि इसी स्पर्धा में अंजलि भगवत ने कांस्य पदक अपने नाम किया। इसके साथ ही भारत के कुल पदकों की संख्या 60 तक पहुंच गई है, जिसमें 37 स्वर्ण, 13 रजत और 10 कांस्य पदक



शामिल हैं। फाइनल में ईशा सिंह ने पहली सीरीज में परफेक्ट पांच शॉट लगाकर शानदार शुरुआत की, जबकि मनु भाकर और थुई त्रांग ने चार-चार शॉट लगाए। तीनों निशानेबाज़ों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली और हर सीरीज के बाद पदक की स्थिति बदलती रही। भारतीय निशानेबाज़ लगातार वियतनामी खिलाड़ी पर दबाव बनाए हुए थे, लेकिन छठी सीरीज में गुयेन के परफेक्ट पांच शॉट्स ने उन्हें दो अंकों की बढ़त दिला दी। सातवीं सीरीज में गुयेन के एक शॉट लगाने का फायदा मनु और ईशा ने उठाते हुए अंतर कम कर दिया। आठवीं सीरीज के बाद 30 अंकों के साथ बढ़त पर चल रहीं ईशा सिंह नौवीं सीरीज में सभी शॉट चूक गईं और अंततः उन्हें कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। आखिरी सीरीज में मनु ने तीन जबकि गुयेन ने दो शॉट लगाए और दोनों 35 अंकों के साथ बराबरी पर रहीं, जिसके चलते मुकाबला शूट-ऑफ में गया। पहले शूट-ऑफ में दोनों निशानेबाज़ों ने दो-दो शॉट लगाए। इसके बाद दूसरे शूट-ऑफ में मनु तीन शॉट चूक गईं और स्वर्ण पदक से चूकना पड़ा। फाइनल में तीसरी भारतीय खिलाड़ी रिदम सांगवान चौथे स्थान पर रहीं। जूनियर फाइनल में नाम्या कपूर ने शूट-ऑफ में शानदार संयम दिखाते हुए स्वर्ण पदक जीता।

विश्व चैंपियनशिप में पदक जीतने वाली सबसे कम उम्र की भारतीय निशानेबाज नाम्या ने 29 शॉट लगाए, जो इंडोनेशिया की रिहादतुल अस्यीफा के बराबर थे। शूट-ऑफ में नाम्या ने तीन शॉट लगाए, जबकि अस्यीफा कोई भी शॉट नहीं लगा सकीं। अंजलि भगवत ने 24 अंकों के साथ कांस्य पदक जीता। क्वालिफिकेशन में शीर्ष स्थान हासिल करने वाली परिशा गुप्ता फाइनल में 14 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर रहीं। भारतीय टीमों ने सीनियर और जूनियर, दोनों वर्गों में टीम स्पर्धाओं का स्वर्ण पदक भी जीता।




# सुधीर सक्सेना ने इंटरनेशनल किकबॉक्सिंग कप में जीता रजत पदक

**नयी दिल्ली (वार्ता)** भारतीय किकबॉक्सिंग के उभरते सितारे सुधीर सक्सेना ने एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का मान बढ़ाते हुए 5वीं इंडिया ओपन इंटरनेशनल किकबॉक्सिंग कप में रजत पदक अपने नाम किया है। इस प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन 4 से 8 फरवरी, 2026 तक नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम (के.डी. जाधव इंडोर हॉल) में वाको इंडिया किकबॉक्सिंग फेडरेशन द्वारा किया गया। दुनिया भर के दिग्गज खिलाड़ियों के बीच सुधीर ने रिंग में अद्भुत तकनीक और अदम्य साहस का परिचय दिया। फाइनल तक के अपने सफर में उन्होंने कई कड़े मुकाबलों में जीत हासिल कर यह साबित कर दिया कि मेहनत और संकल्प से किसी भी लक्ष्य को पाया जा सकता है।

सुधीर की इस सफलता के पीछे उनके परिवार का त्याग और निरंतर प्रोत्साहन रहा है। अपनी इस जीत को परिवार को समर्पित करते हुए सुधीर ने कहा, मेरी इस सफलता की नींव मेरे पिता सुरेश सक्सेना और मेरी पत्नी प्रियंका गौतम हैं। उनके अटूट विश्वास और समर्थन ने ही मुझे कठिन प्रशिक्षण के दौरान हार न मानने की शक्ति दी। यह पदक जितना मेरा है, उतना ही मेरे परिवार का भी है।

# चावल, चीनी, दालें महंगी- गेहूं सस्ता

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में सोमवार को चावल के औसत भाव बढ़ गये। चावल के साथ चीनी और दालों की कीमतों में भी तेजी रही जबकि गेहूं में भी नरमी देखी गयी। खाद्य तेलों की कीमतों में उतार-चढ़ाव रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 94 रुपये बढ़कर 3,850 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गयी। गेहूं भी 31 रुपये टूट गया और 2,851 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटा 42 रुपये सस्ता हुआ। दाल-दलहनों में तेजी रही। तुअर दाल की औसत कीमत 198



रुपये बढ़ गयी। चना दाल 157 रुपये और मसूर दाल 130 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। मूंग दाल 102 रुपये और उड़द दाल 32 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अप्रैल वायदा आठ रिंगिट बढ़कर 4,162 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। अमेरिकी सोया तेल का मार्च वायदा भी 1.55 प्रतिशत की मजबूती के साथ 56.19 सेंट प्रति पौंड बोला गया। स्थानीय बाजारों में सोया तेल की औसत कीमत 131 रुपये और पाम ऑयल की 102 रुपये प्रति क्विंटल टूट गयी।

सूरजमुखी तेल में 45 रुपये और मूंगफली तेल में 30 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही। वनस्पति की कीमत 88 रुपये और सरसों तेल की 39 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गयी। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव 118 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गये।

## रुपया एक पैसे कमजोर

**मुंबई (वार्ता)।** अंतर बैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया सोमवार को एक पैसे कमजोर हुआ और कारोबार की समाप्ति पर एक डॉलर 90.66 रुपये का बोला गया। भारतीय मुद्रा लगातार दूसरे दिन कमजोर हुई है। पिछले कारोबारी दिवस पर यह 31 पैसे टूटकर 90.65 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुई थी। यह एक पैसे फिसल कर 90.66 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और बीच कारोबार में ऊपर 90.37 रुपये तथा नीचे 90.77 रुपये प्रति डॉलर तक गया। वाणिज्यिक बैंकों की ओर से डॉलर की खरीद बढ़ाने से रुपये पर दबाव रहा।

# एमएसएमई के लिए रेहन-मुक्त ऋण सीमा 20 लाख रुपये करने की अधिसूचना जारी

**मुंबई (वार्ता)।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के लिए रेहन-मुक्त ऋण देने की सीमा बढ़ाकर 20 लाख रुपये करने संबंधी अधिसूचना सोमवार को जारी कर दी। केंद्रीय बैंक की मौद्रिक नीति समिति की बैठक के बाद गत 06 फरवरी को आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने इसकी घोषणा की थी। पहले यह सीमा 10 लाख रुपये थी। उन्होंने कहा कि काफी समय से इस सीमा में बदलाव नहीं किया गया था। आरबीआई ने आज जारी अधिसूचना के माध्यम से एमएसएमई सेक्टर को ऋण देने संबंधी दिशा-निर्देशों में संशोधन किया है। ये संशोधन 01 अप्रैल 2026 से प्रभावी होंगे। संशोधन के तहत बैंकों को निर्देश दिया गया है कि वे मझौले और छोटे उद्यमों से 20 लाख रुपये के ऋण के लिए रेहन स्वीकार नहीं करेंगे। साथ ही, खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग के प्रशासनाधीन प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम द्वारा वित्त पोषित इकाइयों को भी बैंक 20 लाख रुपये तक रेहन-मुक्त ऋण की सुविधा देंगे। बैंक अपनी आंतरिक नीति के आधार पर अच्छे ट्रैक रिकॉर्ड वाले मझौले तथा छोटे उद्यमों के लिए रेहन-मुक्त ऋण की सीमा बढ़ाकर 25 लाख रुपये भी कर सकते हैं। आरबीआई ने कहा है कि जहां भी योग्यता बनती हो, बैंक दिये गये रेहन-मुक्त ऋण पर क्रेडिट गारंटी योजना का लाभ उठा सकते हैं। संशोधनों में प्रावधान किया गया है कि बैंक रेहन-मुक्त सीमा तक दिये गये ऋण के बदले यदि उधारकर्ता से रेहन के रूप में सोना या चांदी स्वीकार करते हैं तो इसे दिशा-निर्देशों का उल्लंघन नहीं माना जायेगा।

# विशिष्ट इस्पात के लिए पीएलआई योजना 1.2 की शुरुआत



**नयी दिल्ली (वार्ता)।** सरकार ने आयात पर निर्भरता कम करने के लिए विशिष्ट श्रेणी के इस्पात के लिए उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना 1.2 की सोमवार को शुरुआत की। योजना का उद्देश्य उच्च मूल्य वाले उन विशिष्ट श्रेणी के इस्पात के घरेलू निर्माण को प्रोत्साहित करना है जिनके लिए इस समय हम पूरी तरह से आयात पर निर्भर हैं। इस्पात एवं भारी उद्यम मंत्री एच.डी. कुमारस्वामि की मौजूदगी में यहां विज्ञान भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में योजना की शुरुआत की गयी।

इस मौके पर कई कंपनियों के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर भी किये गये। श्री कुमारस्वामि ने कहा कि देश में विशिष्ट श्रेणी के इस्पात के निर्माण के लिए मजबूत और वैश्विक प्रतिस्पर्धी पारितंत्र तैयार करने की दिशा में पीएलआई 1.2 एक महत्वपूर्ण कदम है। यह योजना आधुनिक और रणनीतिक इस्पात उत्पादों के लिए घरेलू क्षमता निर्माण को बढ़ावा देकर मेक-इन-इंडिया और आत्मनिर्भर भारत की राष्ट्रीय प्राथमिकताओं को बढ़ावा देती है। मंत्रालय ने बताया कि पीएलआई 1.2 के तहत आज 55 कंपनियों के साथ 85 एमओयू पर हस्ताक्षर किये गये। कंपनियों ने 11,887 करोड़ रुपये रुपये के निवेश की प्रतिबद्धता जतायी। इन परियोजनाओं से वित्त वर्ष 2030-31 तक विशिष्ट श्रेणी के 87 लाख टन इस्पात निर्माण की क्षमता विकसित होने की उम्मीद है। इन 55 कंपनियों ने इलेक्ट्रिकल इस्पात, मिश्रधातु और स्टेनलेस स्टील, कोटिंग वाले उत्पाद और रणनीतिक सेक्टरों की जरूरत वाले इस्पात निर्माण की प्रतिबद्धता जतायी है।

# शेयर बाजारों में चौतरफा लिवाली

## एक महीने के उच्चतम स्तर पर प्रमुख सूचकांक

**मुंबई (वार्ता)।** अमेरिका के साथ अंतरिम व्यापार समझौते से उत्साहित निवेशकों की लिवाली और विदेशों से मिले सकारात्मक संकेतों से घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को लगातार दूसरे दिन तेजी रही और प्रमुख सूचकांक एक महीने के उच्चतम स्तर पर बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 485.35 अंक (0.58 प्रतिशत) की बढ़त में 84,065.75 अंक पर पहुंच गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 173.60 अंक यानी 0.68 प्रतिशत ऊपर 25,867.30 अंक पर बंद हुआ। यह दोनों



सूचकांकों का 08 जनवरी के बाद का उच्चतम स्तर है।

अमेरिका और भारत के बीच अंतरिम व्यापार समझौते पर दोनों देशों की ओर से 07 फरवरी को जारी साझा बयान में समझौते की मुख्य शर्तों का खुलासा किया गया। इससे बाजार में निवेश धारणा को मजबूती मिली और सभी सूचकांकों में तेजी देखी गयी। मझौली और छोटी कंपनियों में निवेशकों ने ज्यादा विश्वास दिखाया। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.33 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 2.64 प्रतिशत की बढ़त में रहा।

सभी सेक्टरों के सूचकांक हरे निशान में बंद हुए। सार्वजनिक बैंक, वित्त, मीडिया, धातु, फार्मा, रियलटी, स्वास्थ्य, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और रसायन समूहों के सूचकांकों में ज्यादा तेज रही।

एनएसई में जिन 3,304 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ उनमें 2,484 के शेयर बढ़त में और 727 के गिरावट में बंद हुए। अन्य 93 कंपनियों के शेयर दिन भर के उतार-चढ़ाव से होते हुए अंततः अपरिवर्तित रहे। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 22 के शेयर हरे निशान में रहे। भारतीय स्टेट बैंक का शेयर 7.46 प्रतिशत उछल गया। टाइटन में 2.78 फीसदी, टाटा स्टील में 2.56, अल्ट्राटेक सीमेंट में 2.52, इटरनल में 1.91, बीईएल में 1.85, कोटक महिंद्रा बैंक में 1.52, ट्रेंट में 1.30, एलएंडटी में 1.12 और इंडिगो में 1.08 प्रतिशत की बढ़त रही। महिंद्रा एंड महिंद्रा, अडानी पोर्ट्स, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एशियन पेंट्स, सनफार्मा, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और हिंदुस्तान यूनीलिवर के शेयर भी हरे निशान में बंद हुए।

पावर ग्रिड में 1.11 प्रतिशत और आईटीसी में 1.07 प्रतिशत की गिरावट रही। एनटीपीसी, आईसीआईसीआई बैंक, इंफोसिस और एचडीएफसी बैंक के शेयर भी नीचे बंद हुए। वैश्विक स्तर पर एशिया में जापान का निक्केई 3.89 प्रतिशत, हांगकांग का हैंगसेंग 1.76 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 1.41 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 0.44 फीसदी और ब्रिटेन का एफटीएसई 0.25 प्रतिशत की तेजी में था।

# 12वीं की छात्रा ने मंदिर में रखी चूहामार दवा को भभूत समझकर खाया, मौत

भोपाल (नगर संवाददाता)

**भोपाल ।** राजधानी के ईटखेड़ी थाना क्षेत्र से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहाँ लांबाखेड़ा निवासी एक 17 वर्षीय छात्रा ने अनजाने में चूहा मारने वाली दवा को मंदिर की भभूत समझकर खा लिया। कई दिनों तक चले इलाज के बाद सोमवार सुबह हमीदिया अस्पताल में छात्रा ने दम तोड़ दिया। 10 फरवरी से छात्रा की बोर्ड परीक्षाएं शुरू होने वाली थीं, लेकिन इस हादसे ने परिवार की खुशियां मातम में बदल दीं।

**पूजा के दौरान हुई जानलेवा चूक :** पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मृतिका की पहचान वैष्णवी सेन (17), पुत्री मनोज सेन के रूप में हुई है। घटना 26 जनवरी की है। वैष्णवी की माँ ने घर में चूहों के आतंक से परेशान होकर मंदिर के पास पाउडर वाली चूहामार दवा रखी थी। पूजा करने पहुँची वैष्णवी ने वहां रखे पाउडर को भभूत समझकर माथे पर लगाया और उसका सेवन कर लिया। छात्रा को इस बात का जरा भी अंदाजा नहीं था कि वह जिसे प्रसाद समझ रही है, वह वास्तव में जहर है।

### कोचिंग से लौटने पर खुला राज

दवा खाने के बाद वैष्णवी कोचिंग चली गई थी। वहां से लौटने पर उसे लगातार उल्टियां होने लगीं और तबीयत बिगड़ गई। जब परिजनों ने उससे पूछा, तब उसने बताया कि उसने मंदिर में रखी भभूत खाई थी। माँ को तुरंत आभास हुआ कि बेटी ने गलती से कीटनाशक खा लिया है।

**■ इलाज में उतार-चढ़ाव और मौत**

परिजन उसे तत्काल भानपुर के एक निजी अस्पताल ले गए, जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद उसे छुट्टी दे दी गई थी। लेकिन घर लौटने के कुछ दिन बाद उसकी हालत फिर से बिगड़ने लगी। तीन दिन पहले उसे गंभीर हालत में हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहाँ सोमवार सुबह इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई।

**■ पुलिस की कार्रवाई**

एएसआई एस.के. बाजपेयी ने बताया कि पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम करा लिया है। शव परिजनों को सौंप दिया गया है और मामले की विस्तृत जांच जारी है।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने परीक्षा से पहले विद्यार्थियों से की रूबरू चर्चा, सुभाष स्कूल में विद्यार्थियों से किया संवाद

# परीक्षा एक पड़ाव मात्र है, अंतिम लक्ष्य नहीं: सीएम

भोपाल (नगर संवाददाता)






**भोपाल ।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आज के विद्यार्थी ही देश का भविष्य हैं। देश की बागडोर आगे चलकर इन्हें ही संभालनी है। इसलिए सभी विद्यार्थी अपने कौशल, ज्ञान और प्रदर्शन में निरंतर सुधार कर खुद को निखारें। परीक्षा की तैयारी पूरी मेहनत और लगन से करें, तनाव बिलकुल भी न लें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि परीक्षा हमारे जीवन का एक पड़ाव मात्र है, अंतिम लक्ष्य नहीं। मेहनत करना आपकी आदत में होना चाहिए, लेकिन तनाव को खुद पर हावी न होने दें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विद्यार्थियों के लिए परीक्षा के वक्त आत्मविश्वास, अनुशासन और संतुलित दिनचर्या ही सफलता की अंतिम कुंजी है। स्वयं पर सदैव विश्वास बनाए रखें, किसी बात से डरकर नहीं, डटकर आगे बढ़िए और अपने सभी सपनों को साकार कीजिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को शासकीय सुभाष उच्चतर माध्यमिक उत्कृष्ट विद्यालय में बोर्ड परीक्षाओं से पहले परीक्षा पर संवाद - 2026 कार्यक्रम में विद्यार्थियों को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विद्यार्थियों को बेहतर तैयारी के लिये मार्गदर्शन भी दिया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी विद्यार्थियों से परीक्षा के समय खुद को तनाव से दूर रखते हुए निरंतर भरपूर मेहनत करने और जितना भी हो सके, अच्छे अंक लाने की अपील की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विद्यार्थियों को समय प्रबंधन, नियमित अभ्यास और किसी भी हालात में खुद पर विश्वास बनाए रखने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि असफलता से घबराने की बजाए उससे सीख लेकर आगे बढ़ना ही एक सशक्त व्यक्तित्व की पहचान है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारी सरकार शिक्षा व्यवस्था को सशक्त बनाने के लिए हरसंभव कोशिश कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विद्यार्थियों से सीधा संवाद कर उनकी जिज्ञासाओं को ध्यानपूर्वक सुना और उन्हें सकारात्मक सोच के साथ अपना भविष्य बनाने की दिशा में आगे बढ़ने की समझाइश दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को अपने बीच पाकर विद्यार्थियों में भारी उमंग और उत्साह देखने को मिला। मुख्यमंत्री डॉ. यादव से सीधे संवाद का अवसर पाकर विद्यार्थियों ने बेहिचक सवाल किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भी एक गुरू, एक शिक्षक, एक अभिभावक और एक मनोविज्ञान विशेषज्ञ की भांति पहले विद्यार्थियों के मन का भाव जाना, उनसे खुलकर बात की, फिर पूछे गए सभी सवालों के जवाब दिए। विद्यार्थियों ने अपनी परीक्षा की तैयारियों और इस दौरान आई कठिनाईयां भी शेयर की।

स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा कि परीक्षा हर वर्ष एक चुनौती की तरह होती है। विद्यार्थियों को समुचित समय नियोजन करते हुए अपनी तैयारियों पर ध्यान देना चाहिए और तनाव को खुद पर हावी नहीं होने देना चाहिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आरंभ में मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर विद्यार्थियों से संवाद की शुरूआत की। कार्यक्रम में सचिव स्कूल शिक्षा डॉ. संजय गोयल, आयुक्त लोक शिक्षण श्रीमती शिल्पा गुप्ता सहित सुभाष स्कूल के प्राचार्य, सभी शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

### विद्यार्थी पढ़ाई का एक शेड्यूल निर्धारित करें

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि परीक्षा के समय सभी विद्यार्थी पर्याप्त नींद लें। पढ़ाई का एक शेड्यूल निर्धारित करें। किसी विषय के अध्ययन के बाद उस पर चिंतन-मनन की आदत डालें। केवल अक्षर ज्ञान ही पर्याप्त नहीं है। विद्यार्थियों को अपने मित्रों और शिक्षकों के साथ पाठ्यक्रम के विषयों पर चर्चा करनी चाहिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने छात्रा लक्ष्मी तिवारी के प्रश्न पर कहा कि माता-पिता और बच्चों के बीच परस्पर संवाद होते रहना चाहिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विद्यार्थियों से पूछा कि परीक्षा से कौन-कौन डरते हैं या किसको डर नहीं लगता है इस पर छात्र आदित्य ने कहा कि रेगुलर तैयारी करेंगे तो परीक्षा से बिल्कुल भी डर नहीं लगेगा। सिलेबस को डिवाइड कर रिवीजन करना चाहिए। छात्रा सरस्वती ने कहा कि हमें परीक्षा देते समय खुद पर विश्वास रखना चाहिए, क्योंकि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा है कि परीक्षा एक उत्सव की तरह है।

# केंद्रीय बजट के अनुरूप परियोजनाओं और योजनाओं के प्रस्ताव भेजने के निर्देश

## मुख्य सचिव जैन ने की विस बजट सत्र की तैयारियों के साथ शासकीय योजनाओं की समीक्षा

भोपाल (नगर संवाददाता)



**भोपाल । मुख्य सचिव अनुराग जैन ने विभाग अध्यक्षों सहित अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव और सचिव से अपेक्षा की है कि वे केंद्रीय बजट के प्रावधानों के अनुरूप परियोजनाएं और योजनाएं तैयार कर भारत सरकार को भेजें इससे मध्यप्रदेश के प्राथमिकता क्षेत्र को अत्यधिक लाभ मिल सके। मंत्रालय में सोमवार को बैठक में मध्यप्रदेश विधान सभा के बजट सत्र की तैयारियों, वर्तमान वित्तीय वर्ष के लक्ष्यों की पूर्ति, सुशासन के बिंदुओं सहित मंत्रि-परिषद के निर्णयों के पालन की समीक्षा की।**

मुख्य सचिव श्री जैन ने मध्यप्रदेश विधानसभा के आगामी बजट सत्र की तैयारियों की समीक्षा कर निर्देश दिए हैं कि पिछले सत्रों के शून्यकाल सूचनाओं सहित अपूर्ण उत्तर वाले प्रश्न, आश्वासन और लोक लेखा समिति की अनुशंसाओं के लंबित मामले यथाशीघ्र पूर्ण करें। उन्होंने विभागीय परामर्शदात्री समितियों की बैठक करने के साथ ही विधानसभा को विभागीय प्रशासकीय प्रतिवेदन उपलब्ध करवाने के लिए कहा है।

**वार्षिक पूंजीगत खर्चों की समीक्षा :** मुख्य सचिव श्री जैन ने कहा कि आर्थिक ग्रोथ में पूंजीगत खर्चों का अहम योगदान होता है। अपर मुख्य सचिव श्री मनीष रस्तोगी ने बताया कि अन्य वर्षों की तुलना में इस वित्त वर्ष में पूंजीगत खर्चों में वार्षिक लक्ष्यों की पूर्ति बेहतर है। मुख्य सचिव श्री जैन ने ऐसे विभाग जिनमें अभी भी राशि उपलब्ध है, उनसे कहा है कि इस वित्त वर्ष की शेष अवधि के लिए साप्ताहिक प्लान बनाकर वास्तविक व्यय सुनिश्चित करें।

### केंद्रीय बजट प्रस्ताव पर विमर्श

मुख्य सचिव श्री जैन ने निर्देशित किया कि हाल में आए केंद्र सरकार के बजट के प्रावधानों के अनुरूप मध्यप्रदेश में सिटी इकोनॉमिक रीजन, डेडीकेटेड केमिकल और पेट्रोकेमिकल पार्क और मेगा टेक्सटाइल पार्क सहित अन्य परियोजनाओं के प्रस्ताव तैयार करे। उन्होंने कहा कि भारत सरकार के दिशा निर्देशों को भी समाहित कर यथाशीघ्र प्रस्ताव भेजे जाए।

### सुशासन पर जोर

मुख्य सचिव श्री जैन ने कहा कि आमजन की सेवाओं और सुविधाएं राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में है। उन्होंने कहा कि रजिस्ट्री के बाद और अविवादित नामांतरण समय सीमा में होना ही चाहिए। मुख्य सचिव श्री जैन लोकसेवा गारंटी अधिनियम में अधिसूचित सेवाओं में नागरिकों के आवेदन समय सीमा में निराकृत करने के निर्देश दिए। उन्होंने साप्ताहिक समीक्षा में इसे सर्वोच्च प्राथमिकता में रखने के लिए कहा है। मुख्य सचिव श्री जैन ने अधिसूचित 735 में से 135 अन्य सेवाओं को भी ऑनलाइन करने और जो सेवाएं अब प्रचलन में नहीं हैं,उन्हें पृथक करने की जरूरत बताई। उन्होंने सी.एम हेल्प लाइन के प्रकरणों के निराकरण में भी सर्वोच्च प्राथमिकता रखने के लिए कहा है।

### पीएम प्रगति में प्रदेश अग्रणी

मुख्य सचिव श्री जैन ने पीएम प्रगति पोर्टल पर मध्यप्रदेश के बेहतर प्रदर्शन की जानकारी देते हुए अधिकारियों को धन्यवाद दिया। उन्होंने इसी तरह की कार्य प्रणाली सीएम मॉनिटरिंग में अपनाने की अपेक्षा की है। मुख्य सचिव श्री जैन ने अधिकारियों से कहा कि उनके कार्यालय के सभी कार्य ई- आफिस प्रणाली पर ही हों, यह सुनिश्चित किया जाए। भौतिक रूप से फाइलों का संचालन नहीं होना चाहिए। उन्होंने मंत्रि-परिषद की विभिन्न बैठकों में लिए गए निर्णयों के पालन की समीक्षा भी की। मुख्य सचिव श्री जैन गत एक वर्ष में नई नीतियों के लागू होने,क्रियान्वयन की स्थिति और लाभ के आंकलन और अध्ययन के निर्देश भी दिए। मुख्य सचिव श्री जैन ने सभी विभागाध्यक्ष से कहा कि वे उनके विभागों के निगम,मंडल और बोर्ड की समीक्षा करने के साथ ही वित्त आयोग की अनुशंसाओं की समीक्षा भी करें।



# बीएसएसएस के छात्रों ने सांची स्तूप और उदयगिरि गुफाओं का किया अवलोकन

भोपाल (नगर संवाददाता)

**भोपाल ।** भोपाल स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज के पर्यटन छात्रों ने वाणिज्य विभाग द्वारा आयोजित और मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड द्वारा प्रायोजित पर्यटन गांव गदरखेड़ी और भरतीपुर का एक ज्ञानवर्धक एक दिवसीय ज्ञान दौरा किया, साथ ही ऐतिहासिक सांची स्तूप और उदयगिरि गुफाओं का भी दौरा किया।

इस दौरे का उद्देश्य राज्य की ग्रामीण और विरासत पर्यटन पहलों पर अनुभवात्मक शिक्षा प्रदान करना था। इस ज्ञान दौरे में बीएसएसएस से डॉ. सुषमा सुनीता तिर्की, श्रीमती प्रियंका सिन्हा और पूजा मिश्रा, प्रोजेक्ट एग्जीक्यूटिव- स्किल, मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड भी साथ थे। गदरखेड़ी होमस्टे, जिसका नाम जयंशी होमस्टे और सोनाली जंगल होमस्टे है, के दौरे ने छात्रों को समुदाय-आधारित पर्यटन से परिचित कराया, जिसमें मेजबान परिवारों, कारीगरों और स्वयं सहायता समूहों के साथ बातचीत के माध्यम से स्थानीय संस्कृति, कृषि पर्यटन, व्यंजन और ग्रामीण जीवन शैली को दिखाया गया।

# भारत के पहले वन-स्टॉप क्राइसिस सेंटर का एक्सपोजर विजिट




**भोपाल ।** भोपाल स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज के सोशल वर्क डिपार्टमेंट ने बीएसडब्ल्यू और एमएसडब्ल्यू स्टूडेंट्स के लिए जेपी हॉस्पिटल, भोपाल में स्थित गौरवी—भारत के पहले वन-स्टॉप क्राइसिस सेंटर का एक एक्सपोजर विजिट आयोजित किया। इस विजिट का मकसद स्टूडेंट्स को हिंसा से प्रभावित महिलाओं के लिए उपलब्ध इंटीग्रेटेड सपोर्ट सिस्टम का प्रैक्टिकल अनुभव देना था। स्टूडेंट्स ने पीड़ितों को पूरी देखभाल सुनिश्चित करने के लिए एक ही छत के नीचे दी जाने वाली कानूनी सहायता, मेडिकल सहायता, मनोवैज्ञानिक काउंसलिंग और पुनर्वास सहायता जैसी सेवाओं को सीधे समझा। एक्शनएड इंडिया के गगनदीप सिंह ने इस विजिट को कोऑर्डिनेट किया और स्टूडेंट्स और सेंटर के बीच बातचीत को आसान बनाया। गौरवी के स्टाफ ने स्टूडेंट्स को ऑपरेशनल फ्रेमवर्क, केस मैनेजमेंट प्रोसेस और पीड़ितों को सपोर्ट करने में शामिल इंटर-डिपार्टमेंटल कोऑर्डिनेशन के बारे में बताया। संबल झा ने एक स्पेशल सेशन लिया, जिसमें उन्होंने पॉलिसी लागू करने के बारे में बात की और पॉलिसी बनाने वालों के रूप में सोशल वर्कर्स की भूमिका पर ज़ोर दिया।

# गुढ़ इंडस्ट्रियल एरिया का विकास रीवा के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में अहम : उप मुख्यमंत्री शुक्ल

## नगर परिषद गुढ़ एवं औद्योगिक क्षेत्र में जल प्रदाय योजना कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के दिए निर्देश

भोपाल (नगर संवाददाता)



**भोपाल ।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंत्रालय में रीवा जिले के गुढ़ स्थित इंडस्ट्रियल एरिया में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने नगर परिषद गुढ़ एवं औद्योगिक क्षेत्र गुढ़ में महत्वाकांक्षी जल प्रदाय योजना के कार्यों को शीघ्र क्रियान्वित करने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि 16 करोड़ लागत की इस महत्वाकांक्षी परियोजना में अब तक सिर्फ 7 करोड़ लागत का कार्य ही हो सका है। इस परियोजना से 5 एमएलडी जल नगर परिषद गुढ़ को और 5 एमएलडी जल औद्योगिक क्षेत्र गुढ़ को प्राप्त होगा। इस प्रोजेक्ट के पूर्ण होने से गुढ़ क्षेत्र में जल प्रदाय व्यवस्था सुदृढ़ होगी साथ ही औद्योगिक क्षेत्र का भी विकास होगा।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि किसी भी औद्योगिक क्षेत्र के समुचित विकास के लिए बिजली, पानी, सड़क, ड्रेनेज जैसी मूलभूत सेवाओं का सुदृढ़ होना अनिवार्य है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गुढ़ इंडस्ट्रियल एरिया के विकास कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए और बिजली, सड़क, जल एवं अन्य आवश्यक सेवाओं के विस्तार के लिए तत्काल और प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। साथ ही उन्होंने उच्च अधिकारियों को निर्देशित किया कि विकास कार्यों की नियमित समीक्षा की जाए। उन्होंने कहा कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं है।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि गुढ़ इंडस्ट्रियल एरिया का समग्र विकास न केवल रीवा जिले की औद्योगिक पहचान को मजबूत करेगा, बल्कि इससे स्थानीय युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसरों का सृजन होगा। उद्योगों की स्थापना से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष दोनों प्रकार के रोजगार बढ़ेंगे, जिससे क्षेत्र की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। उन्होंने यह भी कहा सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। बैठक में मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम (एमपीआईडीसी) के प्रबंध संचालक श्री चंद्रमौली शुक्ला सहित विभागीय वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# एमपी ट्रांसको के नवाचार को मिली देश के पॉवर सेक्टर में ख्याति

भोपाल (नगर संवाददाता)

**भोपाल ।** मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) के ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेंस इंजीनियरों द्वारा विकसित एक नवाचार को राष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण मान्यता प्राप्त हुई है। केन्द्र सरकार के केंद्रीय सिंचाई एवं विद्युत बोर्ड (सीबीआईपी) तथा पेरिस स्थित इंटरनेशनल काउंसलिंग ऑन लार्ज इलेक्ट्रिकल सिस्टम (सिगरे) की भारतीय इकाई, सिगरे इंडिया द्वारा विकास भवन, नई दिल्ली में आयोजित नेशनल कांफ्रेस में इस नवाचार से संबंधित शोधपत्र एमपी ट्रांसको के इंजीनियर्स विकास भारिया, जितेन्द्र तिवारी एवं आशुतोष राय ने प्रस्तुत किया।

एमपी ट्रांसको द्वारा विकसित यह नवाचार ट्रांसमिशन लाइनों पर पिट आधारित अर्थिंग से संबंधित है। इस तकनीक के माध्यम से लगभग 35 वर्षों से अधिक पुरानी ट्रांसमिशन लाइनों पर दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र में आकाशीय बिजली (लाइटनिंग) के दौरान होने वाली ट्रिपिंग एवं ब्रेक डाउन की घटनाओं को सीमित करने में उल्लेखनीय सफलता मिली है।

**शोधपत्र प्रकाशन के लिए चयन :** एमपी ट्रांसको के इस प्रस्तुतीकरण एवं ट्रांसमिशन लाइनों के लिए अत्यंत उपयोगी इस नवाचार को देश के विभिन्न पॉवर सेक्टर संगठनों एवं राष्ट्रीय संस्थाओं द्वारा सराहना प्राप्त हुई है। इस शोधपत्र को विश्व की प्रतिष्ठित पॉवर मैगजीन सिगरे इंडिया में प्रकाशन के लिए चयनित किया गया है।

# मंत्री सारंग ने सहकारिता में नवाचार-उपलब्धियों का प्रजेंटेशन तैयार करने के दिए निर्देश

## केंद्रीय सहकारिता मंत्री शाह की अध्यक्षता में नई दिल्ली में होगी समीक्षा

भोपाल (नगर संवाददाता)



**भोपाल ।** सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने मध्यप्रदेश सहकारिता विभाग में किये गये नवाचार एवं उपलब्धियों से संबंधित प्रजेंटेशन तैयार करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा है कि केन्द्र सरकार द्वारा चाही गयी बिन्दुवार जानकारी तैयार की जाये। जानकारी पूर्णत: अद्यतन हो, इस बात का विशेष ध्यान रखा जाये। मंत्री श्री सारंग सोमवार को मंत्रालय में सहकारिता विभाग की समीक्षा कर रहे थे। बैठक केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह की अध्यक्षता में 17 फरवरी को नई दिल्ली में होने वाले प्रस्तावित सम्मेलन के परिप्रेक्ष्य में आयोजित की गयी थी।

मंत्री श्री सारंग ने कहा कि प्रजेंटेशन में सहकारिता विभाग की विशेषताएँ एवं उपलब्धियों सहित सीपीपीपी मॉडल, चीता बीज और नवाचारों का भी समावेश किया जाये। अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष में किये गये सर्वोत्तम कार्यों की जानकारी भी दी जाये। उन्होंने कहा कि डेयरी क्षेत्र में सर्कुलेरिटी एवं सस्टेनेबिलिटी का भी समावेश किया जाये। सहकारिता में सहकार अभियान के तहत दुग्ध, मत्स्य सहित अन्य सहकारी संस्थाओं तथा उनके सदस्यों के खातों की संख्या दर्शाई जाये। प्रचार-प्रसार की दृष्टि से किये गये प्रयासों को भी बतायें।

# मध्यप्रदेश वित्त निगम द्वारा भोपाल में कैम्प का आयोजन

**भोपाल ।** मध्यप्रदेश वित्त निगम भोपाल झोन के समक्ष समस्त RRC प्रकरणों को एक मुश्त समझौता योजना के अन्तर्गत निपटारे के लिए कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। B-6, द्वितीय तल, प्लेटिनम प्लाजा, माता मंदिर, भोपाल स्थित झोनल कार्यालय में दिनांक 17 एवं 18 फरवरी 2026 को दोपहर 12:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक आयोजित किया जायेगा। म.प्र. वित्त निगम की एम.डी. श्रीमती वंदना वैद्य ने बताया है कि समस्त ऋण ग्रहिताओं को सूचित किया गया है कि कैंप में उपस्थित होकर निगम की एक मुश्त समझौता योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

# टोल-फ्री नंबर 1962 बना लाइफ लाइन, घोड़े के बच्चे को मिला नया जीवन

भोपाल (नगर संवाददाता)

## फोन आते ही फरिश्ता बनकर पहुंचे डॉक्टर, किया उपचार



**भोपाल ।** पशुओं को सही समय पर घर पर ही बेहतर इलाज की सुविधा मिले, इसके लिए पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा 1962 टोल फ्री नंबर का संचालन किया जा रहा है। चलित पशु एंबुलेंस चलाई जा रही है। खण्डवा जिले के खानशाहवली निवासी सैयद वसीम रजा के घोड़े के बच्चे कबीर के लिए प्रदेश सरकार का टोल फ्री नंबर लाइफ लाइन बना। समय पर उपचार मिलने की वजह से उसे नया जीवन मिला। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का पशु चिकित्सा हेल्पलाइन 1962 सुविधा के लिए वसीम और उनके परिवारजन ने आभार प्रकट किया है।

खण्डवा के खानशाहवली क्षेत्र के निवासी सैयद वसीम रजा लगभग 5 माह पूर्व घोड़े का एक बच्चा लाए और उसका नाम कबीर रखा। घर में बच्चे की तरह कबीर का लालन पालन हो रहा था, और घर के सभी सदस्य उसे बच्चे जैसा दुलार करते। कुछ दिन पूर्व कबीर को जुएं पड़ गई। रविवार शाम को वसीम ने मेडिकल स्टोर से जूं नाशक दवा लाकर कबीर के शरीर पर दवा लगा दी। वसीम ने दवा तो लगा दी, लेकिन वह कबीर के मुंह को कवर करना भूल गया। कबीर ने अपने शरीर पर लगी जुंआ नाशक विषैली दवा चाटना शुरू कर दिया। कुछ ही देर में विषैली दवा ने असर दिखाया और कबीर को बैचेनी होने लगी और वह लोटपोट होने लगा और उसके मुंह से झाग आने लगा। घर के सदस्यों ने यह सब देखा, तो घबरा गए।

वसीम को इसकी खबर लगी तो वह तुरंत घर आया और टोल-फ्री नम्बर 1962 पर फोन लगाकर पशुओं के उपचार हेतु उपलब्ध शासन की एम्बुलेंस सुविधा के लिए कॉल किया। कुछ ही देर में पशु चिकित्सक डॉ. कौस्तुभ त्रिवेदी एम्बुलेंस सहित अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और उन्होंने अपना इलाज शुरू किया। डॉ. त्रिवेदी ने एम्बुलेंस पैरावेट स्टॉफ सुश्री विधि पटेल, एवं अटेण्डेंट श्री नीलेश विश्वकर्मा के सामूहिक प्रयासों से लगभग आधे घंटे के उपचार के बाद कबीर को आराम मिलना शुरू हो गया और धीरे धीरे वह बिल्कुल स्वस्थ हो गया। वसीम और उसका परिवार कबीर की जान बचाने के लिए पशु चिकित्सक डॉ. त्रिवेदी और उनके सहयोगी स्टॉफ की सराहना करते नहीं थकते हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नवीन आनंद जोशी द्वारा सुपर प्रिंटिंग प्रेस, 17 चौकी तलैया, भोपाल से मुद्रित एवं ई-100/22, शिवाजी नगर, भोपाल म.प्र. से प्रकाशित। सम्पादक- नवीन आनंद जोशी। समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल न्यायालय रहेगा।